# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | रायपुर, बुधवार 2 अप्रैल 2025






# बम्लेश्वरी मंदिर की अद्भुत छटा...






### पंचमी पर आज होगा विशेष श्रृंगार

**राजनांदगाँव।** पहाड़ों पर विराजी मां बम्लेश्वरी मंदिर की आसमान से दिख रही अदभुत छटा को निहारना सभी के लिए संभव नहीं है। मां के मंदिर की सजावट और चारों ओर मां के औरा की खूबसूरत छवि आदित्य मिश्रा ने ली है। नवरात्र पर्व के तहत काल दो अप्रैल को पंचमी मनायी जानी है। जिसके चलते मंगलवार की देर शाम से ही डोंगरगढ़ स्तिथ माँ बम्लेश्वरी मंदिर में भक्तों की लंबी क़तार देखने को मिली। सुबह से लेकर देर शाम तक हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं से माता के दर्शन किए। इसके साथ ही मेला स्थल में भी काफ़ी भीड़ रही। ज्ञात हो कल पंचमी के अवसर पर मां का विशेष श्रृंगार किया जाएगा।



## खबर संक्षेप

### नदी में डूबने से चौथी के आदिवासी छात्र की मौत



**कोण्टा।** कोण्टा विकासखंड के राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर संचालित इंजरम बालक आश्रम के छात्र की शबरी नदी में डूबकर मौत हो गई। इससे जनप्रतिनिधियों एवं परिजनों में आक्रोश है। सोमवार को कक्षा चौथी के छात्र की नदी में डूबने से मौत हो गई। शव का पोस्टमार्टम कर आज मृत छात्र के शव को परिजनों को सौंप दिया गया । छात्र नवीन ग्राम पंचायत मराईगुड़ा नं. 1 का रहने वाला था।

### मिलर्स ने 32 फीसदी चावल जमा किया, अटकेगा राशन



**राजनांदगांव।** पांच महीने में जिले के राईस मिलर्स द्वारा महज 32 फीसदी ही चावल जमा किया गया है। जबकि इस अवधि में इससे दोगुना चावल जमा हो जाना चाहिए था। मिलर्स द्वारा चावल जमा नहीं करने के चलते पीडीएस के जरिये राशन वितरण प्रभावित हो सकता है। मई-जून महीने के लिए खाद्य विभाग के पास स्टॉक उपलब्ध नहीं है। अनुबंध के अनुसार प्राप्त धान के एवज में सभी राईस मिलर्स को 1 क्विंटल अरवा धान के बदले 67 किलो चावल और 1 क्विंटल उसना धान के बदले 68 किलो चावल जमा करना था।

### बर्ड फ्लू : एक किमी इन्फेक्टेड और 10 किमी सर्विलेन्स जोन घोषित

# मुर्गे-मुर्गियां, चूजे, बटेर, अंडे सहित 34 हजार से अधिक पोल्ट्री उत्पाद को किया गया नष्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बैकुण्ठपुर

जिला मुख्यालय बैकुंठपुर स्थित शासकीय कुक्कुट पालन प्रक्षेत्र में बर्ड फ्लू (एवियन इन्फ्लूएंजा) की पुष्टि होते ही प्रशासन सतर्क हो गया है। जिला प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक किमी की परिधि को इन्फेक्टेड जोन और 10 किमी की परिधि को सर्विलांस जोन घोषित कर दिया है।

**खास बातें**

- पोल्ट्री उत्पादों की खरीद-बिक्री पर सख्त प्रतिबंध
- कोरिया जिले में बर्ड फ्लू की पुष्टि के बाद प्रशासन अलर्ट मोड पर

मंगलवार की सुबह 10:45 बजे कलेक्टर चंदन त्रिपाठी ने प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि बर्ड फ्लू संक्रमण को नियंत्रित करने के लिए इन्फेक्टेड जोन में पोल्ट्री उत्पादों की आवाजाही पूर्णतः प्रतिबंधित कर दी गई है। वहीं सर्विलेन्स जोन में मुर्गा, अंडा और अन्य पोल्ट्री उत्पादों के बाजार एवं दुकानों को बंद कर दिया गया है, इसके अलावा डोर-टू-डोर डिलीवरी पर भी सख्त रोक लगा दी गई है। प्रशासन ने संक्रमण को नियंत्रित करने के लिए सूरजपुर, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर और बिलासपुर मार्गों पर विशेष बैरियर लगाकर सघन जांच शुरू कर दी है। कलेक्टर ने नागरिकों से अपील की है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और न ही अफवाह फैलाएं। ऐसा करने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। किसी भी आपात स्थिति में नागरिक जिला कंट्रोल रूम 07836-232469 पर संपर्क कर सकते हैं।



### पोल्ट्री व्यावसायियों को मिलेगा मुआवजा

एक सवाल के जवाब में कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने बताया कि जिन निजी दुकानदारों से मुर्गी, चूजे विनष्ट किए जाएंगे, उन्हें नियमानुसार मुआवजा प्रदान किया जाएगा। बर्ड फ्लू के इस प्रकोप को रोकने के लिए प्रशासन ने सख्त और त्वरित कदम उठाए हैं, जिससे संक्रमण को नियंत्रित करने में सहायता मिलेगी।



### 7500 किलो कुक्कुट आहार भी विनष्टीकरण

बर्ड फ्लू की पुष्टि होने के बाद प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 2,487 पेरेंट्स स्टॉक मुर्गे/मुर्गियां, 2,448 बटेर पक्षी, 9,998 कुक्कुट चूजे, 19,095 अंडे, 200 बटेर अंडे को मिलाकर 34 हजार 228 पोल्ट्री उत्पाद नष्ट किए गए, इसके साथ ही 7,500 किलो कुक्कुट आहार का विनष्टीकरण कर दिया है। कलेक्टर ने बताया कि संक्रमण को रोकने के लिए सभी कर्मचारियों को ओसेल्टामिविर टेबलेट का नियमित वितरण किया जा रहा है।

### जब्त गांजे में से चोरी का मामला

## डायल 112 के दो आरक्षक सहित चार युवक गिरफ्तार



**भिलाई।** गांजा तस्करी मामले में दो आरक्षक और दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। घटना का खुलासा करते हुए एसपी जितेन्द्र शुक्ला और एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि 30 मार्च 2025 रात को फ्लाई ऐश रोड पुरैना में भिलाई तीन पुलिस के डायल 112 ने एक कार सीजी 22 एसी 5656 से भारी मात्रा में गांजा जब्त किया था। वाहन के भीतर तीन बोरी में 1 लाख 11 हजार 500 रुपए कीमत का 18.792 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ। वहीं एक बोरी गांजा को दूसरी जगह छिपाकर दो बोरी गांजा जब्ता दिखाया था। थाने लाने पर वाहन में सवार दोनों गांजा तस्करों से पूछताछ करने पर अपना नाम जोन 1 खुर्सीपार धीरेंद्र शर्मा, गायत्री नगर भिलाई तीन युवराज मेहता बताया। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार किया। पूछताछ में युवकों ने पुलिस को बताया एक बोरी गांजा पुलिस वालों ने गायब किया है।

### गांजा की बोरी को निकालकर अपने वाहन में डाल लिया था

एसपी ने बताया कि जब आरोपियों का मेमोरंडम बयान लिया गया तो उन्होंने बताया कि वाहन में तीन बोरी गांजा रखा हुआ था। जिस पुलिस वाले ने वाहन जब्त की, उसने दो बोरी गांजा को जब्ती में दिखाया है। जो एक लाल रंग की बोरी को गायब कर दिया। उसके भीतर तीन पैकेट में 2-2 किलोग्राम के गांजा था। आरोपियों ने बताया कि डायल 112 में तैनात पुलिस आरक्षक विजय धुरंधर और डायल 112 चालक अनिल कुमार टंडन ने गांजा की बोरी को निकालकर अपने वाहन में डाल लिया था। खुलासे में सीएसपी छावनी हरिश पाटिल, भिलाई तीन थाना प्रभारी महेश ध्रुव मौजूद थे।

# चोरी और भ्रष्टाचार करने वाले ही कहते हैं कि नगर निगम के पास पैसे नहीं है

*नगर निगम में चोरी और भ्रष्टाचार करने वाले ही यह कहते हैं कि पैसे नहीं है या फंड की कमी है। बिलासपुर नगर निगम सक्षम और आत्मनिर्भर है। बहुत से विकास कार्य नगर निगम बिलासपुर अपने फंड से करेगा। जहां आवश्यकता होगी ट्रिपल इंजन की सरकार है। पंचायत से लेकर प्रधानमंत्री तक भारतीय जनता पार्टी का है। पैसे की कोई कमी विकास में नहीं होगी। यह कहना है बिलासपुर नगर निगम की महापौर पूजा विधानी का। प्रस्तुत हैं हरिभूमि -आईएनएच के प्रधान संपादक डा. हिमांशु द्विवेदी से खास चर्चा के प्रमुख अंश।*

▸ **आपके लिए कितना अचंभित करने वाला रहा, जहां ढाई दशक पहले आप पार्षद थीं, वहां आज मेयर हैं ?**

▸▸ पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने मुझ पर भरोसा किया है तो यही चाहूंगी कि अच्छे से काम कर सकूं। अब तो चुनाव जीतकर मेयर बन चुकी हूं। अचंभा ये है कि मुझ पर इतनी बड़ी जिम्मेदारी है। यह एक तरह से कांटों का ताज भी है, जहां विकास की गति को 5 साल पीछे कर दिया गया है।

▸ **बिलासपुर राजनीतिक रूप से बड़ा सरगर्म इलाका है, भाजपा में भी यहां अलग-अलग समूह दिखाई देते हैं। ऐसा क्या कमाल रहा कि अमर अग्रवाल, धरमलाल कौशिक, सुशांत शुक्ला, धर्मजीत सिंह, सब एकराय रहे कि पूजा विधानी को प्रत्याशी बना दें ?**

▸▸ ये तो आप बताएंगे। आपको शीर्ष नेतृत्व से बात करना चाहिए। मैं यह बता सकती हूं कि बिलासपुर का संगठन हमेशा सर्वोपरि रहा है। एकराय पर चलते हैं, कहीं गुटबाजी नहीं है। लेकिन जब आरक्षण हुआ तो निश्चित रूप से लंबी लाइन थी। सबकी अपेक्षा होती है कि मौका मिले। लेकिन जब एक नाम तय हो गया तो सब लोग काम करते हैं।

▸ **बिलासपुर को खोदापुर के नाम से पुकारा गया, कितनी मुश्किल हो रही आपको बिलासपुर को सम्हालने में, क्यों यहां के लोग नाखुश रहते हैं ?**

▸▸ पिछले 5 साल से बिलासपुर विकास से अछूता रहा है। महापौर बनी हूं। पंच से लेकर पार्लियामेंट तक भाजपा की सरकार है। अच्छा ही होगा इन 5 सालों में।

▸ **क्या मूलभूत जरूरतें बिलासपुर की है, जिन्हें महापौर के रूप पूरा करना जरूरी लगता है ?**

▸▸ पानी की समस्या नए वार्ड बेलतरा, बिल्हा आदि में ज्यादा है। बिजली, सफाई जैसी मूलभूत समस्या है। बोर के माध्यम से पानी की व्यवस्था की जाएगी। अभी अमृत मिशन पार्ट 2 योजना भी आने वाली है। घर-घर पानी पहुंचाने की योजना है।

▸ **अमृत योजना कितनी व्यवहारिक है, हर घर नल से जल, केवल नारा है या आप उम्मीद करती हैं कि इसे व्यवहार में भी उतार दिया जाएगा ?**

▸▸ बिलकुल व्यवहार में उतारा जाएगा। अमृत मिशन 1 में पाइप लाइन विस्तार का काम हो रहा है। अमृत मिशन 2 का पैसा निगम में है भी। हम घर-घर पानी पहुंचाएंगे।

▸ **लेकिन पानी लाएंगे कहां से, नल-टोटी लग जाएंगे पर अरपा से रेत का अवैध उत्खनन आप रोक नहीं पाते,**




**वाटर लेवल नीचे जा रहा है। पानी रहे, इसके लिए क्या करेंगे ?**

▸▸ अरपा नदी को हम माता भी बोलते हैं, नाली का गंदा पानी फिल्टर कर रहे हैं। बाइपास का काम एक तरफ हो गया , दूसरी तरफ जल्दी होगा। अरपा को ही व्यवस्थित करके पानी सप्लाई करेंगे।

▸ **आपके जेहन में योजनाएं तो है और आप काम करना भी चाहती हैं। लेकिन संसाधनों की क्या स्थिति है ?**

▸▸ पंचायत से पार्लियामेंट तक सरकार है। फंड पर्याप्त है। प्लानिंग करके योजनाओं को जनता तक पहुंचाएंगे।

▸ **किस भरोसे में हैं आप, मुख्यमंत्री से पैसा ले आएंगी या प्रधानमंत्री से पैसा ले आएंगी। क्या मांग-मांगकर ही काम चलाना है या निगम को आत्मनिर्भर भी बनाना है ?**

▸▸ कर के रूप में अच्छी वसूली हो रही है। एक नारा हो गया है, निगम में पैसा नहीं है। हमारे पास बहुत पैसा है, हम आत्मनिर्भर हैं, बहुत सारा काम हम निगम फंड से करेंगे। चोरी और भ्रष्टाचार करने वाले कहते हैं निगम में पैसा नहीं है।

▸ **कांग्रेस की सरकार में बहुत अच्छी कर वसूली हुई। बहुत समृद्ध नगर निगम कांग्रेस से मिला है, कांग्रेस के कार्यकाल में यह एक काम तो अच्छा हुआ है, क्या आप ये बताना चाहती हैं ?**

▸▸ एक साल से जबसे सरकार आई है, निगम में कर की वसूली अच्छे से हुई है। पहले तो उनके पास कर्मचारियों को वेतन देने के लिए पैसा नहीं होता था। अभी वित्तीय स्थिति अच्छी है।

▸ **आपके पति भी निगम की राजनीति में सक्रिय रहे हैं तो बिलासपुर को क्या मिला है, महापौर मिला है या महापौर पति भी मिला है, कितना दखल रहेगा नगर निगम चलाने में ?**

▸▸ निगम चलाने में उनके अनुभव का पूरा लाभ मुझे मिलेगा।

▸ **लाभ आपको मिलेगा या शहरवासियों को भी मिलेगा, चुना एक है पर 2 लोग काम करते दिखेंगे ?**

▸▸ वो तो घर में रहेंगे, फील्ड में नहीं दिखेंगे। वो तो घर में सलाह देंगे।

## महिला सरपंच की धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या

**जशपुरनगर।** जिले के तुमला थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत डोंगादरहा के सरपंच की अज्ञात हमलावरों ने धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या कर दी। मामले में पुलिस जांच में जुट गई है। जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत डोंगादरहा के सरपंच संघ के पूर्व अध्यक्ष उत्तम सिदार की पत्नी और वर्तमान सरपंच प्रभावती सिदार आंगन में नहा रही थी। इसी समय अज्ञात हमलावर वहां घुसे और धारदार हथियार से महिला का गला रेतकर निर्मम हत्या कर दी। घटना दोपहर 12 बजे की बताई जा रही है। घटना के बाद हमलावर वहां से भाग निकले। इस दौरान घर पर कोई नहीं था। उत्तम सिदार के भतीजे ने बताया घटना के बाद उन्हें कोतबा स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में दाखिल कराया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत होने की पुष्टि की है। दिन दहाड़े इस तरह की घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है।

- अज्ञात हमलावरों ने घर के आंगन में दिया घटना को अंजाम

# दल से भटके दंतैल ने अलग-अलग गांवों में ली दो ग्रामीणों की जान, तीसरा गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अम्बिकापुर

बीती रात दल से अलग होकर अकेले घूम रहे दंतैल ने जमकर उत्पात मचाया। दंतैल ने अलग-अलग स्थानों पर हमला कर दो ग्रामीणों की जान ले ली। ग्राम फुलवार में दंतैल ने दम्पती पर हमला कर महिला का बायां हाथ उखाड़ दिया वही मंगलवार को तड़के ग्राम रामपुर में महुआ बीनने गए कमिश्नर कार्यालय के प्यून को पटककर जान ले ली। सोमवार की शाम ग्राम फुलवार निवासी उस्मान खान (42वर्ष) गांव से सटे अपने खेत में लगी गेंहू की फसल की कटाई कर रहा थ। पति को घंटों अकेले खेत में काम करते देख पत्नी अस्मिना खातुन (38वर्ष) सायं 6.30 बजे उसे बुलाने पहुंची। इस दौरान अचानक एक दंतैल पहुंचा तथा उस्मान पर पीछे से हमला कर दिया। उसने उस्मान को अपने सूंड में लपेटकर पटक दिया।



### छतवा जंगल में 10 हाथी

वन परिक्षेत्र रामानुजगंज अंतर्गत छतवा जंगल में 10 हाथियों का दल विचरण कर रहा है। हाथियों की मौजूदगी से क्षेत्र के ग्रामीण हरे हुए है। महुआ का सीजन होने के कारण ग्रामीण तड़के अपने घरों से निकल जाते हैं। ऐसे में हमेशा हाथियों से सामना होने का भय बना रहता है।

### कंपनी के कर्मचारी, प्रमोटर, निदेशक और कार्यकारी निदेशक ने दायर की थी याचिका

# मेडिकल खरीदी घोटाला, 4 आरोपियों की अग्रिम जमानत याचिका खारिज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने सीजीएमएससी में 411 करोड़ के मेडिकल उपकरण खरीदी घोटाले के 4 आरोपियों की अग्रिम जमानत अर्जी खारिज कर दी है। कोर्ट ने माना कि एसीबी और ईओडब्ल्यू की प्रारंभिक जांच में इनकी भूमिका सामने आई है लिहाजा जमानत का लाभ नहीं दिया जा सकता है।

ध्यान रहे कि एसीबी और ईओडब्ल्यू की टीम ने मोक्षित कार्पोरेशन, रिकॉड्र्स और मेडिकेयर सिस्टम, श्री शारदा इंडस्ट्रीज, सीबी कार्पोरेशन के खिलाफ धारा 120-बी, 409 आईपीसी और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 13(2), 13(1)(ए), 7(सी) के तहत मामला दर्ज किया है। दरअसल, स्वास्थ्य विभाग ने साल 2021 में उपकरणों और मशीनों की खरीदी की प्रक्रिया शुरू की थी। सीजीएमएससी (छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेज कॉर्पोरेशन लिमिटेड) ने 26-27 दिन में 411 करोड़ की खरीदी का आदेश जारी किया। इसमें आरोप है कि मशीनों की जरूरत का सही आंकलन नहीं किया गया। भंडारण की सुविधा भी नहीं थी। इसके बाद भी बड़ी संख्या में मशीनें खरीदी गईं। रीएजेंट की रख-रखाव की कोई व्यवस्था नहीं थी, फिर भी स्वास्थ्य केन्द्रों में स्टोर करा दिया गया।

### 4 कंपनियों ने मिलकर की टेंडर में गड़बड़ी

इसके साथ ही दवा-उपकरण की सप्लाई करने वाले फर्म रिकॉर्डर्स एंड मेडिकेयर सिस्टम्स पर आरोप है कि उसने मोक्षित कॉर्पोरेशन और अन्य कंपनियों के साथ मिलकर टेंडर में गड़बड़ी की। चारों कंपनियों के उत्पाद एक जैसे थे। इससे टेंडर प्रक्रिया में मिलीभगत का संदेह हुआ। केस दर्ज करने के बाद एसीबी और ईओडब्ल्यू की टीम ने मोक्षित कॉर्पोरेशन के डायरेक्टर शशांक को गिरफ्तार किया है।



### शासन ने कहा, टेंडर में गड़बड़ी की आशंका

राज्य शासन की तरफ से उपमहाधिवक्ता डॉ. सौरभ पांडेय ने अग्रिम जमानत का विरोध करते हुए कहा कि रिकॉर्डर्स एंड मेडिकेयर सिस्टम्स ने मोक्षित कॉर्पोरेशन और श्री शारदा इंडस्ट्रीज के साथ मिलकर पूल टेंडरिंग की। तीनों कंपनियों के रीजेंट के नाम, पैकेज और दरें एक जैसी थीं। यह सामान्य नहीं है। इससे साफ है कि टेंडर में गड़बड़ी की गई। अविनेश कुमार पर आरोप है कि उन्होंने टेंडर से जुड़े दस्तावेज तैयार किए। वह निविदा में शामिल रहे। जांच में यह भी सामने आया कि मोक्षित कॉर्पोरेशन के पार्टनर शशांक चोपड़ा पहले रिकॉर्डर्स एंड मेडिकेयर सिस्टम्स के लिए लाइजनिंग का काम करते थे। इससे दोनों कंपनियों के बीच पहले से संबंध थे। दोनों पक्षों की सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने कहा कि मामले की जांच शुरुआती चरण में है। कई सह-आरोपियों को हिरासत में लिया जा चुका है।

### पंचायत विभाग के निलंबित ज्वाइंट डायरेक्टर की याचिका खारिज

हाईकोर्ट ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के निलंबित ज्वाइंट डायरेक्टर अशोक चतुर्वेदी की याचिका खारिज कर दी है। उन्होंने एसीबी की ओर से दर्ज आय से अधिक संपत्ति के केस को निरस्त करने के लिए याचिका लगाई थी। केस की सुनवाई के दौरान एसीबी ने बताया कि सेवाकाल के दौरान अफसर की कुल आय 68 लाख रुपए थी, जबकि उनसे 31 करोड़ की चल-अचल संपत्ति के दस्तावेज और सबूत मिले हैं। पंचायत एवं ग्रामीण विभाग के जॉइन डायरेक्टर अशोक चतुर्वेदी के खिलाफ एसीबी ने आय से अधिक संपत्ति का केस दर्ज किया है। इससे पहले एसीबी ने उनकी संपत्ति की जांच की थी, जिसके बाद उनके ठिकानों में छापेमारी भी की थी। जांच के बाद 28 अगस्त 2023 को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 13(1)(बी) और 13(2) के तहत अंतिम रिपोर्ट दाखिल की। यह मामला विशेष न्यायाधीश (पीसी एक्ट), रायपुर की अदालत में ट्रायल पर है। आरोपी अफसर के खिलाफ साक्ष्य मिलने पर राज्य शासन ने उसे सस्पेंड कर दिया है। इसके साथ ही एसीबी की टीम उसकी तलाश भी कर रही थी। इस बीच आरोपी अफसर ने हाईकोर्ट में याचिका लगाई थी।

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | रायपुर, बुधवार 2 अप्रैल 2025










# घर की पार्टी के लिए 10, शादी ब्याह के लिए 15 और बड़े कार्यक्रमों में पिलाने के लगेंगे 30 हजार

खास खबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में शराब के शौकीनों के लिए पीने-पिलाने के काफी इंतजाम पहले ही देशी, अंग्रेजी शराब दुकानों के माध्यम से किए गए हैं, लेकिन अगर आप अपने निजी भवन (फार्म हाउस को छोड़कर) में कोई पार्टी करना चाहते हैं, तो इसके लिए एक दिन के कार्यक्रम के लिए भी लाइसेंस लेना होगा। अगर यही पार्टी शादी ब्याह की है, तो 15 हजार रुपए और कोई इवेंट, डांस, संगीत वगैरह के प्रोग्राम में मेहमानों को पिलाना चाहते हैं, तो 30 हजार रुपए देकर एक दिन जमकर पिला सकते हैं।

राज्य सरकार के वाणिज्यककर (आबकारी विभाग) ने एफएल 5 क के लिए फीस तय की है। यह फीस मंगलवार 1 अप्रैल से शुरु हो रहे नए वित्तीय वर्ष से लागू हो गई है। दरअसल होता ये है कि किसी भी बार, रेस्टारेंट, शराबखाने में शराब पिलाने परोसने के लिए एक साल के लिए परमानेंट लायसेंस जारी किया जाता है। लेकिन अगर कोई अपनी जगह ठिकाने पर अपने कार्यक्रम में आमंत्रित मेहमानों को पिलाना चाहता है तो उसे भी लायसेंस लेना होगा। इस काम के लिए एक दिन की फीस सरकार ने तय की है।

## इस साल शराब से 12 हजार 700 करोड़ कमाई का लक्ष्य

### 10 से 30 हजार में एक दिन पिलाओ

*यह एक दिन के लिए दिया जाना वाला लायसेंस एफएल 5 क के नाम से जाना जाता है। अगर कोई अपने निजी भवन(फार्म हाउस को छोड़कर) में आयोजित किसी निजी कार्यक्रम आयोजन में शराब परोसना चाहता है तो उसे 10 हजार रुपए में एक दिन का लायसेंस मिलेगा। इशी तरह किसी होटल, रेस्टारेंट, शादीघर, फार्म हाउस में एफएल 3 लायसेंसधारी के परिसर में कार्यक्रम रखता है तो इसके लिए 15 हजार रुपए में एक दिन का लायसेंस मिलेगा। अगर कोई इवेंट, कंसर्ट, लाइव कार्यक्रम* ▶▶| शेष पेज 5 पर



### आबकारी राजस्व लक्ष्य 12 हजार 700 करोड़

छत्तीसगढ़ सरकार ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में शराब से मिलने वाले राजस्व के लक्ष्य में बढ़ोत्तरी की है। इस साल के लिए यह लक्ष्य 12 हजार 700 करोड़ रुपए रखा है। पिछले वित्तीय वर्ष में यही लक्ष्य 11 हजार करोड़ रुपए का था। विभाग ने इस लक्ष्य के विरुद्ध 10 हजार 120 करोड़ रुपए अर्जित किए हैं। खास बात ये है कि राज्य में इस साल शराब की 67 नई दुकानें खोलने की तैयारी भी है। राज्य की शराब दुकानों में इस साल से शराब के 67 नए ब्रांड और बीयर के करीब 25 ब्रांड उतारे जा रहे हैं। जाहिर है शराब के शौकीनों की मौज होगी।

---

अस्पताल परिसर में हुआ जमकर हंगामा

# पुलिस कस्टडी में युवक की मौत, थानेदार सस्पेंड




हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमतरी

किसानों से ठगी करने के मामले में गिरफ्तार युवक की पुलिस कस्टडी में मौत से बवाल खड़ा हो गया। परिजनों ने पुलिस पर पीट-पीटकर मार डालने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। बवाल के बाद थानेदार को निलंबित कर दिया गया। मामले की जांच की जा रही है।

- मृतक पर सात करोड़ की धोखाधड़ी का आरोप

खबर के मुताबिक राजनांदगांव जिले के ग्राम भंवरमरा निवासी दुर्गेश-दुर्गेन्द्र कठोलिया पिता लक्ष्मण (44), के खिलाफ जिले के रोहित सिन्हा सहित अन्य किसानों ने शिकायत दर्ज कराई थी, जिसमें दुर्गेश पर किसानों को अधिक कीमत पर उनके धान को बेचने के नाम पर 7 करोड़ 73 लाख रुपए की धोखाधड़ी करने का आरोप लगाया गया था। अर्जुनी पुलिस ने आरोपी दुर्गेश के खिलाफ अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया था। घटना के बाद से आरोपी फरार चल रहा था। बीते दिनों दुर्गेश अपनी पत्नी व बच्चों को लेकर ▶▶| शेष पेज 5 पर

### लोहे की सांकल से मारा गया

*मृतक के पिता लक्ष्मण कठोलिया ने आरोप लगाया कि पुलिस ने उसके बेटे को लोहे की सांकल से मारा। पुलिस थाना में उसकी पिटाई कर हत्या कर दी है। पिता का कहना है कि इस मामले को रफा दफा करने थानेदार सन्नी दुबे ने 50 लाख रुपए मांगे थे। नहीं देने पर पूरे परिवार सहित युवक को निपटा देने की चेतावनी दी थी। यही नहीं, पुलिस के साथ शिकायतकर्ता भी उसके घर पहुंच तलाशी ली थी। मृतक की पत्नी दुर्गा कठोलिया ने बताया कि पुलिस उसके पति को रायपुर से आते समय दुर्ग के डी मार्ट से उठाकर 29 मार्च को ले गई थी, जहां उसके साथ मारपीट कर हत्या कर दी गई। मंगलवार की सुबह दो पुलिस वाले ने उसके घर पहुंच दुर्गेश की सेहत खराब होने की सूचना दी। परिजनों ने बताया कि 15 लाख का लेनदेन बकाया था।*

---

वक्फ संशोधन विधेयक पारित कराना सरकार के सामने बड़ी चुनौती

# बिल पेश होने से पहले संग्राम, विपक्ष दिखाएगा तेवर, सरकार को टीडीपी-जेडीयू का समर्थन

*लोकसभा में आज वक्फ संशोधन विधेयक विचार और पारित कराने के लिए लाया जाएगा और इस दौरान हंगामा होने के आसार हैं क्योंकि विपक्षी दल इसका पुरजोर विरोध कर रहे हैं। इस बीच सरकार के लिए राहत भरी खबर है कि टीडीपी ने अपनी तीनों मांग स्वीकार कर लिए जाने के कारण वक्फ बिल के समर्थन में मतदान करने की घोषणा की। वहीं जेडीयू ने भी प्रस्ताव पर समर्थन देने का वादा किया। इधर विपक्ष ने इसे सरकार द्वारा थोपे जाने वाला एजेंडा बताया। विपक्ष इस मुद्दे पर हुई बैठक में तीखी नोंकझोंक के बाद बाहर निकल आया।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि विधेयक पर सदन में आठ घंटे की प्रस्तावित चर्चा के बाद अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू जवाब देंगे और इस विधेयक को पारित कराने के लिए सदन की मंजूरी लेंगे। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की अध्यक्षता में कार्य मंत्रणा समिति की बैठक में इस मुद्दे पर चर्चा हुई। रिजिजू ने कहा कि लोकसभा द्वारा विधेयक पारित किए जाने के बाद राज्यसभा को इसकी सूचना दी जाएगी। संसद का बजट सत्र चार अप्रैल को समाप्त होगा। लोकसभा ▶▶| शेष पेज 5 पर

### सरकार ने माने टीडीपी-जेडीयू के सुझाव

*वक्फ संशोधन विधेयक में चंद्रबाबू नायडू की तेलुगु देशम पार्टी द्वारा सुझाए गए तीनों संशोधनों को स्वीकार कर लिया गया है जिसके बाद टीडीपी ने लोकसभा में पार्टी बिल के समर्थन में मतदान करने कहा। सरकार द्वारा जेडीयू के प्रस्तावों को भी स्वीकार कर लिया गया जिसके कारण जेडीयू भी बिल का समर्थन करेगी।*



### इंडिया गठबंधन की बैठक में बनी सहमति

वक्फ संशोधन विधेयक के संसद में पेश होने से ठीक पहले इंडिया गठबंधन के नेताओं की एक अहम बैठक हुई। बैठक में सभी दलों ने आगामी विधेयक पर एकजुट होकर हिस्सा लेने का निर्णय लिया है। सूत्रों के मुताबिक राहुल गांधी ने कहा कि वक्फ संशोधन बिल संविधान विरुद्ध है। हम चर्चा के दौरान एकजुट होकर वोटिंग करते हुए सरकार की नीतियों का विरोध करेंगे। कांग्रेस सांसदों की बैठक आज सुबह कांग्रेस मुख्यालय में रखी गई है।

### मुसलमानों को गुमराह किया जा रहा: रिजिजू

*संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा, भोले-भाले मुसलमानों को यह कहकर गुमराह किया जा रहा है कि सरकार मुसलमानों की संपत्ति और अधिकार छीनने जा रही है। कुछ लोगों द्वारा फैलाई जा रही झूठी बातें हमारे समाज और राष्ट्र के लिए बहुत हानिकारक हैं। मैं सभी से अनुरोध करना चाहूंगा कि कृपया उन नेताओं की पहचान करें जो झूठ बोल रहे हैं।*

### सरकार इस कानून में यह बदलाव करना चाहती है

- **वक्फ बोर्ड में गैर-मुस्लिमों की एंट्री:** वक्फ बोर्ड में अब दो सदस्य गैर-मुस्लिम होंगे। इतना ही नहीं, बोर्ड के CEO भी गैर मुस्लिम हो सकते हैं।
- **महिला और अन्य मुस्लिम समुदाय की भागीदारी बढ़ाना :** कानून बदलकर वक्फ में महिलाओं का पार्टिसिपेशन बढ़ाया जाएगा। सेक्शन-9 और 14 में बदलाव करके केन्द्रीय वक्फ परिषद में दो महिलाओं को शामिल करने का प्रस्ताव है। इसके अलावा नए बिल में बोहरा और आगाखानी मुस्लिमों के लिए अलग से वक्फ बोर्ड बनाए जाने की बात भी कही गई है।
- **बोर्ड पर सरकार का कंट्रोल बढ़ाना:** भारत सरकार कानून बदलकर वक्फ बोर्ड की संपत्ति पर कंट्रोल बढ़ाएगी। वक्फ बोर्ड के मैनेजमेंट में गैर-मुस्लिम एक्सपट्‌र्स को शामिल करने और सरकारी अधिकारियों से वक्फ के ऑडिट कराने से वक्फ के ▶▶| शेष पेज 5 पर

---

## खबर संक्षेप

### पत्नी व चाची की हत्या कर खुद लगाई फांसी

**जयपुर।** जयपुर के करधनी इलाके में एक व्यक्ति ने अपनी गर्भवती पत्नी और चाची की कथित तौर पर हथौड़ा मारकर हत्या कर स्वयं भी फांसी लगा ली।



पुलिस ने बताया कि ऑटो चालक पंकज कुमावत ने अपनी पत्नी सुनीता, अपने बेटे यांश पर हमला कर दिया। जब उसकी चाची मधु सुनीता को बचाने आई तो उसने उसके सिर पर भी वारकर मार दिया।

### सरयू नदी नहाते समय डूबे चाचा-भतीजे, मौत

**बलिया।** बलिया जिले के मनियर क्षेत्र में नवका बाबा मंदिर में दर्शन करने आए गोरखपुर निवासी चाचा-भतीजे की मंगलवार को सरयू नदी में स्नान करते समय डूबने से मौत हो गई।



पुलिस सूत्रों ने बताया कि गोरखपुर जिले के चौरी चौरा थाना क्षेत्र के खास डुमरी बसंत टोला के रहने वाले वीरू पटेल और उसके चाचा भीम पटेल सरयू नदी में स्नान करने गए थे।

---

बुर्का पहनकर घुसा चोर

# श्री शिवम शोरूम से फिल्मी स्टाइल में 28 लाख की चोरी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के पंडरी इलाके में स्थित श्रीशिवम शो रूम में बीती रात 28 लाख रुपए की चोरी हो गई। इस घटना को तीन चोरों ने फिल्मी स्टाइल में अंजाम दिया। आरोपियों का एक साथी बुर्का पहनकर महिला के वेश में ग्राहक बनकर शोरूम में घुसा था। खरीदारी करने के बाद वह रात में शोरूम के गोदाम में छिप गया। शोरूम बंद होने के बाद वह चोरी की घटना को अंजाम देकर अपने अन्य दो साथियों के साथ कार में सवार होकर फरार हो गया। हालांकि इस घटना के दौरान ▶▶| शेष पेज 5 पर

- तीन चोरों ने दिया वारदात को अंजाम

### फिसलकर हुआ चोटिल

शोरूम में चोरी करने के बाद आरोपी पांचवे फ्लोर पर जाकर रस्सी के सहारे जब नीचे उतर रहा था, इसी दौरान पैर फिसलने के कारण वह नीचे भी गिरा, जिससे उसे चोटें आई हैं। वीडियो में चोर के नीचे गिरकर चोटिल होने के फूटेज भी मिले हैं।

### प्लानिंग कर चोरी की वारदात

आरोपियों ने जिस तरह से शोरूम में चोरी की घटना को अंजाम दिया है। उससे पहले ही उन्हें पता था कि शोरूम के बंद होने से लेकर चौथे फ्लोर पर गोदाम और पांचवें फ्लोर से रस्सी के सहारे नीचे उतरना कैसे है। आरोपियों को शोरूम के खुलने और बंद होने से लेकर एक-एक चीज का पता था। इससे पुलिस आशंका जता रही है कि आरोपियों ने चोरी के पहले शोरूम की पूरी तरह से रेकी की है या फिर शोरूम का कोई स्टॉफ चोरों से मिला हुआ है। फिलहाल इस घटना के बाद पुलिस शोरूम के आसपास से लेकर कार जिन-जिन रास्तों से गुजरी है, उन स्थानों पर लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही है।

---

बर्खास्तगी पर हाईकोर्ट का बड़ा फैसला

# सभी उपाय फेल हो जाएं तभी बर्खास्तगी हो अंतिम उपाय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस रवींद्र कुमार अग्रवाल की खंडपीठ ने एक पुलिस कांस्टेबल की अनिवार्य सेवानिवृत्ति को खारिज कर दिया है क्योंकि सजा अनुपातहीन थी। कोर्ट ने कहा है कि अनुशासनात्मक ▶▶| शेष पेज 5 पर



### कोर्ट ने की आरोप-पत्र की जांच की जांच

शासन की ओर से मामले में जवाब देते हुए एडवोकेट संघर्ष पांडे ने कहा कि विभागीय जांच के दौरान याचिकाकर्ता को पर्याप्त अवसर दिया गया था। उन्होंने तर्क दिया कि सिन्हा ने जानबूझकर अपने वरिष्ठ अधिकारियों के आदेशों ▶▶| शेष पेज 5 पर

---

# शाह 5 को पंडुम में शामिल होने के बाद रायपुर में लेंगे नक्सल मुद्दों पर बड़ी बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

केंद्रीय मंत्री अमित शाह चार अप्रैल की रात को रायपुर पहुंचेंगे। रात्रि विश्राम यहां करने के बाद वे यहां से दूसरे दिन पांच अप्रैल को सुबह दंतेवाड़ा जाएंगे। वहां पर पंडुम महोत्सव में शामिल होने के साथ ही जन प्रतिनिधियों और सुरक्षा बलों के कमांडरों और अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। इसके बाद रायपुर लौटने पर यहां नक्सल मुद्दे पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, डिप्टी सीएम और गृह मंत्री विजय शर्मा और ▶▶| शेष पेज 5 पर

- चार की रात को पहुंचेंगे रायपुर, यहां करेंगे रात्रि विश्राम



### पंडुम महोत्सव समापन में रहेंगे शाह

उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने बताया बस्तर की संस्कृति, स्वाभिमान और गौरव को उजागर करने वाला बस्तर पंडुम महोत्सव आयोजित किया जा रहा है, जो 2 अप्रैल से 5 अप्रैल तक चलेगा। इस महोत्सव में बस्तर की सांस्कृतिक विविधता, पारंपरिक नृत्य, गीत, लोक कला, ▶▶| शेष पेज 5 पर

---

सेंसेक्स 1390 तो निफ्टी 350 अंक लुढ़का, आज अमेरिका करेगा घोषणा

# ट्रंप के टैरिफ से शेयर मार्केट में भूचाल, 3.44 लाख करोड़ डूबे

एजेंसी ▶▶| मुंबई

महीने की शुरूआत 1 अप्रैल को भारतीय शेयर बाजार में भारी गिरावट देखने को मिली। आज 2 अप्रैल से अमेरिकी कई देशों पर रेसिपोकल टैरिफ लगाएगा। इसमें भारत भी शामिल है। ट्रंप ने 2 अप्रैल को लिबरेशन डे के रूप में घोषित किया है, जब वह अपने नए टैरिफ नियमों की घोषणा करेंगे। इस कारण से बाजार में बेचैनी का माहौल बना हुआ है, और इसकी वजह से प्रमुख इंडेक्स, सेंसेक्स और निफ्टी में बड़ी गिरावट आई है। जिसके कारण निवेशकों के 3.44 लाख करोड़ रुपए डूब गए।

### कई सेक्टर्स में आई गिरावट

बाजार में सभी प्रमुख सेक्टरों में नकारात्मक प्रदर्शन देखा गया, केवल ऑटोमोबाइल सेक्टर को छोड़कर. खासकर आईटी, रियल्टी, फाइनेंशियल और कंज्यूमर ड्यूरेबल्स सेक्टरों में 1-3 प्रतिशत तक गिरावट दर्ज की गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का कुल बाजार मूल्य 1.25 लाख करोड़ रुपये घटकर 411.62 लाख करोड़ रुपये रह गया।



### ट्रंप के टैरिफ ने लाल किया बाजार

निवेशक आज 2 अप्रैल के टैरिफ की घोषणा को लेकर चिंतित हैं, जिसे ट्रंप ने लिबरेशन डे के रूप में नामित किया है। ट्रंप ने संकेत दिया है कि यह टैरिफ सभी देशों पर लागू होंगे, न कि केवल उन देशों पर जिनका व्यापार घाटा ज्यादा है। इससे वैश्विक आर्थिक मंदी के खतरे की आशंका बढ़ गई है, क्योंकि व्यापारिक तनावों का असर पूरी दुनिया पर पड़ सकता है।

### वोडाफोन आइडिया का शेयर 19 प्रतिशत चढ़ा

दूरसंचार कंपनी वोडाफोन आइडिया लिमिटेड का शेयर 19 प्रतिशत से अधिक चढ़ गया। उसके शेयर में यह उछाल सरकार द्वारा स्पेक्ट्रम नीलामी बकाया के बदले कंपनी के 36,950 करोड़ रुपए के शेयर खरीदने के फैसले के बाद आया है। इसके बाद सरकार की हिस्सेदारी दोगुनी से अधिक होकर 48.99 प्रतिशत हो जाएगी। बीएसई पर कंपनी का शेयर 18.94 प्रतिशत बढ़कर 8.10 रुपए पर बंद हुआ।

# मस्क के स्पेसएक्स का अनोखा कारनामा, पहली बार इंसानों को लेकर ऑर्बिट के ऊपर गुजरा स्पेसक्राफ्ट



**वॉशिंगटन।** अरबपति एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स ने 31 मार्च को अपने क्रू ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट द्वारा एक प्राइवेट अंतरिक्ष यात्री मिशन लॉन्च किया। इस मिशन के जरिए दुनिया में पहली बार एक स्पेसक्राफ्ट अंतरिक्ष यात्रियों को लेकर ध्रुवों के उपर गुजरेगा। एलन मस्क ने इससे जुड़ा एक वीडियो भी शेयर किया है।

## मस्क ने शेयर किया वीडियो

ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट को फाल्कन 9 रॉकेट के जरिए नासा स्थित कैनेडी स्पेस सेंटर से लॉन्च किया गया। लॉन्चिंग के 10 मिनट बाद ही स्पेसक्राफ्ट फाल्कन 9 के ऊपरी चरण से अलग हो गया था। एलन मस्क ने अंतरिक्ष की इस यात्रा से जुड़ा एक छोटा सा क्लिप अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर किया है। मस्क ने 'एक्स' पर इस वीडियो को शेयर करते हुए लिखा,' यह पहली बार है जब मनुष्य पृथ्वी के ध्रुवों के चारों ओर कक्षा में है।'



### क्या है यह मिशन?

*बता दें कि स्पेसएक्स के इस मिशन का नाम फ्राम 2 है। इस मिशन को स्पेसएक्स के क्रू ड्रैगन वर्ग के स्पेसक्राफ्ट रेजिलेंस द्वारा भेजा गया है। वहीं, इस स्पेसक्राफ्ट को फाल्कन 9 रॉकेट में रखकर स्पेस में लॉन्च किया गया है। यह मिशन 90 डिग्री के झुकाव के साथ पोलर ऑर्बिट में जाना वाला पहला मिशन है। इससे पहले सोवियत रूस की ओर से वोस्तोक मिशनों को स्पेस में भेजा गया था, लेकिन उसमें उच्चतम झुकाव केवल 65 डिग्री था।*



### मिशन का मकसद

फ्राम 2 मिशन लगभग 3-5 दिन का होगा, जिसमें ड्रैगन अंतरिक्ष यान और 4 चालक दल पोलर ऑर्बिट से धरती का पता लगाकर पहली बार धरती के पोलर इलाकों के ऊपर से उड़ान भरेंगे। इस दौरान अंतरिक्ष यात्री लंबे समय के स्पेस एक्सप्लोरेशन और स्पेस में इंसानों के शरीर पर पड़ने वाले असर को समझने और क्षमताओं को आगे बढ़ाने के लिए मदद करने वाले डिजाइन किए गए 22 शोध भी करेंगे।

**रोचक खबरें**

## प्रेमी से शादी कराने वाले ने मारी पलटी, चार दिन भी नहीं सह सका पत्नी की जुदाई का गम



**संतकबीरनगर।** संतकबीरनगर में 25 मार्च को प्रेमी के साथ सात फेरे लेने वाली पत्नी की कहानी में अब नया ट्विस्ट आ गया है। चार दिन बाद पत्नी अब अपने पहले पति के साथ ससुराल लौट आई है। वहीं, नई ससुराल वालों ने पहले पति के हालात को देखते हुए महिला को राजी -खुशी से उसकी विदाई कर दी है। पहले पति ने पत्नी को वापस भेजने की गुहार लगाई थी। यह अनोखी लव स्टोरी इन दिनों काफी चर्चा में है। विकास की मां ने अपने बेटे को समझाते हुए अपनी नई नवेली बहू को फिर से उसके पहले वाले पति बबलू को सुपुर्द कर दिया। वहीं, बबलू ने भी गांव में कसम खाते हुए राधिका को स्वीकारा और उसे वचन दिया कि राधिका के साथ भविष्य में कोई घटना होगी तो वह उसका जिम्मेदार होगा। बहरहाल, यह पूरा मामला सोशल मीडिया में अब वायरल हो रहा है।

**कहानी में आया नया ट्विस्ट**

### यह है पूरा मामला?

धनघटा थाना क्षेत्र के कटार जोत गांव के बबलू की शादी वर्ष 2017 में गोरखपुर जिले के बेलघाट थाना क्षेत्र के भूलनचक गांव निवासी तौली राम की बेटी राधिका से हुई थी। दोनों का परिवार खुशी खुशी अपना जीवन यापन कर रहा था। उनके पास दो बच्चे हैं। जिसमें सात वर्षीय आर्यन और दो वर्षीय बेटी शिवानी है। महिला का पति बबलू रोजी - रोटी के चक्कर मे घर से बाहर रहता था। इसी बीच उसकी पत्नी राधिका का उसी गांव के एक युवक विकास से प्रेम प्रसंग चलने लगा। इसकी जानकारी जब बबलू को हुई तो वह अपनी पत्नी राधिका को लेकर धनघटा तहसील पहुंचा और शपथ पत्र बनवाया और अपनी पत्नी की शादी उसके प्रेमी के साथ कराते हुए उसे प्रेमी के हाथों सौंप दिया। शिव मंदिर पर दोनों की शादी सम्पन्न हुई थी।

# सिर्फ 11 हजार में होगा कैंसर का इलाज, चीन ने बनाई नई थेरेपी

**100 साल पुरानी है ये तकनीक**

**बीजिंग।** चीन के वैज्ञानिकों ने कैंसर के इलाज के लिए एक नई थेरेपी विकसित की है। चीन में हो रहे ये प्रयोग दिखाते हैं कि आने वाले समय में कैंसर का इलाज न केवल किफायती, बल्कि अधिक प्रभावी भी हो सकता है। कहा जा रहा है कि अगर ये थेरेपी बड़े पैमाने पर सफल होती है, तो ये कैंसर मरीजों के लिए किसी वरदान से कम नहीं होगी।

कैंसर एक जानलेवा बीमारी है, जिसका इलाज अभी भी महंगा और लंबा होता है। मगर अब कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी का इलाज महज 11 हजार रुपए में हो सकता है। चीनी वैज्ञानिकों ने एक नई तकनीक विकसित की है। जिसे 'ऑन्कोलाइटिक वायरस थेरेपी' कहा जाता है। यह तकनीक न केवल कैंसर के खतरनाक ट्यूमर को खत्म करने की क्षमता रखती है, बल्कि शरीर की प्रतिरोधक क्षमता को भी सक्रिय कर सकती है।

### कुछ ही देशों के पास है ये तकनीक

*यह तकनीक कोई नई नहीं है। ऑन्कोलाइटिक वायरस पर शोध करीब 100 साल पहले शुरू हुआ था, लेकिन हाल के वर्षों में जेनेटिक इंजीनियरिंग की वजह से इसकी क्षमता में जबरदस्त सुधार हुआ है। अब तक, अमेरिका और जापान समेत दुनिया के कुछ देशों में इस तकनीक को अपनाया गया है, लेकिन चीन इस दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। वहां करीब 60 क्लीनिकल ट्रायल चल रहे हैं, जिनसे उम्मीद की जा रही है कि यह इलाज आम लोगों के लिए सुलभ और किफायती हो सकेगा।*



### चमत्कारी नतीजे दिखा रही यह थेरेपी

इस साल जनवरी में प्रकाशित एक शोध में 58 वर्षीय महिला की कहानी सामने आई, जिसे सर्वाइकल कैंसर था और सभी पारंपरिक इलाज बेअसर हो चुके थे। उसे ऑन्कोलाइटिक वायरस थेरेपी दी गई और नतीजा यह हुआ कि उसके मेटास्टैटिक ट्यूमर पूरी तरह से गायब हो गए। हैरानी की बात यह है कि इस थेरेपी के बाद महिला 36 महीने तक जिंदा रही।

### क्या है ऑन्कोलाइटिक वायरस थेरेपी?

ऑन्कोलाइटिक वायरस को एक छिपे हुए हत्यारे के रूप में देखा जा सकता है। वैज्ञानिकों ने इन वायरस को इस तरह से विकसित किया है कि वे सीधे कैंसर कोशिकाओं में प्रवेश करें, वहां अपनी संख्या बढ़ाएं और अंततः कैंसर कोशिकाओं को नष्ट कर दें। इतना ही नहीं, ये वायरस ऐसे प्रोटीन भी छोड़ सकते हैं जो शरीर की प्रतिरोधक प्रणाली को बाकी बची हुई कैंसर कोशिकाओं को खत्म करते हैं।



### 90% मरीजों में घट गया ट्यूमर का आकार

यह शोध दक्षिण चीन के ग्वांग्शी मेडिकल यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर झाओ योंगशियांग के नेतृत्व में किया गया था। वैज्ञानिकों ने एक ऐसे वायरस का इस्तेमाल किया जिसने कैंसर कोशिकाओं को सुअर के ऊतक जैसा बना दिया, जिससे शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली ने उन्हें बाहरी तत्व मानकर नष्ट कर दिया। इस छोटी ट्रायल में यह भी देखा गया कि 90% मरीजों (जिन्हें लिवर, ओवेरियन और लंग कैंसर था) में ट्यूमर का आकार घट गया या स्थिर हो गया।




### ऑन्कोलाइटिक वायरस थेरेपी की कम है लागत

ऑन्कोलाइटिक वायरस थेरेपी की सबसे बड़ी खासियत इसकी कम लागत है। कैंसर के इलाज में अब तक इस्तेमाल की जाने वाली सीएआर-टी थेरेपी की कीमत चीन में करीब 1.16 करोड़ रुपए (140,000 अमेरिकी डॉलर) प्रति डोज होती है। इसके मुकाबले, ऑन्कोलाइटिक वायरस थेरेपी का एक इंजेक्शन महज 11 हजार रुपए (140 अमेरिकी डॉलर) में उपलब्ध हो सकता है। सालभर की इस थेरेपी की कुल लागत 3.3 लाख रुपए (4,200 अमेरिकी डॉलर) तक हो सकती है, जो मौजूदा कैंसर उपचार की तुलना में काफी किफायती है।

## संत की अद्भुत आस्था... 60 की उम्र में 7 साल तक करेंगे यात्रा, रोज करते हैं 2100 बार दंडवत प्रणाम

**भरतपुर।** जिले के रूपवास कस्बे से 60 वर्षीय संत केदार कटारा खाटूश्याम (सीकर) तक दंडवत यात्रा पर निकले हैं। 510 दिन की इस कठिन यात्रा में अब तक वे करीब 132 किमी की दूरी तय कर जयपुर-आगरा नेशनल हाईवे स्थित मानपुर चौराहा पहुंचे, जहां श्याम भक्तों ने उनका भव्य स्वागत किया। संत केदार ने यह यात्रा 24 अक्टूबर 2023 को रूपवास के श्री चिंता हरण हनुमान मंदिर से शुरू की थी, जो सात साल बाद अक्टूबर 2030 में पूरी होगी। संत केदार प्रतिदिन 300-400 मीटर का सफर तय करते हुए 2,100 दंडवत करते हैं। खाटू श्याम तक की करीब 321 किमी की दूरी को पूरा करने के लिए वे कुल 17,65,551 दंडवत करेंगे। अब तक 132 किमी की यात्रा में 7,51,000 दंडवत कर चुके हैं, जबकि बाकी 156 किमी की दूरी पूरी करने में छह साल और 8,81,000 दंडवत करने होंगे। संत केदार कटारा ने बताया कि उनकी दंडवत यात्रा सनातन धर्म, हिन्दू देवी-देवताओं और भारतीय संस्कृति के प्रचार-प्रसार के लिए है। इसके अलावा, देश और समाज की सेवा के प्रति जागरुकता, वन और गौवंश की रक्षा, विश्व शांति और मानव कल्याण, महिला सशक्तीकरण, स्वास्थ्य और स्वच्छता के प्रति जागरुकता और भाईचारे और प्रेम का संदेश फैलाना है।



## दुनिया का इकलौता सांप, बिना नर के पैदा कर लेता है बच्चे

**लंदन।** हमारी दुनिया कितनी विचित्र है, इसके बारे में आपको तभी पता चलेगा, जब आप अपने आसपास मौजूद जीव-जंतुओं को देखेंगे। सांप को ही ले लीजिए। आपने सांपों को लंबा, खतरनाक सूरत वाला, जहरीला ही पाया होगा, पर क्या आप जानते हैं कि दुनिया में एक ऐसा भी सांप है, जो इतना छोटा है कि उसे देखकर लोगों को गलतफहमी हो जाती है और लोग उसे केचुआ समझ लेते हैं। सबसे ज्यादा हैरानी की बात तो ये है कि ये सांप दुनिया का सबसे छोटा है और इनमें सिर्फ मादाएं होती हैं, ये बिना नर के बच्चे पैदा कर लेती हैं। जिस सांप की हम बात कर रहे हैं, इनका नाम है ब्राह्मिनी ब्लाइंड स्नेक। इसे भारत ही नहीं, दुनिया का सबसे छोटा सांप माना जाता है। सवाल ये उठता है कि अगर ये इतना छोटा है कि केचुए जैसा लगता है, तो फिर इसकी पहचान कैसे की जाती है? इसकी पहचान करने के लिए आपको इसके मुंह की तरफ देखना होगा। यह सांप भी अन्य सांपों की तरह जीभ निकालता है। यह जहरीले नहीं होते।



**क्यों खास होते हैं ये सांप?**

इन सांपों के पास आंखें नहीं होती हैं, बल्कि उनकी जगह पर बहुत छोटे काले बिंदु होते हैं जो उन्हें प्रकाश का अनुभव कराते हैं। इस प्रकार वे समझ जाते हैं कि वे मिट्टी के ऊपर हैं या नीचे। ये सांप छोटे कीड़े, चींटियां और दीमक खाते हैं। सबसे आश्चर्यजनक बात यह है कि अब तक जितने भी सांप मिले हैं, सब मादा हैं। वैज्ञानिकों ने पता लगाया है कि ये सांप केवल मादा होती हैं और ये दुनिया के इकलौते एकलिंग जीव हैं। ये पार्थिनोजेनेसिस नामक प्रक्रिया से बच्चे पैदा करती हैं। इसे वर्जिन बर्थ भी कहा जाता है।

# सुनीता विलियम्स ने धरती पर वापस आते ही क्यों खाया सैंडविच? अंतरिक्ष यात्री ने बताई ये वजह

**वॉशिंगटन।** भारतीय मूल की नासा की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर नौ महीने बाद 18 मार्च को धरती पर वापस आए। दोनों अंतरिक्ष यात्रियों ने सोमवार को पहली बार प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने कहा कि उनके अंतरिक्ष मिशन में आई दिक्कतों की जिम्मेदारी वह खुद लेते हैं, जिससे यह छोटी अवधि की उड़ान लंबी हो गई थी। सुनीता विलियम्स ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और एलन मस्क को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से धरती पर वापस लाने के लिए धन्यवाद कहा। दोनों ने अंतरिक्ष में बिताए नौ महीनों के अनुभवों को साझा किया।

सुनीता विलियम्स ने कहा कि घर लौटने का अहसास होते ही वह अपने परिवार से मिलने को काफी उत्सुक थीं। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान सुनीता विलियम्स से सवाल किया गया कि जब आप धरती पर लौटीं तो सबसे पहले क्या करना चाहती थीं? आपकी सबसे पहले क्या खाने की इच्छा थी? पत्रकारों के सवाल का जवाब देते हुए सुनीता विलियम्स ने बताया कि मैं अपने पति को गले लगाना चाहती थी।



### भारत की संभावित यात्रा को लेकर कही बड़ी बात

प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने अपनी संभावित भारत यात्रा पर भी बात की। उन्होंने कहा, 'मुझे पूरी उम्मीद है कि मैं अपने पिता के देश जाऊंगी। वहां मैं एक्सिओम मिशन पर जाने वाले भारतीय नागरिक से भी मुलाकात करूंगी। मैं उनसे कभी न कभी जरूर मिलूंगी। हम उनके साथ अपने अनुभव साझा करेंगे। भारत एक महान देश है। वहां एक शानदार लोकतंत्र है, जिसने अंतरिक्ष जगत में अपने कदम जमा लिए हैं। हम इसका हिस्सा बनना और उनकी मदद करने में जरा भी नहीं हिचकिचाएंगे।' हालांकि, सुनीता विलियम्स की भारत यात्रा की तारीख अब तक तय नहीं है।

### बुच विल्मोर ने हिमालय की अविश्वसनीय तस्वीरें लीं

उन्होंने कहा, 'भारत अद्भुत है। हर बार जब हम हिमालय के ऊपर से गुजरे और मैं आपको बताऊं, बुच ने हिमालय की कुछ अविश्वसनीय तस्वीरें लीं। बस अद्भुत।' उनसे भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के साथ उनके सहयोग की संभावना के बारे में पूछा गया। इस पर उन्होंने कहा कि जरूर। हम हर जरूरी मदद करेंगे।



### कैसा दिखता है भारत?

सुनीता विलियम्स से सवाल किया गया कि अंतरिक्ष से भारत कैसा दिखता है? उन्होंने कहा कि भारत एक महान देश है। यह रोशनी के नेटवर्क जैसा दिखता है। गुजरात, महाराष्ट्र से लेकर सभी छोटे-बड़े शहर और समुद्र...यह अद्भुत है।

### घर की याद दिलाता है खाना

नासा की अंतरिक्ष यात्री ने कहा कि खाना एक ऐसी चीज है, जो घर की याद दिलाता है। उन्होंने कहा कि मेरे पिता शाकाहारी थे, तो मैंने घर पहुंचने पर सबसे पहले बढ़िया सा ग्रिल्ड चीज सैंडविच खाया, जो मुझे घर का एहसास कराता है। सुनीता विलियम्स ने कहा कि वह धरती पर आकर अच्छा महसूस कर रही हैं। फिलहाल, वह रिहैब से गुजर रही हैं और नई चुनौतियों की तैयारी कर रही हैं।

## 24 मिनट के लिए मरी, फिर हुई जिंदा



**बार्सिलोना।** जीवन में कई बार हमें बहुत सी घटनाओं पर यकीन ही नहीं हो पाता। कई लोग तो दावे ऐसे कर जाते हैं कि हम उनके बारे में सोच-समझ भी नहीं पाते। खासतौर पर जब कोई दावा करता है कि वो मरकर वापस लौटा है, तो यकीन करना मुश्किल हो जाता है। एक 50 साल की महिला ने भी दावा किया कि वो कुछ घंटे के लिए मरी थी और फिर जिंदा हो गई। बहुत सारे लोग जानना चाहते हैं कि आखिर मरते वक्त इंसान कैसा महसूस करता है? उसके बाद क्या होता है, ये अच्छा होता है या फिर बहुत दर्दनाक वगैरह-वगैरह। 50 साल की टेसा रोमेरो नाम की महिला ने बताया कि वो 24 मिनट के लिए अचानक मर गई थी। इस दौरान वो दूसरी दुनिया में पहुंच गई और अपने साथ हो रही हर घटना को देख रही थी। एक रिपोर्ट के मुताबिक स्पेन के मलागा में रहने वाली टेसा नाम की महिला ने दावा किया कि वो 24 मिनट के लिए मर गई थी। एक दिन वो अपनी बेटी को स्कूल छोड़ने जा रही थीं, तभी उनके दिल ने काम करना बंद कर दिया और 24 मिनट के लिए उनकी मौत हो गई। हालांकि, डॉक्टरों ने उन्हें वापस जिंदा कर लिया। लेकिन, टेसा बताती हैं कि इसके बाद उनकी जिंदगी से मौत का डर खत्म हो गया। हालांकि, वो पहले मौत से डरा करती थीं।

मैं वहीं थी, कोई देख नहीं पा रहा था टेसा बताती हैं कि इस दौरान उन्हें बहुत सुकून महसूस हुआ, कोई शारीरिक या मानसिक कष्ट ही नहीं था। ऐसा लग रहा था, जैसे कोई भार उतर गया हो। वे बताती हैं कि उनकी आत्मा वहीं कमरे में थी और अपने शरीर को देख रही थी पर उन्हें कोई डॉक्टर नहीं देख सकता था। वे कहती हैं कि वे जब अपने शरीर में वापस आईं, तो उन्हें पता था कि ये कोई सपना नहीं था, बल्कि वो सच था कि वो ये दुनिया छोड़ गई थीं। वे कहती हैं कि मौत को अंत माना जाता है लेकिन ये किसी नए दरवाजे से अंदर जाने जैसा है, जहां शांति ही शांति हो।

**बोला- '28 साल का वादा था, तोड़ता कैसे?'**

# 188 करोड़ की लगी लॉटरी, शख्स ने दोस्त को दे दी आधी रकम

**लंदन।** आपने ऐसी तमाम कहानियां सुनी होंगी, जिसमें लोगों की लॉटरी लगी और वे अचानक से अमीर हो गए। ये अमीरी बहुतों को रातोंरात बदल देती हैं। कोई अपनी पत्नी से दौलत छिपाता है, तो कोई अपने ब्वॉयफ्रेंड को छोड़ जाता है। कुछ लोग तो अपने परिवार से भी नहीं बताते कि उनके पास पैसे आ गए हैं, ताकि कोई मांग न ले। हालांकि, आज हम आपको इन सबसे अलग एक शख्स के बारे में बताएंगे। कहां पैसा मिलते ही लोग अपने मां-बाप को भी भूल जाते हैं, कहां इस शख्स ने 188 करोड़ रुपए की लॉटरी जीतने के बाद सबसे पहले अपने पुराने दोस्त को फोन किया। न सिर्फ उसने अपनी जीत के बारे में उसे बताया, बल्कि जैकपॉट के आधे पैसे उसे दे दिए। क्योंकि, उनके बीच ये पुराना वादा था।



### 28 साल पहले दोस्तों के बीच हुआ था वादा

ये कहानी विस्कॉन्सिन में रहने वाले दो दोस्तों थॉमस कुक और जोसेफ फीनी की है। उन्होंने 1992 में एक -दूसरे से एक वादा किया कि अगर उन दोनों में से कोई भी लॉटरी जैकपॉट जीतता है, तो इनाम के पैसे वो आधे-आधे बांट लेंगे। इस बात को 28 साल बीत गए। इसी बीच थॉमस कुक ने साल 2020 में एक गैस स्टेशन से लॉटरी की टिकट खरीदी। उसे इस पर 22 मिलियन यूएस डॉलर यानी 1,88,01,75,000 रुपए का इनाम मिल गया। वो अपने घर में पत्नी के साथ नाश्ता कर रहा था, जब उसने देखा कि उसकी लॉटरी लग गई है। पत्नी भी बिल्कुल चौंक गई।

### पैसे मिलते ही दोस्त को किया फोन

जब थॉमस को एहसास हो गया कि उसकी लॉटरी लग गई है, तो उसने अपने दोस्त जोसेफ फीनी को फोन लगाकर ये बात बताई। पहले तो जोसेफ को लगा कि वो मजाक कर रहा है, तब उसने याद दिलाया कि 28 साल पहले उन्होंने समझौता किया था कि वे हर हफ्ते टिकट खरीदेंगे और जो जीतेगा वो पैसे बांट लेगा। जोसेफ ने कहा कि वो इतना पुरानी बात है, पर कुक ने कहा कि वादा सिर्फ वादा होता है। दोनों दोस्तों ने 16.7 मिलियन डॉलर कैश का विकल्प चुना और दोनों 487,204,667 रुपए अपने-अपने घर ले गए। चूंकि, दोनों रिटायर हो चुके हैं, इसलिए ये उनके लिए लग्जरी रिटायरमेंट का प्लान बन गया।

रायपुर, बुधवार 2 अप्रैल 2025 | चैत्र शुक्ल पक्ष चतुर्थी/पंचमी | वर्ष: 23, अंक: 254 | पृष्ठ : 12+4+4 = 20 मूल्य: 5.00** | haribhoomi.com




# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी




# टोल का झोल...60 किमी का फंडा धरातल से गायब
# रायपुर से जांजगीर तक 200 किलोमीटर में चार नाके

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶| बिलासपुर/ रायपुर

खास खबर

बिलासपुर जिले के आसपास महज 46 किमी के दायरे में तीन टोल नाके चल रहे हैं तो रायपुर से जांजगीर जाने वालों को 200 किमी के भीतर चार टोल नाकों में पैसे देने पड़ रहे हैं। इससे टोल वसूली के साथ ही लोगों के समय की बरबादी भी हो रही है। यह हालात तब हैं, जब केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने दो साल पहले संसद में बताया था कि 60 किमी के बाद ही दूसरा टोल होगा। ऐसे टोल खत्म होने तक आधार कार्ड के जरिए पास बनाकर टोल में एंट्री दी जाएगी, लेकिन ऐसा नहीं हो रहा है। बिलासपुर से रायपुर पहुंचने तक भोजपुरी, मुड़ीपार और फिर पाराघाट टोल नाके में पैसे देने पड़ रहे हैं। 1 अप्रैल से लागू बढ़ी दर की जांच की गई तो पाया गया कि भोजपुरी टोल प्लाजा में वाहन चालक जब दोनों तरफ की रसीद एक साथ कटाना चाहते हैं, तो मना कर दिया जा रहा है। जबकि पूरे देश के टोल नाकों में यही नियम होने की बात कही जा रही है। 24 घंटे के भीतर दो फेरे होने पर भी करीब 50 प्रतिशत कम राशि ▶▶|शेष पेज 5 पर

- रायपुर से निकलते ही कुम्हारी में भी टोल नाका
- सबसे अधिक परेशानी भोजपूरी टोल प्लाजा में, दोनों तरफ की रसीद वाहन चालकों को नहीं



## रोजाना गुजर रहे 25 हजार वाहन

पड़ताल में बात सामने आई कि पाराघाट नाके से करीब 4500, मुड़ीपार से करीब 4000 और भोजपुरी टोल नाके से करीब 15 हजार वाहन रोजाना गुजरते है। एक टोल नाके से 24 घंटे में आने-जाने का लाइट व्हीकल का शुल्क करीब 120 रुपए हैं। कमर्शियल व भारी वाहनों में यही शुल्क कहीं 150 और कहीं 250 रुपए है। इससे अधिक भारी वाहनों के लिए भी शुल्क है। इसके अलावा 24 घंटे से अधिक होने ▶▶|शेष पेज 5 पर

## कुम्हारी टोल से अब गुजरने पर कार चालक को देने होंगे 25 के बजाए 40 रुपए

- कुम्हारी टोल का बढ़ा टैक्स, चालकों को होगी दिक्कत
- भारी वाहनों को देना होगा दोगुना टोल टैक्स

भिलाई। कुम्हारी टोल का टैक्स 1 अप्रैल से बढ़ गया है। अब वाहन चालकों को बढ़ा दर देना पड़ेगा है। नई दर लागू हो गई है। जानकारी के मुताबिक रायपुर टाटीबंध ब्रिज निर्माण की राशि वसूली जाएगी। जिसे लेकर सांसद दुर्ग विजय बघेल ने अवैध कह चुके हैं। इसके बावजूद टोल टैक्स में बढ़ोत्तरी की गई है। भिलाई-दुर्ग पासिंग वाहनों ▶▶|शेष पेज 5 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

### कई मलबे में दबे, रह-रहकर होते रहे धमाकों से रेस्क्यू में आई परेशानी

# पटाखा गोदाम में कई धमाके, भीषण आग लगने से 20 मजदूर जिंदा जले

एजेंसी ▶▶| बनासकांठा

गुजरात के बनासकांठा जिला के डीसा में धुनवा रोड पर एक पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट होने से भीषण आग लग गई। आग में 18 मजदूरों के मरने की खबर है। घटना की सूचना मिलने पर दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई और आग पर काबू पाया। आग लगने के बाद एक के बाद एक कई धमाके होते ही गोदाम की कई दीवारें ढही और मलबा दूर-दूर तक फैल गया। घटना के बाद जांच के आदेश दिए गए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार फैक्ट्री में जब मजदूर पटाखे बना रहे थे, तभी जोरदार विस्फोट हुआ। इसके चलते कुछ श्रमिकों के शव दूर जाकर गिरे। फिलहाल 12 लोगों का इलाज चल रहा है। उनमें से तीन लोग 50 प्रतिशत से अधिक जल गये हैं।

डिसा विधायक प्रवीण मणि, डीएसपी, डिसा डिप्टी कलेक्टर, मामलतदार और प्रशासन के अन्य अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए हैं। जिला कलेक्टर ने बताया कि घटना के समय फैक्ट्री में कितने श्रमिक मौजूद थे, इस बारे में फिलहाल कोई जानकारी उपलब्ध नहीं है। घटना की सूचना मिलने पर दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। मलबा हटाने का काम भी किया गया है।

## झुलसे हुए 12 श्रमिक अस्पताल में भर्ती, तीन गंभीर

### मरने वालों की संख्या बढ़ने की आशंका

इस दुर्घटना में मरने वालों की संख्या बढ़ने की आशंका है। घटना के बारे में प्राप्त विवरण के अनुसार, डीसा के धुनवा रोड पर दीपक ट्रेडर्स नामक पटाखा फैक्ट्री स्थित है। आज आतिशबाजी बनाते समय विस्फोटक पदार्थ में अचानक विस्फोट हो गया, जिसके चलते आग लग गई। चूंकि यह एक पटाखा फैक्ट्री थी, इसलिए आग ने जल्द ही विकराल रूप ले लिया।

### अभी तक 20 शव बरामद

प्रारंभिक रिपोर्टों से पता चलता है कि 20 मजदूरों के शव बरामद किए गए हैं। करीब पांच मजदूरों को इलाज के लिए डीसा भेजा गया है। डीसा की एसडीएम नेहा पांचाल ने बताया कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार एक विस्फोट की आवाज सुनाई दी, जिससे छत गिर गई। इस घटना में कई लोग घायल हो गए। सभी को सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फिलहाल छह लोगों का इलाज चल रहा है। उनमें से तीन लोग 40 प्रतिशत से अधिक जल गये हैं।



### गरमाई सियासत

वहीं इस घटना पर अब सूबे की सियासत भी गरमा गई है। कांग्रेस गुजरात अध्यक्ष शक्तिसिंह गोहिल ने राज्य की बीजेपी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि किसी की जान जाने के बाद मुआवजे का ऐलान करने से उसके परिवार की स्थिति में सुधार नहीं होगा। सरकार पैसों के लिए गलत फायर सेफ्टी का सर्टिफिकेट दे रही है, जिसकी वजह से ऐसे जानलेवा हादसे हो रहे हैं।

### मृतक श्रमिक मप्र के, दो दिन पहले गए थे

हादसे का शिकार हुए सभी मजदूर मध्यप्रदेश के हरदा जिले के रहने वाले हैं। बताया जा रहा है कि वह दो दिन पहले ही मजदूरी के लिए गुजरात पहुंचे थे। वह सभी वहां पटाखा बनाने का काम कर रहे थे। पुलिस द्वारा मृतकों की शिनाख्त की जा रही है। धमाका इतना भीषण था कि कई मजदूरों के शरीर के टुकड़े 50 मीटर दूर तक बिखर गए।

### सीएम मोहन यादव ने दुख जताया

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुजरात के बनासकांठा में पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट से मध्यप्रदेश निवासी श्रमिकों के असामयिक निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार का गुजरात सरकार से घटना के संबंध में लगातार संपर्क बना हुआ है। श्रमिकों की सहायता और परिवारों की मदद के लिए सभी आवश्यक प्रयास होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बाबा महाकाल से असमय दिवंगत श्रमिकों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की है।

### सीएम पटेल ने किया मुआवजे का ऐलान

गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने घटना पर गहरा दुख जताते हुए कहा कि यह हादसा बेहद दर्दनाक है। इस मुश्किल समय में सरकार पीड़ित परिवारों के साथ खड़ी है। सीएम ने इसके साथ ही प्रशासन को राहत और बचाव कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ राज्य सरकार द्वारा मृतकों के परिवारों को चार लाख जबकि घायलों को 50 हजार रुपये देने का ऐलान किया है।

# महादेव सट्टे में सीबीआई ने दर्ज किया केस, 18 आरोपियों में भूपेश भी




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित महादेव सट्टा एप मामले में ईओडब्लू के बाद केंद्रीय जांच ब्यूरो ने भी एफआईआर दर्ज की है। इस एफआईआर में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल समेत 18 आरोपी बनाए गए हैं। सीबीआई ने छापों के पूर्व 18 दिसंबर को केस दर्ज किया है, लेकिन खुलासा अभी हुआ है।



खास बात ये है कि हाल ही में सीबीआई ने इस मामले के संबंध में छापेमारी की थी। जिन लोगों के ठिकानों पर ये छापे पड़े थे उनमें कुछ पुलिस अधिकारी और कर्मचारी भी शामिल हैं, लेकिन उनके नाम एफआईआर में शामिल नहीं हैं। केवल दो पुलिस कर्मियों के नाम एफआईआर में शामिल हैं जो लोग पूर्व में ही पकड़े जा चुके हैं।

### सौरभ और उप्पल भी

महादेव सट्टा एप जब से चर्चा और जांच एजेंसियों के निशाने पर आया है तब से इस मामले में मुख्य सूत्रधार के रूप में सौरभ चंद्राकर और रवि उप्पल के नाम सामने आए हैं। ये दोनों आरोपी अब तक किसी भी जांच एजेंसी के शिकंजे में नहीं आए। चर्चा ये है कि ये दोनों दुबई में कहीं छिपे हैं। ये दोनों भिलाई-दुर्ग के हैं। इनके बारे में कहा जाता है कि इन्होंने महादेव एप बनाकर अरबों रुपए कमाए हैं। आरोप है कि इन लोगों ने सत्ता और पुलिस का संरक्षण हासिल करने के बड़ी मात्रा में धन बांटा है। धन पाने वालों में पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार से जुड़े लोग और इस सरकार के कार्यकाल में प्रभावशाली रहे कुछ अधिकारी और पुलिस कर्मियों के नाम जांच के दायरे में हैं। हाल ही में सीबीआई ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, समेत छत्तीसढ़ के कुछ वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के घर छापे मारे थे। सीबीआई ने ये दावा किया है कि सट्टा एप पर देश भर में 60 स्थानों पर छापे मारे गए थे। राज्य की मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस ने एजेंसियों की इस कार्रवाई को राजनीतिक साजिश करार दिया था।

### ये है आरोपियों की सूची

सीबीआई द्वारा दर्ज की गई एफआईआर में शामिल आरोपियों में क्रमानुसार नाम तरह है- रवि उप्पल,शुभम सोनी, चंद्रभूषण वर्मा, असीम दास, सतीश चंद्राकर, भूपेश बघेल, नितीश दीवान, सौरभ चंद्राकर, अनिल अग्रवाल, विकास छापरिया, रोहित गुलाटी, विशाल आहूजा,धीरज आहूजा, अनिल कुमार धम्मानी, सुशील कुमार धम्मानी, भीम सिंह यादव, हरिशंकर टिबरवाल, सुरेंद्र बागड़ी। इस सूची में पुलिस कर्मी भीम सिंह यादव और चंद्रभूषण वर्मा के नाम है।

## खबर संक्षेप

### दिल्ली चिड़ियाघर में मृत मिले चिंकारा व काला हिरण

**नई दिल्ली।** देश के मॉडल दिल्ली चिड़ियाघर में एक चिंकारा और एक काले हिरण की मौत हो गई। दिल्ली प्राणि उद्यान के अधिकारियों के अनुसार, चिंकारा की मौत का सही कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद ही पता चलेगा। वहीं, प्रारंभिक रिपोर्टों से पता चला है कि काले हिरण की मौत वृद्धावस्था के कारण हुई।



### म्यांमार में भूकंप से अब तक 2,700 से अधिक मौतें

**बैंकॉक।** म्यांमार में पिछले सप्ताह आए 7.7 तीव्रता के विनाशकारी भूकंप में मरने वालों की संख्या 2,700 से अधिक हो गई है जबकि हजारों लोग घायल है। देश की मीडिया पर सैन्य सरकार के प्रमुख एवं वरिष्ठ जनरल मिन आंग ह्लाइंग ने राजधानी नेपीता में बताया कि मृतकों की संख्या और बढ़ सकती है।



### पटियाला में पुलिस चौकी के पास विस्फोट

**चंडीगढ़।** पंजाब के पटियाला जिले में बादशाहपुर पुलिस चौकी के पास विस्फोट जैसी आवाज सोमवार रात को सुनी गयी। पुलिस ने बताया कि विस्फोट सोमवार रात को सुना गया था, जिसके बाद पटियाला के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नानक सिंह के नेतृत्व में एक पुलिस दल ने स्थिति का जायजा लेने के लिए इलाके का दौरा किया।



### ट्रेन की टक्कर से रेलवे के 'सेक्शन इंजीनियर' की मौत

**बलिया।** यूपी में बलिया रेलवे स्टेशन पर एक मालगाड़ी की चपेट में आने से रेलवे के एक वरिष्ठ 'सेक्शन इंजीनियर' की मौत हो गई। आरपीएफ ने बताया कि रेलवे के 'सेक्शन इंजीनियर' शंकर मंडल अपने कार्यालय जाने के लिए सोमवार को रेल पटरी पार कर रहे थे।



### मलेशिया में गैस पाइप फटने से 100 से अधिक झुलसे

**कुआलालंपुर।** मलेशिया में कुआलालंपुर के बाहरी इलाके में गैस पाइपलाइन फटने से मंगलवार को लगी भीषण आग में 100 से अधिक लोग घायल हो गए और 49 मकानों में भारी नुकसान हुआ। कुआलालंपुर के बाहर 'पुत्रा हाइट्स' में एक गैस स्टेशन के पास लगी आग की लपटें कई किलोमीटर ऊपर तक कई घंटों धधकती दिखाई दे रही थीं।



### यौन उत्पीड़न मामले में फंसा था

# यशु-यशु वाले पादरी बजिंदर सिंह को आजीवन कारावास



एजेंसी ▶▶| मोहाली

चंडीगढ़ की मोहाली कोर्ट ने मंगलवार को यशु-यशु वाले पादरी बजिंदर सिंह को 2018 के यौन उत्पीड़न के मामले में उम्रकैद की सजा सुनाई है। कोर्ट ने आरोपी की दया याचिका को खारिज कर दिया और उसे भारतीय दंड संहिता की धारा 376 (बलात्कार), 323 (स्वेच्छा से चोट पहुंचाने की सजा) और 506 (आपराधिक धमकी) के तहत दोषी ठहराया गया है। कोर्ट ने पिछले हफ्ते उसे दोषी करार दिया था। उसे पटियाला जेल भेज दिया गया था। बता दें कि बजिंदर सिंह का येशु...येशु...गाना वायरल हुआ था जिसके बाद उसकी लोकप्रियता बढ़ गई थी।

- येशु...येशु... गाना वायरल हुआ था जिसके बाद हुआ फेमस

### कोर्ट ने क्या कहा?

कोर्ट ने कहा कि आरोपी ने खुद को एक धार्मिक नेता के तौर पर पेश किया और वह उन लोगों के खिलाफ ऐसा अपराध कैसे कर सकता है, जो उस पर आस्था रखते हैं। फैसला आने के बाद पीड़िता ने पादरी को एक मनोरोगी बताया और पुलिस से सुरक्षा मांगते हुए कहा कि वह जेल से बाहर आने के बाद भी यही करेगा। आरोपी के खिलाफ 28 फरवरी को एक अन्य महिला ने भी यौन उत्पीड़न का मुकदमा कराया है।

### कौन है पादरी बजिंदर सिंह?

हरियाणा के यमुनानगर में एक हिंदू जाट परिवार में जन्मे बजिंदर सिंह ने 15 वर्ष पहले एक हत्या के मामले में जेल में बंद होने के बाद ईसाई धर्म अपनाया था। वह अपने चमत्कारिक उपचारों के दावे के कारण हजारों लोगों की भीड़ को सभाओं में आकर्षित करता है। चर्च में पादरी बनने पर काम करने के बाद उसने 2016 में चर्च ऑफ ग्लोरी एंड विजडम नाम से अपना खुद का मंत्रालय शुरू कर दिया। उसका येशु...येशु...गाना वायरल हुआ था।

### पादरी को इस मामले में हुई सजा

अप्रैल 2018 में 35 वर्षीय महिला ने बजिंदर सिंह के खिलाफ यौन उत्पीड़न और दुष्कर्म का मामला दर्ज कराया था। पीड़िता का कहना था कि बजिंदर ने विदेश यात्रा में सहायता देने के बहाने उसे बहला-फुसलाकर अपने मोहाली स्थित घर में बुलाया था। इसके बाद उसने दुष्कर्म किया और उसका वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने की धमकी दी थी। इसके बाद पुलिस ने बजिंदर समेत 7 लोगों के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी।

# तेजाब फैक्ट्री में गैस का रिसाव तीन की मौत, 50 से ज्यादा गंभीर

एजेंसी ▶▶| जयपुर

राजस्थान के ब्यावर में रसायन कारखाने में खड़े एक टैंकर से हानिकारक गैस का रिसाव होने पर इसकी चपेट में आकर फैक्टरी के मालिक समेत तीन लोगों की मौत हो गई। गैस के प्रभाव से आसपास रहने वाले लोगों की तबीयत खराब होने पर 50 से अधिक लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जिला कलेक्टर महेन्द्र खड़गावत ने बताया कि सोमवार देर रात रिहायशी इलाके में स्थित कारखाने में गैस रिसाव हुआ जिसके कारण 53 लोग बीमार हो गए। गैस रिसाव के कारणों की जांच की जा रही है।



### कैसे लीक हुई गैस?

पुलिस ने बताया कि फैक्ट्री के टैंकर में 27 टन नाइट्रोजन गैस थी, जिसमें से 18 टन को खाली किया जा चुका था और 7 टन गैस को खाली करना था। इसी दौरान किसी ने टैंकर का ढक्कर खोल दिया, जिससे गैस लीक होने लगी और हवा में घुल गई। गैस के सीधे चपेट में आने से मालिक सहित दो कर्मियों की मौत हुई। गैस आसपास के इलाकों में भी फैल गई।

# दो मालगाड़ियों की टक्कर, इंजन में लगी आग, 2 ड्राइवर समेत तीन जिंदा जले

एजेंसी ▶▶| साहेबगंज

झारखंड के साहिबगंज जिले के बरहेट के सोनाजोड़ी के समीप में मंगलवार तड़के दो मालगाड़ियों की टक्कर में 2 ड्राइवर जिंदा जल गए, जबकि एक अन्य की भी मौत हो हुई है। हादसे में कम से कम पांच रेलकर्मी और एक सीआरपीएफ जवान भी घायल हुए हैं। घटनास्थल से जो तस्वीरें सामने आई हैं उसमें मालगाड़ी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हुई है। यह घटना अहले सुबह 3:30 से 4 बजे की बताई जा रही है। दुर्घटना एमजीआर रेलवे लाइन पर हुई। घायलों का इलाज चल रहा है।



**लूप लाइन में खड़ी गाड़ी को मारी टक्कर:** वहीं बीएस मॉल बंगाल के रहने वाले थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार खाली मालगाड़ी बरहेट एमटी पर लूप लाईन पर खड़ी थी, इसी दौरान कोयला लोड मालगाड़ी लूप लाइन पर आ गयी और खड़ी मालगाड़ी से उसकी सीधी टक्कर हो गयी। टक्कर इतनी जबर्दस्त थी कि मालगाड़ी के 5 वैगन पटरी से उतर गए।

### टक्कर से इंजन में लगी आग ड्राइवरों की मौत

मालगाड़ी के इंजन में आग लग गयी और खाली मालगाड़ी के ड्राइवर अंबुज महतो और कालेश्वर माल की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। दरअसल, झारखंड के गोड्डा जिले के ललमटिया से पश्चिम बंगाल के फरक्का एनटीपीसी के लिए ट्रेन जा रही थी। हादसा जिस लाइन में हुआ है उस पर ललमटिया से फरक्का तक कोयला लेकर माल गाड़ियां चलती हैं।

### जस्टिस वर्मा ने दिया जवाब, नकदी की जानकारी से किया इंकार

# कहां से आए कैश, वो कौन था?... सुप्रीम कोर्ट ने पूछे 3 सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

दिल्ली हाईकोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा के घर में कैश कांड का रहस्य बरकरार है। जस्टिस यशवंत वर्मा के घर लगी रहस्यमयी आग और कथित नोटों के जलने को लेकर जांच जारी है। इस बीच सुप्रीम कोर्ट ने जज यशवंत वर्मा से सीधे तौर पर तीन सवालों के जवाब तलब किए। सुप्रीम कोर्ट ने अपने सवालों में सीधे तौर पर घर में लगी आग और कथित नोटों के जलने को लेकर सवाल पूछा। जस्टिस वर्मा के घर 14 मार्च यानी होली वाली रात को आग लगी थी। आग पर काबू पाने के दौरान ही कैश कांड का खुलासा हुआ था।



### सुप्रीम कोर्ट की कमेटी कर रही जांच

फिलहाल अभी इस मामले में सुप्रीम कोर्ट की ओर से बनाई गई तीन सदस्यीय समिति जांच कर रही है। जस्टिस वर्मा की ओर से सुप्रीम कोर्ट ने जो सवाल पूछे थे, उस जवाब को भी जांच समिति को सौंप दिया गया है। बता दें कि इस कैश कांड के बाद जस्टिस वर्मा का इलाहाबाद हाईकोर्ट में ट्रांसफर हो गया है।

### जस्टिस यशवंत वर्मा से सुप्रीम कोर्ट के तीन सवाल थे

*पहला सवाल था कि जस्टिस वर्मा के घर में स्थित कमरे में मौजूद धन/कैश की उपस्थिति का हिसाब वह कैसे देते हैं? दूसरा सवाल था कि उक्त कमरे में पाए गए कैश का सोर्स बताएं? तीसरा अहम सवाल था कि वह व्यक्ति कौन है, जिसने 15 मार्च 2025 की सुबह कमरे से जले हुए नोट निकाले थे? अन्य हिदायतें भी : सुप्रीम कोर्ट ने जस्टिस वर्मा से यह भी कहा कि आप अपने मोबाइल फोन को नष्ट न करें। अपने मोबाइल फोन से किसी भी बातचीत संदेश या डेटा को न हटाए और न ही संशोधित करें। दूसरे सवाल का जवाब देते हुए जस्टिस वर्मा ने कहा कि पहले प्रश्न के जवाब से साफ तौर पर जाहिर है कि दूसरे प्रश्न का जवाब* ▶▶|शेष पेज 5 पर

### जस्टिस यशवंत वर्मा ने दिए जवाब

*दिल्ली हाईकोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा ने भी सुप्रीम कोर्ट के इन इन तीनों सवालों के सीधे जवाब दिए। पहले सवाल के जवाब में जस्टिस वर्मा ने लिखित रूप से कहा कि मुझे कभी भी घर के स्टोर रूम में पड़े किसी पैसे या नगदी के बारे में पता नहीं था। न तो मुझे और न ही मेरे परिवार के किसी भी सदस्य को कैश यानी नकदी के बारे में कोई जानकारी थी न ही इसका मुझसे या मेरे परिवार से कोई संबंध है।*

## चिंतन

# किसी का घर गिराना आश्रय के अधिकार का उल्लंघन

बुलडोजर जस्टिस पर देश की सुप्रीम अदालत एक बार फिर से सख्त है। सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश सरकार के बुलडोजर एक्शन को असंवैधानिक व असंवेदनशील करार दिया है। प्रयागराज में एक वकील, एक प्रोफेसर और तीन महिला याचिकाकर्ताओं के घरों को 2021 में बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया गया था। इस मामले की सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि घर गिराने की प्रक्रिया असंवैधानिक थी। घर ध्वस्त करने की ये मनमानी प्रक्रिया हमारी अंतरात्मा को झकझोरता है, राइट टू शेल्टर नाम की भी कोई चीज होती है। कोर्ट ने प्रयागराज विकास प्राधिकरण को आदेश दिया है कि पांचों पीड़ितों को 10-10 लाख रुपये का हर्जाना दिया जाए। दरअसल, किसी का घर गिराना संविधान के आश्रय के अधिकार का उल्लंघन है। गत माह 24 मार्च को यूपी के अंबेडकर नगर में अतिक्रमण विरोधी अभियान के दौरान एक तरफ झोपड़ियों पर बुलडोजर चलाया जा रहा था तो दूसरी तरफ 8 साल की एक बच्ची अपनी किताबें लेकर भाग रही थी। यह मार्मिक दृश्य था, इस तस्वीर ने सबको हैरान-परेशान कर दिया था। जस्टिस उज्ज्वल भुइयां ने इस घटना का जिक्र करते हुए कहा कि ये दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है, जहां अवैध रूप से तोड़फोड़ की जा रही थी और इसमें शामिल लोगों के पास निर्माण कार्य करने तक की क्षमता नहीं है। किसी भी राज्य सरकार का संवैधानिक कर्तव्य नागरिकों की सुरक्षा है, अवैध निर्माण के खिलाफ कार्रवाई नागरिकों के आश्रय अधिकार व मौलिक अधिकार की अवहेलना करके नहीं की जा सकती है। यह सही है कि प्रशासनिक हीलाहवाली के चलते शहरों में अनेक अवैध निर्माण हुए हैं, इसमें हमारा पूरा प्रशासनिक तंत्र जिम्मेदार है। सवाल है जब अवैध निर्माण हो रहा होता है, तब प्रशासन सोया क्यों रहता है? दूसरा प्रश्न भी है कि यदि कोई आपराधिक आरोपित है, इसका मतलब यह नहीं कि उसके आवास पर बुलडोजर चला कर समूचे परिवार को सजा दी जाए। राज्य सरकार को न कानून हाथ में लेने का अधिकार है, न किसी आरोपित को दोषी मानने का हक है। आरोपित के खिलाफ कानून सम्मत फैसला करने का अधिकार अदालत का है। अतीत में यूपी समेत कुछ राज्यों द्वारा अवैध कब्जे व अतिक्रमण ड्राइव के नाम पर अनेक आपराधिक रिकार्ड वाले आरोपियों के घरों व ठिकानों पर बुलडोजर एक्शन लिया गया था। इस मामले की सुनवाई के दौरान भी 13 जून 2024 को सुप्रीम कोर्ट ने बुलडोजर से लोगों के घर गिराए जाने को असंवैधानिक बताया था। अदालत ने कहा था कि यदि कार्यपालिका किसी व्यक्ति का मकान केवल इस आधार पर गिरा देती है कि वह अभियुक्त है, तो यह कानून के शासन का उल्लंघन है। यहां तक कि गंभीर अपराधों के आरोपी और दोषी के खिलाफ भी बुलडोजर की कार्रवाई बिना नियम का पालन किए नहीं की जा सकती। शीर्ष अदालत ने सख्त लहजे में कहा था कि किसी एक की गलती की सजा पूरे परिवार को नहीं दे सकते, सिर्फ आरोपी या दोषी होने पर घर नहीं गिराया जा सकता। प्रशासन को ये बताना होगा कि बुलडोजर एक्शन क्यों जरूरी है? हालांकि सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन के बाद भी महाराष्ट्र, पंजाब, गुजरात में बुलडोजर एक्शन देखे गए थे, जबकि गाइडलाइन टूटने पर अफसर के खिलाफ कार्रवाई की बात सुप्रीम कोर्ट ने कही थी। सरकार कानून के दायरे में ही काम करे और किसी परिवार के आश्रय का अधिकार नहीं छीने।



विश्लेषण
प्रमोद भार्गव

# म्यांमार भूकंप विकास के लिए खतरा

इस भूकंप के झटके भारत के पूर्वोत्तर राज्यों और पश्चिम बंगाल में भी अनुभव किए गए। चीन, वियतनाम, ताइवान, लाओस और श्रीलंका में भी भूकंप की तरंगें अनुभव की गई। याद रहे, भारत के भुज में 24 साल पहले आया भूकंप भी 7.7 तीव्रता का था, जिसमें 20 हजार लोगों की मौतें हुई थीं और डेढ़ लाख लोग घायल हुए थे। तीन लाख से ज्यादा घरों को नुकसान हुआ था। म्यांमार के भूकंप का केंद्र भूमि के 10 किमी नीचे था। भूकंप के केंद्र वाला म्यांमार का क्षेत्र संवेदनशील क्षेत्र के रूप में पूर्व से ही चिन्हित है। बावजूद यहां आवास और उद्योगों के लिए आलीशान अट्टालिकाएं खड़ी की जा रही हैं। भारतीय और यूरेशियन प्लेटों के टकराने का परिणाम इस भूकंप को माना जा रहा है।

म्यांमार में आए 7.7 तीव्रता के ताकतवर भूकंप ने 1700 से भी ज्यादा लोगों की जान ले ली और 2500 से भी ज्यादा लोग घायल हैं। भूकंप के प्रभाव में आकर जिस तरह से बहुमंजिला इमारतें ढहीं, सड़कें, पुल और बांध टूटे, बिजली और इंटरनेट सेवाएं ठप हो गईं, यह प्रकृति की एक ऐसी नजीर है, जो बढ़ते शहरीकरण के लिए चेतावनी है। थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में आए कुछ पलों के झटकों ने ही दुनिया के इस सुंदर शहर को थर्रा दिया। इसी बीच अमेरिका की भूगर्भीय सर्वेक्षण एजेंसी ने आशंका जताई है कि मरने वालों की संख्या 10 हजार से भी अधिक पहुंच सकती है। इस भूकंप के झटके भारत के पूर्वोत्तर राज्यों और पश्चिम बंगाल में भी अनुभव किए गए। चीन, वियतनाम, ताइवान, लाओस और श्रीलंका में भी भूकंप की तरंगें अनुभव की गई। याद रहे, भारत के भुज में 24 साल पहले आया भूकंप भी 7.7 तीव्रता का था, जिसमें 20 हजार लोगों की मौतें हुई थीं और डेढ़ लाख लोग घायल हुए थे। तीन लाख से ज्यादा घरों को नुकसान हुआ था। म्यांमार के भूकंप का केंद्र भूमि के 10 किमी नीचे था। भूकंप के केंद्र वाला म्यांमार का क्षेत्र संवेदनशील क्षेत्र के रूप में पूर्व से ही चिन्हित है। बावजूद यहां आवास और उद्योगों के लिए आलीशान अट्टालिकाएं खड़ी की जा रही हैं।

भारतीय और यूरेशियन प्लेटों के टकराने का परिणाम इस भूकंप को माना जा रहा है। दिल्ली राजधानी क्षेत्र में 17 फरवरी 2025 की सुबह 5.36 बजे रिएक्टर स्केल पर चार तीव्रता वाले भूकंप के झटके और धमाकों जैसी आवाजें सुनी गईं थीं। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के अनुसार भूकंप का केंद्र दिल्ली के धौलाकुआं के झील पार्क क्षेत्र में 5 किमी की गहराई में था। इस कारण इसकी तीव्रता भूगर्भ में ही कमजोर पड़ गई और सतह पर नहीं आने पाई। बिहार में भी भूकंप के झटके अनुभव किए गए। इसका केंद्र धरती की सतह से 10 किमी नीचे था। इसलिए असर केवल अनुभव हुआ। बावजूद भविष्य में भूकंप का यह संकेत दिल्ली के लिए विनाश की चेतावनी है। क्योंकि दिल्ली, हरिद्वार और महेंद्रगढ़ ,देहरादून के ऐसे पठारनुमा टीले पर बसा हुआ है, जहां से भूकंप की भ्रंश रेखा गुजरती है। अतएव यहां हमेशा भूकंप का खतरा बना रहता है। यह संकट इसलिए भी है, क्योंकि यमुना नदी के मैदानी क्षेत्र में भूमि की परत नरम है। हालांकि इस भूकंप को विवर्तनिक परत (टेक्टोनिक्स प्लेट) में किसी बदलाव के कारण आना नहीं माना गया था। इसके आने का कारण स्थानीय भूगर्भीय विविधता को माना जा रहा है। याद रहे हिमालय के उत्तरी तलहटी में स्थित चीन के तिब्बत स्वायत्त क्षेत्र शिगात्से के निकट तिंगरी काउंटी में 7 जनवरी 2025 को 7.1 तीव्रता का भूकंप आया था। इसमें 126 लोग मारे गए थे। भूकंप से तिब्बत में किसी बांध या जलाशय को हानि नहीं पहुंची थी।

गौरतलब है कि भूकंप ने भारतीय सीमा के निकट तिब्बत में ब्रह्मपुत्र नदी पर दुनिया का सबसे बड़ा बांध बनाने की योजना ने भारत और बांग्लादेश को चिंता में डाल दिया है। क्योंकि यह पूरा क्षेत्र भारत और यूरेशियन टेक्टोनिक प्लेटों में टकराव के कारण चीन के दक्षिण-पश्चिम हिस्से नेपाल और उत्तर-भारत में अकसर भूकंप आते रहते हैं। भूकंप की चेतावनी संबंधी प्रणालियां अनेक देशों में संचालित हैं लेकिन वह भू-गर्भ में हो रही



दानवी हलचलों की सटीक जानकारी समय पूर्व देने में लगभग असमर्थ हैं। क्योंकि प्राकृतिक आपदाओं की जानकारी देने वाले अमेरिका, जापान, भारत, नेपाल, चीन और अन्य देशों में भूकंप आते ही रहते हैं। इसलिए यहां लाख टके का सवाल उठता है कि चांद और मंगल जैसे ग्रहों पर मानव बस्तियां बसाने का सपना और पाताल की गहराइयों को नाप लेने का दावा करने वाले वैज्ञानिक आखिर पृथ्वी के नीचे उत्पात मचा रही हलचलों की जानकारी प्राप्त करने में क्यों असफल हैं ? जबकि वैज्ञानिक इस दिशा में लंबे समय से कार्यरत हैं। अमेरिका एवं भारत समेत अनेक देश मौसम व भूगर्भीय हलचल की जानकारी देने वाले उपग्रह अंतरिक्ष में स्थापित कर चुके हैं। दरअसल दुनिया के नामचीन विशेषज्ञों व पर्यावरणविदों की मानें तो सभी भूकंप प्राकृतिक नहीं होते, बल्कि उन्हें विकराल बनाने में मानवीय हस्तक्षेप शामिल है। इसीलिए इस भूकंप को स्थानीय भू-गर्भीय विविधता का कारण माना गया है। दरअसल प्राकृतिक संसाधनों के अकूत दोहन और फिर शहरीकरण और औद्योगिकीकरण के लिए शैतानी निर्माण से छोटे स्तर के भूकंपों की पृष्ठभूमि तैयार हो रही है। भविष्य में इन्हीं भूकंपों की व्यापकता और विकरालता बढ़ जाती है। यही कारण है कि भूकंपों की आवृत्ति बढ़ रही है। भूकंपों का वैज्ञानिक आकलन करने से यह भी पता चला है कि भूकंपीय विस्फोट में जो ऊर्जा निकलती है, उसकी मात्रा भी पहले की तुलना में ज्यादा शक्तिशाली हुई है। जापान और फिर क्वोटो में आए सिलसिलेवार भूकंपों से पता चला है कि धरती के गर्भ में अंगड़ाई ले रही भूकंपीय हलचलें महानगरीय आधुनिक विकास और आबादी के लिए अधिक खतरनाक साबित हो रही हैं। ये हलचलें भारत, पाकिस्तान, चीन और बांग्लादेश की धरती के नीचे भी अंगड़ाई ले रही हैं। इसलिए इन देशों के महानगर भूकंप के मुहाने पर खड़े हैं। हैरानी इस बात पर है कि विज्ञान की आश्चर्यजनक तरक्की के बाद भी वैज्ञानिक आज तक ऐसी तकनीक ईजाद करने में असफल रहे हैं, जिससे भूकंप की जानकारी आने से पहले मिल जाए। भूकंप के लिए जरूरी ऊर्जा के एकत्रित होने की प्रक्रिया को धरती की विभिन्न परतों के आपस में टकराने के सिद्धांत से आसानी से समझा जा सकता है।

ऐसी वैज्ञानिक मान्यता है कि करीब साढ़े पांच करोड़ साल पहले भारत और आस्ट्रेलिया को जोड़े रखने वाली भूगर्भीय परतें एक-दूसरे से अलग हो गईं और वे यूरेषिया परत से जा टकराईं। इस टक्कर के फलस्वरूप हिमालय पर्वतमाला अस्तित्व में आई और धरती की विभिन्न परतों के बीच वर्तमान में मौजूद दरारें बनीं। हिमालय पर्वत उस स्थल पर अब तक अटल खड़ा है, जहां पृथ्वी की दो अलग-अलग परतें परस्पर टकराकर एक-दूसरे के भीतर घुस गई थीं। परतों के टकराव की इस प्रक्रिया की वजह से हिमालय और उसके प्रायद्वीपीय क्षेत्र में भूकंप आते रहते हैं। इसी प्रायद्वीप में ज्यादातर एशियाई देश बसे हुए हैं। वैज्ञानिकों का मानना है कि रासायनिक क्रियाओं के कारण भी भूकंप आते हैं।

विकास के लिए पानी, गैस, खनिज, इस्पात, ईंधन और लकड़ी जरूरी हैं। नतीजतन जो कॉर्बन गैसें बेहद न्यूनतम मात्रा में बनती थीं, वे अब अधिकतम मात्रा में बनने लगी हैं। इस वजह से वायुमंडल में इकतरफा दबाव बढ़ रहा है। इस कारण धरती पर पड़ने वाली सूरज की गर्मी प्रत्यावर्तित होने की बजाय, धरती में ही समाने लगी है। गोया, धरती का तापमान बढ़ने लगा, जो जलवायु परिवर्तन का कारण तो बना ही, प्राकृतिक आपदाओं का कारण भी बन रहा है। ऐसे में सीमेंट, लोहा और कंक्रीट के भवन जब गिरते हैं, तो मानव त्रासदी ज्यादा होती है। जैसे कि हमें अमेरिका के लॉस एंजीलिस शहर में लगी आग में देखने में आ रहा है।

(लेखक वरिष्ठ साहित्यकार और पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं। लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।)

विमर्श
गिरीश चन्द्र पाण्डे



# जलवायु परिवर्तन की अनदेखी हानिकारक

हाल ही में नई दिल्ली में पर्यावरण पर राष्ट्रीय सम्मेलन 2025 का आयोजन किया गया था। दो दिन के इस सम्मेलन का आयोजन राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने किया। एनजीटी का कार्य पर्यावरण से जुड़े विवादों को प्रभावी एवं सुविधाजनक तरीके से शीघ्र निपटाना है। इसलिए इस सम्मेलन की महत्ता स्वयंसिद्ध है। सम्मेलन में जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण नियंत्रण, जैव विविधता संरक्षण तथा सतत विकास सहित पर्यावरण के समक्ष चुनौतियों के समाधान पर विचार-विमर्श किया गया। इन सभी सत्रों का उद्देश्य भारत और विश्व में पर्यावरणीय स्थिरता को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न क्षेत्रों के बीच अर्थपूर्ण संवाद और सहयोग को आगे बढ़ाना था। सम्मेलन में पर्यावरण के प्रति सचेत और संवेदनशील जीवन शैली अपनाने के महत्व. को रेखांकित किया गया। साथ ही इस सम्मेलन में भावी पीढ़ियों को स्वच्छा पर्यावरण उपलब्ध कराने का एक नैतिक दायित्व भी माना गया। चूंकि सभी के सामूहिक प्रयासों के माध्यम से ही पर्यावरण का संरक्षण और उसका संवर्धन संभव है, इसलिए इसके लिए नागरिकों से पर्यावरण संरक्षण पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह भी किया गया। क्लाइमेट चेंज की भयावह समस्या किसी एक राष्ट्र तक सीमित नहीं है, इसलिए सम्मेलन में वैश्विक पर्यावरण की चुनौतियों से निपटने के लिए सीमा पार सहयोग और नवाचारी नीतियों की आवश्यकता को भी रेखांकित किया गया ताकि एक साथ पारिस्थितिक संसाधनों के संरक्षण और आर्थिक विकास को आगे बढ़ाया जा सके। जहां तक भारत का सम्बन्ध है, केन्द्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के अनुसार भारत कम कार्बन वाली प्रौद्योगिकी में नवाचार को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है और मंत्रालय का मानना है कि विकासशील देशों के लिए त्वरित पर्यावरणीय आर्थिक विकास ही जलवायु परिवर्तन से सर्वश्रेष्ठ बचाव है। निश्चित तौर पर इस सम्म्लेन को हम क्लाइमेट चेंज की समस्या से निपटने में सहयोग को बढ़ावा देने, जागरुकता लाने तथा पर्यावरण संरक्षण के सामूहिक मिशन को आगे बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम कह सकते हैं।

हम यह भी देख रहे हैं कि जैसे-जैसे वैश्विक तापमान बढ़ रहा है, इससे न केवल ग्लेशियर पिघल रहे हैं बल्कि जंगल की आग भी बड़े पैमाने पर तबाही मचा रही है। ग्लेशियरों के पिघलने से न केवल पर्यावरण बल्कि मानव जीवन और अर्थव्यवस्था पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। समुद्र के स्तर में वृद्धि होने से तटीय क्षेत्रों और द्वीपीय देशों में बाढ़ का खतरा बढ़ जाता है। इसीलिए भारत में मुंबई, कोलकाता और चेन्नई जैसे तटीय शहरों को अधिक खतरा है। नदियों में पानी की मात्रा अचानक बढ़ने से बाढ़ और भूस्खलन का खतरा भी बढ़ जाता है। यही नहीं, ग्लेशियरों से पिघलकर आने वाला पानी नदियों का मुख्य स्त्रोत होता है, खासकर गंगा, ब्रह्मपुत्र और सिंधु जैसी नदियों के लिए। ये तीनों नदियां देश को 63 प्रतिशत के आसपास पानी देती हैं जिनमें अकेले गंगा का हिस्सा लगभग 25 प्रतिशत है। इसलिए ग्लेशियर खत्म होने की स्थिति में इन नदियों में पानी की मात्रा घट जाएगी, जिससे भविष्य में भारत, पाकिस्तान, नेपाल और बांग्लादेश जैसे देशों में जल संकट गहरा सकता है। कई जीव-जंतु और पौधे ठंडी जलवायु में जीवित रहते हैं। ग्लेशियरों के पिघलने से उनका आवास नष्ट हो जाता है, जिससे कई प्रजातियों के विलुप्त होने का खतरा भी बढ़ जाता है। जैव विविधता पर भी इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। नदियों में पानी की कमी होने से सिंचाई पर प्रभाव पड़ता है, जिससे कृषि और खाद्य सुरक्षा भी प्रभावित होती है। जलवायु परिवर्तन के मूल कारण ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को पहले नियंत्रित करना होगा। नवीकरणीय ऊर्जा स्त्रोतों की ओर बढ़ना, ऊर्जा दक्षता में सुधार करना तथा पौधरोपण को बढ़ावा देना दीर्घकालिक समाधान हो सकते हैं। कुछ विश्व नेता अभी भी जलवायु परिवर्तन की गंभीरता को नज़रअंदाज़ कर रहे हैं और इस संकट को हल करने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के प्रति पूरी तरह उदासीन दिखाई देते हैं। वे भूल जाते हैं कि क्लाइमेट चेंज की रफ्तार यदि ऐसी ही बनी रही तो उसके समक्ष अथर्व्यवस्था बौनी साबित होगी। अमरीका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने पहले कार्यकाल की भांति इस बार भी अपने को पेरिस जलवायु समझौते से अलग कर लिया है। निश्चित तौर पर इस कदम से वैश्विक प्रयासों में बाधा पड़ती है। उम्मीद करें कि विश्व समुदाय मिलकर पेरिस जलवायु समझौते जैसे अंतरराष्ट्रीय समझौतों के प्रति अपना वचनबद्धता की पुनः पुष्टि करते हुए निर्णायक कार्रवाई करने की दिशा में आगे बढ़ेगा।

(लेखक साहित्यकार व विश्लेषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## हृदय का करें अनुसरण



संकलित
दर्शन

कोई भी धर्मग्रंथ हमें धार्मिक नहीं बना सकता। चाहे हम दुनिया के सारे धर्मग्रंथ पढ़ डालें, परंतु फिर भी ईश्वर या धर्म का हमें तनिक भी ज्ञान नहीं होता। हम सारी उम्र धर्म या ईश्वर संबंधी बातें करते रहें, पर हमारी आध्यात्मिक उन्नति नहीं होती। दुनिया के विद्वानों ने भले ही हमारी बुद्धि प्रखर कर दी हो, पर हम ईश्वर तक नहीं पहुंच सके। पाश्चात्य संस्कृति का दोष यह है कि हम बुद्धि का संस्कार करते समय हृदय के संस्कार की ओर ध्यान ही नहीं देते। इसका परिणाम यह होता है कि मनुष्य दस गुना स्वार्थी हो जाता है। यदि हृदय और बुद्धि में विरोध उत्पन्न हो, तो तुम हृदय का अनुसरण करो, क्योंकि बुद्धि केवल एक तर्क के क्षेत्र में ही काम कर सकती है, वह उसके परे जा ही नहीं सकती, पर वह केवल हृदय ही है, जो हमें उच्चतम भूमिका पर आरूढ़ करता है। वहां तक बुद्धि कभी नहीं पहुंच सकती। हृदय, बुद्धि का अतिक्रमण कर अंतःस्फूर्ति को पा लेती है। बुद्धि से कभी अंतःस्फूर्ति प्राप्त नहीं हो सकती। अंतःस्फूर्ति का कारण केवल ज्ञानोदय बासित हृदय ही है। बुद्धिप्रधान, किंतु हृदय शून्य मनुष्य कभी स्फूर्तिमान नहीं बन सकता। प्रेममय पुरुष की समस्त क्रियाएं उसके हृदय से अनुप्राणित होती हैं। एक ऐसा उच्चतर साधन, जिसे बुद्धि कभी नहीं दे सकती, अगर किसी ने पाया है तो हृदय ने ही, और वह साधन है अंतःस्फूर्ति। जिस तरह बुद्धि ज्ञान का साधन है, उसी तरह हृदय अंतःस्फूर्ति का। शुरुआत में हृदय इतना शक्तिशाली नहीं होता, जितनी कि बुद्धि।

## एक सत्संग ऐसी भी



संकलित
प्रेरणा

एक सेठ और सेठानी रोज सत्संग में जाते थे। सेठजी के घर एक पिंजरे में तोता पाला हुआ था। तोता एक दिन पूछता हैं कि सेठजी आप रोज कहाँ जाते है। सेठजी बोले कि, सत्संग में ज्ञान सुनने जाते है। तोता कहता है, सेठजी संत महात्मा से एक बात पूछना कि में आजाद कब होऊंगा। सेठजी सत्संग खत्म होने के बाद संत से पूछते है कि महाराज हमारे घर जो तोता है उसने पूछा हैं की वो आजाद कब होगा? संत जी ऐसा सुनते हीं बेहोश होकर गिर जाते है। घर आते ही तोता सेठजी से पूछता है कि सेठजी संत ने क्या कहा। सेठजी कहते है तेरी आजादी का पूछते ही वो बेहोश हो गए। दूसरे दिन सेठजी सत्संग में जाने लगते है तब तोता पिंजरे में जानबूझ कर बेहोश होकर गिर जाता हैं। सेठजी उसे मरा हुआ मानकर जैसे हीं उसे पिंजरे से बाहर निकालते है, तो वो उड़ जाता है। सत्संग जाते ही संत सेठजी को पूछते है कि कल आप उस तोते के बारे में पूछ रहे थे ना अब वो कहाँ हैं। सेठजी कहते हैं, हाँ महाराज आज सुबह-सुबह वो जानबुझ कर बेहोश हो गया , मैंने देखा की वो मर गया है इसलिये मैंने उसे जैसे ही बाहर निकाला तो वो उड़ गया। तब संत ने सेठजी से कहा की देखो तुम इतने समय से सत्संग सुनकर भी आज तक सांसारिक मोह-माया के पिंजरे में फंसे हुए हो और उस तोते को देखो बिना सत्संग में आये मेरा एक इशारा समझ कर आजाद हो गया।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### जनप्रतिनिधियों को वेतन पेंशन देने का औचित्य

भारत एक गौरवशाली लोकतांत्रिक गणराज्य है। हालांकि, विषय विचारणीय है कि संविधान में उल्लिखित आदर्श और सिद्धांत, जिनका उद्देश्य सभी नागरिकों को समान अधिकार और न्याय सुनिश्चित करना था, उनके अर्थों को समय-समय पर स्वहित में तोड़-मरोड़ कर प्रस्तुत करने की प्रवृत्ति भी उतनी ही पुरानी हो गई है। लोकतंत्र में जनता अपने प्रतिनिधियों का चयन इस विश्वास के साथ करती है कि वे उनके अधिकारों और कल्याण के लिए कार्य करेंगे। इन्हें जनसेवक कहा जाता है, लेकिन व्यवहार में इनका कार्य सेवा से अधिक 'सुविधा और लाभ' की ओर झुका हुआ है। संसद में हो रहे व्यवधान से प्रश्न उठता है कि क्या इन्हें वेतन और पेंशन दी जानी चाहिए या नहीं? भारत की समूह जनता को इस विषय पर चिंतन करना है।

*- विवेक सक्सेना, राजनांदगांव*

## ट्रेंड

### 'ओडिशा दिवस' हर वर्ष



दिल्ली सरकार ने निर्णय लिया है कि हर वर्ष 'ओडिशा दिवस' को भव्य रूप से मनाया जाएगा। ओडिशा की संस्कृति, परंपराओं और योगदान का सम्मान करना हम सबका कर्तव्य है। हम इसे और सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।
-रेखा गुप्ता, सीएम, दिल्ली

### नशे के खिलाफ़ कदम



पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार ने पिछले 1 महीने में नशे के खिलाफ़ ऐसे सख्त कदम उठाए हैं, जो पिछले 75 सालों में नहीं हुए। अब इसे जनआंदोलन बनाकर पंजाब के गांव-गांव में जागरूकता फैलाएंगे और लोगों को जोड़ेंगे, हर पिंड से नशे को खत्म करना ही हमारा संकल्प है।
-अरविन्द केजरीवाल, पूर्व सीएम, दिल्ली

### उत्कल दिवस



प्राकृतिक सुंदरता, प्राचीन शिल्पकारी और अनूठी संस्कृति से समृद्ध ओडिशा राज्य, भारत का गौरव है। सभी प्रदेशवासियों को उत्कल दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं!
-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद

### महाभारत का मंच



महाभारत एक ऐसा मंच होना चाहिए जो कई कहानियाँ कहने का समर्थन करता हो.. यह क्वांटम कहानी कहने के सबसे करीब है.. पात्र पात्रों से विकसित होते हैं.. चलो बात करते हैं।
-शेखर कपूर, फिल्मकार

**अपने विचार**
हरिभूमि कार्यालय
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।

## करंट अफेयर

### तीन मुस्लिम देशों का दौरा आखिर क्या है ट्रंप का प्लान

डोनाल्ड ट्रंप इमिग्रेशन से लेकर टैरिफ तक लगातार सख्त फैसले ले रहे हैं। हालांकि ट्रंप कई देशों से रिश्ते सुधारने में भी जुट गए हैं और इसी एवज में वो तीन मुस्लिम देशों का दौरा करने जा रहे हैं। इस बात की जानकारी खुद ट्रंप ने दी और कहा कि सत्ता में वापसी के बाद पहली विदेश यात्रा सऊदी अरब की हो सकती है। अगले महीने ही डोनाल्ड ट्रंप सऊदी अरब की यात्रा कर सकते हैं। उन्होंने सोमवार को व्हाइट हाउस में कहा कि उनकी सत्ता में वापसी के बाद पहली विदेश यात्रा सऊदी अरब की हो सकती है। ट्रंप ने कहा कि अगले महीने ये यात्रा हो सकती है, या थोड़ा बाद में। उन्होंने इसी के साथ कतर समेत कुछ अन्य देशों में भी जाने की संभावना जताई रहे हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि यूएई बहुत महत्वपूर्ण है, इसलिए मैं यूएई और कतर में रुकेंगे। सऊदी अरब के अधिकारियों ने हमारी अमेरिकी कंपनियों में लगभग एक ट्रिलियन डॉलर खर्च करने पर सहमति व्यक्त की है, जिसका अर्थ मेरे लिए नौकरियां हैं। अमेरिकी कंपनियां सऊदी अरब और मध्य पूर्व के अन्य स्थानों के लिए उपकरण बनाएंगी। बता दें कि जनवरी में सऊदी क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान ने अमेरिकी व्यापार और निवेश में 600 बिलियन डॉलर जमा करने का वादा किया था।



## ऑफ बीट

### दिन में तीन पहरों में रूप बदलती है ज्ञान की देवी मां शारदा

बुंदेलखंड के जालौन जिले में ज्ञान की देवी मां शारदा का ऐसा मंदिर है जिसके बारे में मान्यता है कि एक कुंड से प्रकट हुईं आदि शक्ति दिन के तीन पहरों में अलग अलग रुपों में अपने भक्तों को दर्शन देती हैं। जिला मुख्यालय उरई से लगभग 30 किमी दूर ग्राम बैरागढ़ में स्थित इस मंदिर में ज्ञान की देवी सरस्वती मां शारदा के रूप में विराजमान हैं। किवदंतियों के अनुसार, यह मंदिर आदिकाल में निर्मित हुआ था और मां शारदा की मूर्ति मंदिर के पीछे बने एक कुंड से निकली थी। इस कारण इस स्थान को शारदा देवी सिद्ध पीठ कहा जाता है। मान्यता है कि देवी प्रतिमा दिन में तीन रूपों में दिखती है, सुबह के समय कन्या के रूप में, दोपहर को युवती के रूप में और शाम को मां के स्वरूप में। इन अद्भुत दर्शनों के लिए श्रद्धालु पूरे देश से यहां आते हैं। पुजारी शारदा शरण द्विवेदी ने बताया कि मंदिर प्रांगण में पाखर का वृक्ष नवरात्र के समय हरा भरा हो जाता है जहां श्रद्धालु पेड़ के नीचे तप और ध्यान भी करते हैं। भक्त मानते हैं कि पेड़ के नीचे बैठकर जो अपनी मन्नत होती है वह पूर्ण होती है। मां शारदा शक्ति पीठ ऐतिहासिक रूप से भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह पृथ्वीराज चौहान और आल्हा-उदल के युद्ध की साक्षी रही है।



लोकगीत

गौकरण मानिकपुरी

## देवी दुर्गा की स्तुति में पचरा गीत



छत्तीसगढ़ अंचल में नवरात्रि के अवसर पर देवी दुर्गा की आराधना और स्तुति में नौ दिन तक गाए जाने वाले गीत को पचरा गीत कहते हैं। यह गीत प्रबंधात्मक होने के कारण लंबे होते हैं। माता देवालयों में स्थानीय निवासरत ग्रामीण या मोहल्ला के लोग सामूहिक रूप से माता के गुणों का बखान जस पचरा के माध्यम से करते हैं। इस पचरा गीत में ढोलक, तासक, झांझ, और मंजीराजैसे लोक वाद्य का उपयोग किया जाता है। मुख्य गायक गायन करता है और शेष मुख्य गायक की पंक्ति को दोहराते जाते हैं इस पूरी प्रक्रिया को नवरात तार भी कहते हैं। पचरा गीत में लाल लंगूरवा, सुरहीन गाय, राजा महाराजा और वीर राज नायकों के अलावा माता के विभिन्न रूपों और उनके यश कीर्ति का गुणगान करते हैं। इस गीत के अंतिम में हो माय... का लम्बा राग मुख्य गायक द्वारा दिया जाता है। ग्रामीण भक्त जन पूरे उत्साह के साथ जस पचरा गायन में कोई कमी नहीं करते। भक्त इस जस पचरा के गायन को सुनकर मंत्र मुग्ध हो जाते हैं -

संझा के बेरा म लाल लंगूरवा, पहुंचत हे गढ़ हिंगलाज हो माय...
तीर तीर झेंके हे नदिया छतरंग ह, मेघे में शिव पहाड़ हो माय...
तेकर तरी म गढ़ हिंगलाज हे, बइठे हे जलहरी महराज हो माय...

गांव की कहानी

कमल नारायण

## भगवान श्रीराम के पद चिन्ह के प्रमाण ग्राम इंजरम में



छत्तीसगढ़ में भगवान राम का अंतिम पड़ाव का प्रमाण सुकमा जिले के इंजरम गांव में मिलता है। यह इंजरम गांव शबरी नदी के तट पर राष्ट्रीय राजमार्ग पर बसा है। ' इंजे राम वतोड़ ' इस शब्द का अर्थ स्थानीय गोंडी भाषा में ' राम यहां आए ' है। इस शब्द से ही इंजरम बना है। इंजरम गांव के आसपास प्राचीन शिव मंदिर के भग्नावशेष बिखरे पड़े हैं। यहां एक चट्टान पर भगवान राम के पद चिन्ह मिलते हैं। यह स्थल आदिवासियों की आस्था का केन्द्र है। इस गांव के अलावा आसपास कुछ किलोमीटर की दूरी पर ओडिशा के मोटू नामक ग्राम से लगे जंगल में श्रीराम, जानकी और लक्ष्मण की प्रतिमाएं मिली हैं। यहां उत्खनन के दौरान शिव पार्वती तथा कई अन्य देवी देवताओं की प्रतिमाएं भी मिली हैं। छत्तीसगढ़ के अंतिम छोर के इस गांव से कोंटा होते हुए भगवान श्रीराम वर्तमान तेलंगाना के भद्राचलम पहुंचे थे। भद्राचलम में गोदावरी नदी के तट पर भगवान श्रीराम का प्राचीन मंदिर है। यहीं से कुछ ही दूरी पर स्थित अगस्त ऋषि आश्रम तथा पर्णकुटीर अथवा पंचवटी भी आस्था के केन्द्र हैं।

आस्था

दिनेश वर्मा

## प्रकृति संरक्षण का संदेश देता चैतरई परब



बस्तर के आदिवासी समाज की संस्कृति व पर्व प्रकृति के संरक्षण पर अवलंबित होता है। वे प्रकृति के उपकारों को स्वीकार कर उनके प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करते हैं। इस अभिव्यक्ति को स्वीकार करने का श्रेय आदिवासी समाज के धर्म गुरु मुठवा पोय पाहंदीपारी कुपार लिंगो को जाता है जिन्होंने इस संस्कृति का आरंभ किया । बस्तर अंचल में चैत्ररई परब चैत्र शुक्ल तेरस को मनाया जाता है । इस परब को आमाजोगनी या मरकापंडुम भी कहा जाता है । मरकापंडुम परब मनाने का मुख्य उद्देश्य वनोपज व मौसमी फलों के पूर्णतः परिपक्व होने के पश्चात सेवन करना होता है । मानव में एक उम्र विशेष पूर्ण होने के पश्चात उन्हें वयस्क की संज्ञा दी जाती है , इस अवधारणा को बस्तर वासी प्रकृति में भी देखतें है इसलिये वे अपरिपक्व फलों को नही तोड़तें क्योंकि फलों के आरंभिक अवस्था मे अम्ल अधिक होता है जो स्वास्थ्य को अधिक नुकसान पहुंचाता है। अपरिपक्व फल तो तोड़ने से जो रस टपकता हूं वह त्वचा जला देता है। इस रस में मैगी फेरिक एसिड, मेंगी फेरेंन एसिड, रेजनाल व घातक अम्ल युरोसियाल होता है। इसके अलावा कच्चे आम के फलों को तोड़ने से अनाकार्टिक ऐसिड का रिसाव होता है जो हानिकारक है। मान्यता के अनुसार रामनवमीं के पूर्व अवयस्क आम को तोड़ने से बीज बनने की संभावना कम होती है ऐसे फलों में अंकुरण नही होता।

नवरात्रि का परब शुक्ल पक्ष की प्रथम दिन से नौवे दिन तक मनाया जाता है। नवरात्रि में माता दुर्गा की आराधना करके आत्म शक्ति को जागृत किया जाता है। नवरात्रि का त्योहार सामुदायिक होता है। छत्तीसगढ़ की संस्कृति में माता दुर्गा की पूजा सामुदायिक रूप से की जाती है और जंवारा बोया जाता है ।





# नवरात्रि में जंवारा का महत्व

पुराणों के अनुसार जंवारा की उत्पत्ति महाभारत काल से मानी जाती है। माना जाता है कि, द्रौपदी को दुर्गा मां का स्वरूप मानकर पांडवों ने संध्या प्रहर में जंवारा बोकर पूजन किए थे।तभी से जंवारा बोने की परंपरा नवरात्र के समय प्रत्येक देवी मंदिरों में किया जाता है। प्रत्येक देवी मंदिरों में नवरात्र के प्रथम दिन से बांस की टोकरी में जौ और गेहूं बोया जाता है, जिसे जंवारा कहा जाता है। नौ दिनों तक माता की आराधना कर स्तुति करते हैं। लोक मान्यता है, कि सेवागीत करने से , सेवा गाने से जंवारा तेजी से बढ़ता है। लोकमान्नस में प्रचलित है कि दो-तीन दिन में अगर जौ बहुत अच्छे से उगता है, तो देवी माता की कृपा सब पर बनी रहती है, और सब मंगलमय होता है।अगर जौ में अंकुरण सही से नहीं होता है तो वह शुभ संकेत नहीं माना जाता। दसवें दिन जब जंवारा का विसर्जन किया जाता है ,तब विसर्जन करने वाले जंवारा को, बदकर मित्रता करने की परंपरा है। ग्रामीण अंचल के लोग विसर्जित करने वाले जंवारा को एक दूसरे के कानों में लगा कर गले मिलते हैं और तब से उनमें मित्रता हो जाती है और वह अटूट रहता है साथ ही उसका नाम नहीं पुकारा जाता था । संबोधन में भी जंवारा कह करके गले मिलते हैं। वर्तमान समय में ग्रामीण अंचल में और शहरी अंचल में जंवारा बदकर मित्रता करने की परंपरा खत्म हो रही है।





परब विशेषः डा. ज्योति चंद्राकर

परम्पराः तिलकेश्वरी पठारे

## मनोकामना पूरी करती हैं किल्ले वाली माता



छत्तीसगढ़ की पावन धरा में सभ्यता और संस्कृति रची बसी है। यहां के कण कण में वैभव कालीन सभ्यता और संस्कृति के अवशेष मिलते हैं। छत्तीसगढ़ प्रारम्भ से ही धार्मिक आस्था का केंद्र रहा है इन्ही में से एक है बालोद जिले के लौह नागरी के नाम से प्रसिद्ध दल्लीराजहरा से 12 किलोमीटर दूर कोटगांव में स्थित किल्लेवाली माता का मंदिर, जिसकी ऊंचाई लगभग 3000 फीट है। माता के दरबार तक पहुंचने के लिए लगभग 200 सीढी चढनी पड़ती है। बीहड़ जंगल में स्थापित पहाड़ी पर माता की प्रतिमा की ऊँचाई लगभग 4 फीट है जो अष्ठभुजी स्वरूप में है। मंदिर परिसर तथा द्वार पर कई देवी देवताओं के चित्र उकेरे गए हैं। मंदिर के मुख्य द्वार में श्री गणेश की प्रतिमा स्थापित है। माता के गर्भगृह के ठीक सामने पहाड़ी के एक ओर बाबा पाठ दुर्ग डोंगरी का चौरा विराजित है जो घोड़े की प्रतिमा है यहां पर एक त्रिशूल भी है। मंदिर परिसर में माता काली की रौद्र रूप में 8 से10 फ़ीट की प्रतिमा स्थित है जो ताण्डव कर रहे भगवान शिव को शांत करते हुए दर्शाया गया है। माता के बगल में झूला माता स्थापित है मंदिर के पीछे नर्मदेश्वर महादेव का शिवलिंग स्थापित है जिसके दर्शन करने भक्त सावन सोमवार और महाशिवरात्रि में आते हैं । मंदिर की ऊंची पहाड़ी से नज़ारा बहुत सुंदर लगता है यहाँ से सुंदर पहाड़ी घने जंगल हरियाली एवं बोइरडीह बांध का नजारा देखते ही बनता है। पहाड़ी की खूबसूरती यहाँ आने वाले भक्तों का मन मोह लेती है। 2005 में किसी भक्त की मन्नत पूरी होने पर उसने कोटगांव के लोगों के सहयोग से भव्य मंदिर का निर्माण कराया है। मंदिर में हर वर्ष चैत्र और कुंवार नवरात्रि में भक्तों द्वारा मनोकामना ज्योति कलश प्रज्ज्वलित किए जाते हैं।

लोक साहित्य

डा. व्यास नारायण दुबे

## छत्तीसगढ़ी के वाचक रूपों का प्रभाव क्षेत्र व उनका अध्ययन

छत्तीसगढ़ी जनभाषा का भाषा वैज्ञानिक अध्ययन संबंधी कार्य ऐतिहासिक एवं व्युत्पत्तिपरक कार्य नहीं है, अपितु वह केवल वर्णनात्मक एवं तुलनात्मक कार्य है। इस अध्ययन के लिए सामग्री संकलन हेतु प्रश्नावली का निर्माण क्षेत्र कार्य पुस्तिका (रजिस्ट्रार जनरल ऑफ इंडिया लैंग्वेज डिविजन कलकत्ता) तथा हिंदी व्याकरण की पुस्तकों को आधार मानकर 160 वाक्यों में किया गया है। इस प्रकार के कार्य के लिए, जिसका उद्देश्य किसी भाषा वैज्ञानिक प्रतिष्ठान का हो, सामग्री का संकलन पद्धति जिस सीमा तक वैज्ञानिक होगी, उससे प्राप्त सामग्री भी उतनी ही स्पष्ट एवं विश्वसनीय होगी। अध्ययन कार्य में इस बात का ध्यान रखा गया कि छत्तीसगढ़ी जन भाषा के विविध रूपों के वाचक रूप जहां जहां व्यवहृत किए जा रहे हैं, उस समग्र क्षेत्र को अध्ययन क्षेत्र



माना जाए। साथ ही सामग्री संकलन स्थलों एवं सूचकों का चुनाव भी इस प्रकार किया गया है कि वे छत्तीसगढ़ी जनभाषा के क्षेत्रीय या वर्गगत वाचक रूपों का प्रतिनिधत्व कर सकें। अभी तक संकलित सामग्री के आधार पर छत्तीसगढ़ी जन भाषा की बोलियों की निकटता और दूरी का निर्णय किया गया है। ऐतिहासिक दृष्टि से छत्तीसगढ़ी जन भाषा के विविध वाचकों को परस्पर दूर नहीं माना गया है, जबकि वर्णनात्मक दृष्टि से उसके क्षेत्रीय एवं वर्णगत प्रभेदों के वाचकों के मध्य दूरी का निर्धारण उच्चारण, व्याकरण और शब्दार्थ के स्तर पर किया गया है।

### लेखकों से..

छत्तीसगढ़ की लोक कला, लोक साहित्य, पर्यटन, तीज त्योहार, गांव की कहानी, ऐतिहासिक, पुरातात्विक, शैलचित्र, भित्तिचित्र, कला कृति और पुरखा के सुरता के साथ ही सम सामयिक विषयों पर अधिकतम 500 शब्दों पर लेख भेजें- **Choupalharibhoomi@gmail.com**

धार्मिक

प्रो अश्विनी केशरवानी

## पौराणिक काल की गाथा समाहित मां अन्नपूर्णा मंदिर में

मां अन्नपूर्णा मंदिर में लगे शिलालेख के अनुसार अनंत काल से मां अन्नपूर्णा यहां विराजमान हैं। मंदिर पूर्वाभिमुख है। माना जाता है कि त्रेता युग में श्रीराम चंद्र जी जब लंका पर चढ़ाई करने जाने लगे तब उन्होंने मां अन्नपूर्णा की आराधना कर अपनी वानर सेना की भूख को शांत करने की प्रार्थना की थी, तब मां अन्नपूर्णा ने सभी की भूख को शांत ही नहीं किया बल्कि उन्हें लंका विजय का आशीर्वाद भी दिया।

शाक्त परम्परा के प्राचीन शक्तिपीठ मां अन्नपूर्णा महानदी, शिवनाथ और जोंक नदी के त्रिवेणी संगम के उत्तरी तट पर शिवरीनारायण क्षेत्र में विराजमान हैं। मां अन्नपूर्णा मंदिर में लगे शिलालेख के अनुसार अनंत काल से मां अन्नपूर्णा यहां विराजमान हैं। मंदिर पूर्वाभिमुख है। माना जाता है कि त्रेता युग में श्रीराम चंद्र जी जब लंका पर चढ़ाई करने जाने लगे तब उन्होंने मां अन्नपूर्णा की आराधना कर अपनी वानर सेना की भूख को शांत करने की प्रार्थना की थी, तब मां अन्नपूर्णा ने सभी की भूख को शांत ही नहीं किया बल्कि उन्हें लंका विजय का आशीर्वाद भी दिया। इसी तरह मान्यता है कि अष्टमी तिथि को उपवास कर षोडशोपचार से मां अन्नपूर्णा जी का पूजन करने से सर्वगुण सम्पन्न पुत्र की प्राप्ति होती है। नवमी तिथि को विधि विधान से मां की आराधना करने पर शत्रुओं पर विजय की



प्राप्ति होती है। इस देवी मंदिर की विशेषता है कि प्रज्ज्वलित ज्योति से रंच मात्र धुआं नहीं निकलता और न ही हवा और पानी के वेग से ज्योति लोप होती है। नवरात्रि के अंतिम दिन पूर्णाहुति, महाआरती, कुंवारी पूजन भोज और ब्राह्मण भोज के साथ जनमानस की सुख समृद्धि की कामना के साथ भंडारे का आयोजन किया जाता है। देखा गया है कि भक्तों को खिलाए जाने वाले भंडारा में कभी अनाज की कमी नहीं होती, इसे मां अन्नपूर्णा की कृपा कहा जा सकता है। आदि शक्ति जगत पालिनी मां अन्नपूर्णा जी को धारण करने वाला यह नारायण क्षेत्र का देव प्रयाग तीर्थ प्राचीन काल से महिमा मंडित रहा है।माता मंदिर के उत्तर की ओर भगवान शबरी नारायण, केशव नारायण, लक्ष्मी नारायण, राम लक्ष्मण जानकी दरबार, महेश्वर नाथ, माता शीतला और संतोषी माता मंदिर है।

## टीवी मसाला



# एकता कपूर ने 'नागिन 7' पर लगाई मुहर...

**नई दिल्ली।** एकता कपूर ने अपने प्रसिद्ध 'नागिन' सीरियल के सातवें सीजन की पुष्टि आधिकारिक तौर पर कर दी है। एकता ने 'नागिन 7' को लेकर एर दिलचस्प जानकारी अपने सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर करके फैंस को खुश कर दिया है। एकता ने इंस्टाग्राम वीडियो में कहा, 'नागिन 7 जल्द आएगा, बहुत जल्द।' 'नागिन 7' में इस बार ईशा मालवीय नागिन के रोल में नजर आ सकती हैं। 'उडारियां' और 'बिग बॉस 17' से प्रसिद्ध हुईं ईशा अगर 'नागिन 7' में आती हैं, तो यह उनके कॅरियर के लिए काफी बड़ी उपलब्धि होगी। एकता कपूर के प्रसिद्ध नागिन सीरियल का पहला सीजन 2015 में शुरू हुआ था, जिसमें मौनी रॉय, अदा खान और अर्जुन बिजलानी ने अपने शानदार अभिनय से दर्शको का दिल जीता था। पहले सीजन की सफलता के बाद इसके अभी तक छह सीजन आ चुके हैं। अब प्रशंसकों को 'नागिन 7' के आने का इंतजार है। 'नागिन' टीवी सीरियल ने कई चेहरो को फैंस के बीच खास बनाया, जिनमें मौनी रॉय से लेकर हिना खान, अदा खान, सुरभि ज्योति, सुरभि चंदना, तेजस्वी प्रकाश और रश्मि देसाई शामिल हैं। बहरहाल, फैंस को अब 'नागिन 7' के आने का बेसब्री से इंतजार है।

### 48 साल पहले 1 करोड़ रुपए में बनी और बंपर की कमाई

# बाहुबली -2 भी नहीं तोड़ पाई अमिताभ की इस फिल्म का रिकॉर्ड

*अमिताभ बच्चन ने हमें शोले, जंजीर, दीवार जैसी कई रिकॉर्ड तोड़ने वाली फिल्में दी हैं। लेकिन, क्या आप जानते हैं कि इस ए-लिस्ट अभिनेता की एक फिल्म ऐसी है जो आज भी सभी हिट फिल्मों को पीछे छोड़ रही है? बच्चन 1969 से अभिनय जगत में हैं और इस लंबे कॅरियर में उन्होंने कई हिट फिल्में दी हैं। लेकिन, उनकी एक फिल्म ऐसी है जो आज भी प्रभास की बाहुबली 2 के सभी रिकॉर्ड तोड़ रही है।*

**नई दिल्ली।** बाहुबली-2 28 अप्रैल, 2017 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इस भारतीय फिल्म ने 1,810 करोड़ रुपए की कमाई करके अब तक का सबसे ज्यादा वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस कलेक्शन किया है। हालांकि, यह फिल्म 1030.42 करोड़ रुपए के साथ भारत के नेट बॉक्स ऑफिस कलेक्शन के मामले में दूसरे स्थान पर है। लेकिन, अमिताभ बच्चन की जिस फिल्म पर सवाल उठ रहे हैं, वो 48 साल पहले बनी थी और इसने बाहुबली 2 का रिकॉर्ड भी तोड़ दिया है।



**निवेश से 15 गुना बढ़ा हुआ धन कमाया**

अमर अकबर एंथनी ने भारत के नेट बॉक्स ऑफिस पर 7.25 करोड़ रुपए और दुनिया भर के बॉक्स ऑफिस पर 15 करोड़ रुपए कमाए। दरअसल, अमिताभ बच्चन की अमर अकबर एंथनी ने भारत के नेट बॉक्स ऑफिस पर इनवेस्ट की गई राशि से 7 गुना (बढ़ा हुआ) और दुनिया भर में निवेश की गई राशि से लगभग 15 गुना बढ़ा हुआ धन कमाया। वहीं, बाहुबली के साथ अमर अकबर एंथनी की तुलना करें तो, प्रभास की फिल्म कथित तौर पर 250 करोड़ रुपए के बजट पर बनी है। इसलिए, इसने भारत के नेट बॉक्स ऑफिस पर निवेश की गई राशि का लगभग 5.7 गुना ही कमाया, जबकि दुनिया भर के बॉक्स ऑफिस पर निवेश की गई राशि का केवल 10 गुना ही कमाया। ऐसे में 48 साल पहले सिनेमाघरों में आई अमिताभ बच्चन की अमर अकबर एंथनी अभी भी अब तक की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बाहुबली 2 से आगे है।



### तीन भाइयों की कहानी पर है आधारित

हम यहां अमर अकबर एंथनी के बारे में बात कर रहे हैं। यह फिल्म तीन भाइयों की कहानी पर आधारित है, जो अलग-अलग धार्मिक परिवारों में पले-बढ़े हैं, जो कई सालों बाद एक संयोगवश मुलाकात में फिर से मिलते हैं। बिग बी, विनोद खन्ना, ऋषि कपूर, शबाना आजमी, परवीन बॉबी और नीतू सिंह स्टारर अमर अकबर एंथनी अपनी रिलीज के समय एक बड़ी सफल फिल्म थी। बच्चन स्टारर फिल्म 1977 में रिलीज हुई थी. रिपोर्ट्स के अनुसार, अमर अकबर एंथनी को 1 करोड़ रुपए के अनुमानित बजट पर बनाया गया था। इस फिल्म को ईएमडीबी द्वारा 7.4/10 रेटिंग, रॉटन टोमेटोज द्वारा 86% और प्राइम वीडियो द्वारा 7.4/10 रेटिंग मिली।

# 'रेड 2' में करेंगी आइटम नंबर..



**मुंबई।** 'रेड 2' अपने ऐलान के बाद से ही चर्चा में बनी हुई है। हाल ही में निर्माताओं ने फिल्म की रिलीज की तारीख के साथ-साथ 'रेड 2' के कलाकारों के भी लुक साझा किए थे। फिल्म के टीजर ने भी दर्शकों के बीच काफी उत्साह पैदा किया था, जिसके बाद से दर्शकों को बेसब्री से फिल्म की रिलीज का इंतजार है। इस बीच अब फिल्म से जुड़ी नई जानकारी सामने आई है। रेड 2 में सीधे- सादे आईआरएस अधिकारी अमय पटनायक की अपनी भूमिका को दोहराने के लिए तैयार हैं। निर्माता एक खास प्रमोशनल नंबर के साथ इसे और भी मसालेदार बना रहे हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, तमन्ना भाटिया को रैपर यो यो हनी सिंह के साथ एक हाई-एनर्जी डांस ट्रैक के लिए साइन किया गया है। विजय गांगुली द्वारा कोरियोग्राफ किया गया यह गाना इस सप्ताह मुंबई के एक स्टूडियो में दो दिनों में फिल्माया जाएगा। यह गाना एक स्टैंडअलोन पोस्ट-क्रेडिट के रूप में काम करेगा। हालांकि, अजय और तमन्ना इस ट्रैक में स्क्रीन स्पेस साझा नहीं करेंगे। बता दें कि अजय और तमन्ना इससे पहले ही 'रेंजर' पर एक साथ काम कर रहे हैं।

# वाणी से फ्लर्ट करते दिखे फवाद...



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री वाणी कपूर ने अपने इंस्टाग्राम पर अपनी आगामी फिल्म 'अबीर गुलाल' का टीजर पोस्ट किया है। इस टीजर में फवाद खान और अभिनेत्री बारिश के मौसम में एक कार में बैठे हुए दिखाई दे रहे हैं। वीडियो में फवाद एक पुरानी फिल्म '1942: अ लव स्टोरी' का एक गाना 'कुछ ना कहो' गाते दिख रहे हैं, जिसके बाद वाणी ने अभिनेता से सवाल किया कि क्या वह फ्लर्ट कर रहे हैं, तो अभिनेता ने कहा कि आप क्या चाहती हैं कि वह करें। इस वीडियो को पोस्ट करते समय वाणी ने कैप्शन में लिखा कि इंतजार खत्म। साथ ही लिखा कि 9 मई को सिनेमाघरों में मिलते हैं। आरती एस बागड़ी के निर्देशन में इस फिल्म को बनाया जा रहा है। इस फिल्म को ए रिचर लेंस के बैनर तले तैयार किया जा रहा है, जिसमे आरजय पिक्चर्स का सहयोग है। यह एक रोमांटिक कॉमेडी फिल्म है, जो लंदन में एक प्रेम कहानी को दर्शाती है। यह दर्शकों के लिए सिनेमाघरों में इसी साल 9 मई को रिलीज की जाएगी। फवाद अफजल खान एक पाकिस्तानी अभिनेता हैं, जो 'ऐ दिल है मुश्किल' फिल्म में नजर आ चुके हैं।

# 'चांद मेरा दिल' में आएंगी नजर...

**मुंबई।** पिछले साल नवंबर में फिल्म निर्माता करण जौहर ने खुलासा किया था कि अनन्या रोमांटिक ड्रामा 'चांद मेरा दिल' में 'किल' अभिनेता लक्ष्य लालवानी के साथ नजर आएंगी। विवेक सोनी के निर्देशन में बनी रोमांटिक-कॉमेडी साल 2025 में रिलीज होने वाली है। इस फिल्म के अलावा अनन्या 'केसरी चैप्टर 2' में भी नजर आएंगी। फिल्म में अनन्या के अलावा अक्षय कुमार और आर. माधवन मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। यह फिल्म 18 अप्रैल, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। वहीं, हाल ही में मुंबई इंडियंस और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच मुंबई में आईपीएल मैच हुआ। मैच की ओपनिंग सेरेमनी के दौरान बॉलीवुड अभिनेत्री और चंकी पांडे की बेटी अनन्या ने अपनी दमदार परफॉर्मेंस से वहां पर मौजूद सभी लोगों का दिल जीत लिया। अनन्या की इस परफॉर्मेंस के बाद उनके पिता चंकी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के जरिए अपनी खुशी जाहिर की है।



# 92 साल पहले इस एक्ट्रेस पर फिल्माया गया था सबसे लंबा किसिंग सीन

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड में अब किसिंग और इंटीमेट सीन आम हो चुके हैं। शाहरुख खान, आमिर खान, सलमान खान, अक्षय कुमार और अजय देवगन की फिल्में छोड़ दें तो तकरीबन सभी एक्टर्स फिल्मों में बिना किसिंग सीन के नजर ही नहीं आते हैं। बॉलीवुड अपनी इंटीमेट फिल्मों की वजह से बदनाम भी है, लेकिन हिंदी सिनेमा में किसिंग सीन कोई नई बात नहीं है। 92 साल पहले रिलीज हुई इस फिल्म के उस किसिंग सीन को सबसे लंबा माना जाता है, जिसमें एक्ट्रेस देविका रानी ने 30-40 के दशक में अपने को-स्टार संग तहलका मचा दिया था। देविका रानी भारत की पहली सुपरस्टार बनीं और उन्होंने फिल्म इंडस्ट्री पर एक दशक तक राज किया।



***कितने मिनट का था किसिंग सीन :*** देविका रानी अपनी प्रोफेशनल और पर्सनल दोनों ही लाइफ से चर्चा में रहती थीं। साल 1933 में रिलीज हुई फिल्म 'कर्मा' में उनके किसिंग सीन ने हंगामा मचा दिया था। फिल्म कर्मा का यह किसिंग सीन देविका और हिमांशु रॉय के बीच फिल्माया गया था। फिल्म में दोनों को राजकुमार-राजकुमारी के रोल में देखा गया था। इस सीन में राजकुमार को सांप काट लेता है और वह बेहोश हो जाते हैं और राजकुमारी उन्हें होश में लाने के लिए उनके होठों पर चुंबन करती हैं, यह सीन कोई रोमांटिक सीन नहीं था। कहा जाता है कि यह किसिंग सीन 4 मिनट लंबा था, लेकिन सच यह नहीं है।

***फिल्म में क्यों डाला गया किसिंग सीन?:*** लंदन में शूट हुई इस फिल्म का रनटाइम 63 मिनट का था। फिल्म का निर्देशन जे एल फ्रीयर हंट ने किया था और यह फिल्म ब्रिटिश राज में बनी थी, तो पश्चिमी दर्शकों को देखते हुए यह किसिंग सीन डाला गया था। किश्वर देसाई की किताब 'द लॉन्गेस्ट किस: द लाइफ एंड टाइम्स ऑफ देविका रानी' (2020) के मुताबिक, देविका और हिमांशु की इस फिल्म के दौरान नई-नई शादी हुई थी और इस तरह का सीन करना उनके लिए कोई बड़ी बात नहीं थी। किताब के मुताबिक यह किसिंग सीन 4 नहीं, बल्कि 2 मिनट लंबा था।

epaper : www.haribhoomi.com

हरिभूमि CLASSIFIED

Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152

**Appointment आवश्यकता**

**शिक्षाकर्मी**

आवश्यकता है- अंग्रेजी/ हिंदी दोनों माध्यम की स्कूल हेतु विज्ञान समूह, आर्ट्स, कॉमर्स, संस्कृत, विषय के शिक्षक/ शिक्षिकाएं, तथा कंप्यूटर ऑपरेटर हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित हैं । साक्षात्कार 05.04.2025 (शनिवार) को प्रातः 8:30 से संपर्क:- नूतन उ. मा. शाला आर.डी.ए. कॉलोनी टिकरापारा रायपुर मो- 9009088455.(RO-7077)

**पेट्रोल पम्प कर्मी**

आवश्यकता है- उरला कन्हेरा स्थित पेट्रोल पंप हेतु लड़को की आवश्यकता है। इच्छुक व्यक्ति - आवेदन Bio-data एवं समस्त दस्तावेज सहित सम्पर्क करे- डागा पेट्रोल पंप, कन्हेरा 94242-25533.(RO-272)

**सेल्समैन/ऑपरेटर**

आवश्यकता है- थोक कपडे की दुकान में कार्य करने हेतु अनुभवी अनुभवी सेल्समेन ,कंप्यूटर ऑपरेटर व हेल्पर की आवश्यकता है संपर्क समय 3 से 6 चुन्नीलाल केसरीमल बरलोटा शॉप नंबर 29-30 प्रथम गेट टेक्सटाइल मार्केट पंडरी रायपुर 9425506658, 9424200658, 9425206658. (RO-7255)

**ऑफिस बॉय**

आवश्यकता है- प्रतिष्ठित रियल स्टेट कंपनी में भिलाई लोकेशन हेतु, ऑफिस बॉय की आवश्यकता है, 10 वी पास एवं अनुभवी को प्राथमिकता, वेतन योग्यतानुसार। संपर्क- 8898306907 (आरो नं.-704)

**सेल्समैन/सेल्सगर्ल**

आवश्यकता है- साड़ी शोरूम हेतु सेल्समेन, सेल्सगर्ल, हेल्पर कम्प्यूटर ऑपरेटर सभी रायपुर निवासी अनिवार्य, अनुभवी को प्राथमिकता, संपर्क समय सुबह 10.30 से रात 9.30 तक Mob. 9425216364, 9340477419.(RO-3411)

**सेल्समैन**

आवश्यकता है- रेडीमेड गारमेंट्स शॉप (पंडरी, RAIPUR) मे काम करने के लिए मेहनती स्टाफ लड़का / लड़की एवं सेल्समेन की आवश्यकता है मो.7067048454. (RO-7068)

**ड्रायवर/घरेलु कार्य**

आवश्यकता है- रायपुर में निजी वाहन चलाने हेतु ड्राइवर/ घरेलू कार्य कम से कम 10 वर्ष अनुभवी, नशा न करने वाला परिवार पति- पत्नी (जिनके बच्चे साथ में ना रहते हो) या अकेले की आवश्यकता है संपर्क करें- 9300593000 (RO-1243)

**चिकित्साकर्मी**

आवश्यकता है- (1) नर्सिंग स्टॉफ (GNM. BSC.) - 6, (2) वॉर्डबॉय - 4, (3) ड्यूटी डॉक्टर (BAMS) -2, मार्केटिंग (PRO)-2, संपर्क:- एस.एस. हॉस्पिटल नंदनी रोड छावनी चौक भिलाई नियर कुसम पेट्रोल पंप मो.-98271-63238, 76939-74185. (आरो नं.-713)

**घरेलु कार्य**

आवश्यकता है- वंडर किड्स एकेडमी को महिला स्टाफ की आवश्यकता है टीचर, कोऑर्डिनेटर, ऑफिस गर्ल पहेली शाखाः डी.डी.यू. नगर, रायपुरा चौक, रायपुर, दूसरी शाखाः लक्ष्मी नगर, संतोषी नगर चौक, रायपुर संपर्क करें 9827117098, 9993390973.(RO-3415)

**महिला स्टाफ**

शीघ्र आवश्यकता है - टाटा एस ड्राइवर की जो रायपुर से बाहर भी रह सके (10000-15000) 1 फिमेल टेलीकालर-2 (8000-10000) मेहनती लड़के (8000-10000) शीघ्र संपर्क करें- माँ एड एजेंसी मंजीत टॉवर रायपुरा 7974351591(RO-3836)

विज्ञापन बुकिंग टाइम सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

**कम्प्युटर ऑपरेटर**

आवश्यकता है- कंप्यूटर ऑपरेटर की आवयश्कता है 30 साल से अधिक उम्र को प्राथमिकता सैलरी योग्यतानुसार शीतला एजेंसी रिंग रोड नंबर 1 भाटागांव चौक रायपुर संपर्क 9826129026, 9300129026.(RO-167)

**ड्रायवर**

आवश्यकता है- ऑटोमेटिक कार चलाने हेतु ड्राइवर की आवश्यकता है। 30 साल से अधिक उम्र का होना अनिवार्य है ड्यूटी टाईम प्रतिदिन सुबह 9 से रात 8:30, रविवार ड्यूटी टाईम सुबह 9 से दोपहर 3:00 (सूचना :- जेसीबी, हाइड्रा, आदि जैसी गाड़ी चलाने वाले संपर्क ना करें ) सैलरी 21000/- प्रतिमाह । रहने, खाने-पीने, बाइक, पेट्रोल की व्यवस्था नहीं दी जाएगी । पता - सिविल लाईन्स, रायपुर, कॉल :- 9644720222. (RO-36)

**दुकान कार्य**

आवश्यकता है- दुकान में कार्य करने हेतु लड़के / लड़कियों की आवश्यकता है। अनुभवी को प्राथमिकता। वेतन योग्यता अनुसार। संपर्क-श्याम हार्ड वेयर स्टोर्स, स्टेशन रोड,देशबन्धु स्कूल के पास रायपुर मो.9300908801.(RO-370)

आवश्यकता है- दुकान में कार्य करने हेतु आठवीं/ दसवीं तक पढ़े लड़कों की आवश्यकता है। कार्य समय 11:00 से 8:00 बजे तक। इच्छुक (मोबाइल नंबर) सहित संपर्क करें शिल्पा सेल्स, ए-10 आरडीए कंपलेक्स शारदा चौक रायपुर(RO-7212)

**ऑफिस कार्य**

शीघ्र आवश्यकता है- इंदौर मध्यप्रदेश में ऑफिस कार्य हेतु 18-30 वर्ष, 10th 12th , ग्रेजुएट लड़के चाहिए। वेतन 11000 + कमीशन बोनस के साथ कमाए 15000 से 20000 रहना फ्री + गाड़ी किराया कोई शुल्क नहीं लगेगा संपर्क करें- 7898882634, 7415455110.(RO-311)

क्लासीफाईड

आवश्यकता है- ऑफिस कार्य हेतु 10वी, 12वी, पास लड़कों की अवसकता है जो कटनी ग्वालियर में काम कर सके वेतन- 10000+ कमीशन+ बोनस, रहना खाना फ्री, ट्रेनिंग बाद 15,000 से 20000 महीने। संपर्क करें- 8982690021, 9340613449.(RO-312)

**अन्य**

आवश्यकता है- नटराज पेन पेंसिल रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही है अगर आपको नौकरी की जरूरत है तो संपर्क करें:- 9202613238. (RO-749)

आवश्यकता है- नौकरी ही नौकरी तहसील स्तरीय भर्ती पद संख्या- 975 वनरक्षक फील्ड ऑफिसर माली सिपाही ड्राइवर वेतन (27500+52400) तक आवेदन करने के लिए आधारकार्ड मार्कशीट पैनकार्ड व्हाट्सएप करे 7460994309. (RO-745)

**Property प्रापर्टी**

**प्लाट**

प्लॉट बेचना है - भू - स्वामी - एल.के. लड़िया सत्य विहार कॉलोनी पचेड़ा- खसरा नंबर- 894, प्लाट नंबर-E-30, 1476, E-31, 30X50 = 1476 वर्ग फुट संपर्क करें- 9424146997, 9340615973. (RO-7076)

**मकान**

मकान बेचना है- रायपुरा में 1040 वर्गफुट एवं चांगोराभाटा में 800 वर्गफुट 2 BHK मकान, कार पोर्च, पीओपी किया हुआ सर्वसुविधायुक्त स्वतंत्र नया मकान बेचना है संपर्क करें मोबाइल नंबर:- 9300505421, 9993451070. (RO-3410)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

**For Rent किराया**

किराये से - श्रीमती माया देवी साहू पति स्वर्गीय त्रिवेणी प्रसाद साहू मकान नंबर 168 त्रिलोक निवास अंबेडकर चौक त्रिलोक निवास गुढ़ियारी रायपुर मकान पटवारी हल्का नंबर 107 खसरा नंबर 449/3 रकबा 8116.50 वर्गफीट जिसके भूतल पर 3400 वर्गफीट एवं प्रथम तल पर 800 वर्गफीट पर पक्का निर्माण है पानी बिजली की सुविधा पूर्ण है अतः मकान को किराए मे स्कूल कूरियर एवं बैंक के लिए किराए मे देना है किराए में लेने के इच्छुक संपर्क करें मोबाइल नंबर:- 9300133053, 9827937801, 9303880475. (RO-3403)

क्या आप देना चाहते है... अपने बिजनेस को बेहतर प्रतिसाद "तलाश की नई सुबह" तो पढ़ते रहिए हरिभूमि क्लासिफाईड
Space Available for Ad. 6263818152

CLASSIFIED RATE CARD
01 अप्रैल 2025 से लागू
हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी

| EDITION | Appointment | Service/Business | Property Rent & Sale | Display |
|---|---|---|---|---|
| Raipur City | 500 | 620 | 550 | 175/- Sq cm |
| Bhilai + Durg Edition | 440 | 560 | 520 | 150/- Sq cm |
| Bilaspur City | 440 | 500 | 520 | 140/- Sq cm |
| Raipur All Edition | 720 | 820 | 800 | 240/- Sq cm |
| Bilaspur All Edition | 610 | 780 | 690 | 195/- Sq cm |
| All CG | 1000 | 1150 | 1120 | 310/- Sq cm |
| All CG + MP | 1280 | 1750 | 1600 | 330/- Sq cm |
| All Edition | 1700 | 2100 | 2000 | 380/- Sq cm |

WANTED Display Scheme 2+1, 3+2, 5+4
COLOUR 20% Extra Charge For Disply

SCHEME
1. Pick of the day 15 % extra.
2. Rs. 70/- per day extra charge for bold advt.
3. Box Prise per day Rs. 80/-
4. 20% per day extra charge for colour advt.
5. After 30 words Rs. 10/- per day per extra word charge.
6. For E-mail Id Rs. 50/- Extra per day.
7. Business & Services- ASTROLOGY, SMS & Others.
8. NO SCHEME FOR TOWER & FINANCE AD
9. SINGLE DAY BOOKING 100Rs. EXTRA.

ADVT. Booking Time 10.30 am to 3.00 pm.
5% GST For All Ad

EDUCATION SPECIAL

| EDITION | RATE | |
|---|---|---|
| Raipur City | 3000 | 2+1 |
| Bhilai + Durg Edition | 2800 | 5+3 |
| Raipur Edition | 4400 | 10+10 |
| Bilaspur City | 2500 | 15+18 |
| Bilaspur Edition | 3800 | |
| All CG | 5500 | |

MATRIMONIAL CG+MP

| (Runing Matter) | (Size 5x1 Box) |
|---|---|
| 500 /- 1 Sunday | 800 /- 1 Sunday |
| 900 /- 2 Sunday | 1200 /- 2 Sunday |
| 1200/- 3 Sunday | 1500/- 3 Sunday |

HEALTH CARE — 10X1 FIX SIZE

| | (30 Days) | (60 Days) | (90 Days) |
|---|---|---|---|
| Raipur City | 55000 | 85000 | 1,10,000 |
| Bilai + Durg Edition | 50000 | 80000 | 1,00000 |
| Bilaspur City | 40000 | 70000 | 1,00000 |
| Raipur All Edition | 70000 | 1,20,000 | 1,60,000 |
| Bilaspur All Edition | 55000 | 1,00000 | 1,20,000 |
| All CG | 1,10,000 | 1,80,000 | 2,30,000 |

CONTACT:- HARI BHOOMI PRESS
Dhamtari Road, Tikarapara, Raipur Ph.: 0771-4242242, Mob.: 09098138778 E-mail- response.haribhoomi@gmail.com
Ring Road-2, Gourav Path Marg, Bilaspur. Mob.: 9826782100 E-mail- hbclassified375@gmail.com

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152

आवश्यक सूचना

Healthcare

गुप्त रोगो का सफल ईलाज
- गुप्त रोग, नामर्दी
- लिंग में छोटापन।
- शीघ्र पतन
- पेशाब से धातू जाना।
- लिंग में ढीलापन,
- शुक्राणु की कमी।
- शुगर से आयी हुई सेक्स में कमी।
- जड़ीबुटी द्वारा खोई हुई शक्ति पुनः प्राप्त करें।
- चर्मरोग व वात रोग का ईलाज किया जाता है।

निःसंतान दम्पति आज ही मिलें
आज ही संपर्क करें 9826038170

चिकित्सा मे अचूक प्रामाणिक प्रयोग
एक है, क्षणिक उपाय रोग को दबाने का। दूसरा है, स्थाई इलाज जो रोग का जड़ से हटाने का। इन रोगों में चाहे कोई भी कैसा भी उपाय कर लीजिए रोग जड़ से नहीं जा सकता क्योंकि यह जीवाणु जन्य रोग नहीं है इसीलिए कोई एंटीबायोटिक्स या रोगमारक दवा काम नहीं करता। ये इम्यून डिसऑर्डर रोग है ये सिर्फ आयुर्वेद के रस रसायन से ही जड़ से जा सकता है।रस रसायन अर्थात आयुर्वेद के रस भस्म थोड़ा महंगा परन्तु सटीक प्रामाणिक चिकित्सा है। जो रोगी के शरीर में जाने पर चूक नहीं सकता परन्तु वात पित्त कफ से संबंधित रोग का निर्णय दवा का गुण एवं सटीक मात्रा की जानकारी होना आवश्यक है।
(1) समस्त प्रकार के लाइलाज चमड़ी रोग सोरायसिस, जोड़ों में दर्द , उंगलियों का टेढ़ा होना, नाखूनों का सड़ना।
(2) समस्त प्रकार के वायरस-जन्य रोग हेपेटाइटिस (ABC) हर्पिस रोग (स्त्री-पुरुष के गुप्तांग में दाने-फूँसी, छाले चमड़ी का फटना, लाल होना रुबेला) जीवाणु जन्य रोग, सिफलिस, गौनोरिया (सूजाक)
(3) समस्त प्रकार के यौन समस्या , यौन कमजोरी एवं यौन रोग। नोट : पुरुष के प्रकृति जन्य लिंग (इंद्रिय) को बड़ा मोटा करने का आजतक कोई भी उपाय नहीं हैं। सावधान !
वायरो रिसर्च एन्ड स्किन केयर सेंटर आई.एस.ओ. सर्टिफाईड
सुविख्यात चिकित्सक डॉ. एच.सी.अग्रवाल (एम.डी.)
निशांत अग्रवाल फार्मा साईंटिस्ट
रेल्वे स्टेशन रोड, स्वरुप टाकीज के सामने, बजाज(गोल्ड) फाइनेंस के पीछे दुर्ग,।
मोबा.: 9425555659, 9617789223, 9303242200
समय शाम 4 -7 बजे तक।
अपाईटमेंट फोन से (गुरुवार अवकाश

छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 75 वर्ष तक लाभदायक
लिगं को 7-8 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी,धातु का पतलापन,शुगर,बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
ब्रेस्ट टोनर क्रिम
लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330

# सोना गिरवी रखकर कर्ज लेने वाले सबसे तेजी से बढ़े, गोल्ड लोन में 87 फीसदी का उछाल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश में गोल्ड लोन की मांग लगातार तेजी बढ़ रही है। आरबीआई के नए आंकड़ों के अनुसार, फरवरी 2025 में सोने के गहनों के बदले दिए जाने वाले कर्ज में भारी वृद्धि दर्ज की गई है। 21 फरवरी 2025 तक बैंकों द्वारा बांटे गए गोल्ड लोन में 87.4 प्रतिशत फीसदी का तेज उछाल आया है और यह बढ़कर 1.91 लाख करोड़ रुपये पहुंच गया है। यह वृद्धि पर्सनल लोन की श्रेणी में सबसे तेज रहा है।

एक साल पहले 23 फरवरी 2024 यह आंकड़ा 1.02 लाख करोड़ रुपए था और इसकी वृद्धि दर भी केवल 15.2 फीसदी थी। आरबीआई के अनुसार, पर्सनल लोन की कुल वृद्धि 19 प्रतिशत रही, लेकिन सोने के आभूषण के एवज पर लिए गए कर्ज में सबसे अधिक उछाल देखा गया। यह दर्शाता है कि आर्थिक दबाव या तुरंत नकदी की जरूरत के चलते लोग अधिक मात्रा में सोना गिरवी रखकर लोन ले रहे हैं। आरबीआई ने यह आंकड़े 41 बैंकों से जुटाए हैं।

## बैंकों द्वारा बांटा गया गोल्ड लोन बढ़कर 1.91 लाख करोड़ रुपए पहुंचा

### अन्य कर्ज की स्थिति

आरबीआई के आंकड़ों के मुताबिक, सालाना आधार पर व्यक्तिगत ऋण श्रेणी की दर वृद्धि में गिरावट आई है। फरवरी 2023 में यह दर 19.5 फीसदी थी, जो इस साल घटकर 8.5 फीसदी रह गई है। इसी अवधि में अन्य व्यक्तिगत ऋण, वाहन ऋण, उपभोक्ता लॉन्ग टर्म सामानों पर कर्ज और अन्य पर्सनल लोन की ग्रोथ घटी है। हालांकि, क्रेडिट कार्ड की बकाया राशि में 15.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जो 2.9 लाख करोड़ रुपए हो गई है।



### किस लोन में कितना उतार-चढ़ाव

फरवरी 2024 में गोल्ड लोन 15.2 प्रतिशत चढ़ा तो इसी महीने 2025 में 87.4 प्रतिशत। जबकि, दूसरे पर्सनल लोन की बात करें तो फरवरी 2024 में 21.7 प्रतिशत था और फरवरी 2025 में 7.9 प्रतिशत रह गया।फरवरी 2024 में एजुकेशन लोन जहां 23.9 प्रतिशत था तो फरवरी 2025 में 15.3 प्रतिशत रह गया। होम लोन भी 36.4 की ग्रोथ से घटकर 11.1 प्रतिशत रह गया। कार लोन में वृद्धि 2024 में 17.6 तो फरवरी 2025 में 9.6 फीसद रह गई।

### इनसिक्योर्ड लोन की मांग घटी

विशेषज्ञों के अनुसार, गोल्ड लोन में यह तेजी सोने की बढ़ती कीमतों के चलते आई है। घरेलू वित्तीय तनाव ने सुरक्षित सोने के कर्ज पर निर्भरता बढ़ा दी है। ग्राहक अपना जेवर गिरवी रखकर अधिक ऋण प्राप्त कर रहे हैं। इसके चलते असुरक्षित व्यक्तिगत ऋणों की मांग में कमी आई है। सितंबर 2024 से बैंकों के गोल्ड लोन में 50 प्रतिशत की तेजी देखी गई है, जो कुल ऋण वृद्धि की तुलना में कहीं अधिक है।

## खबर संक्षेप



### जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर की बिक्री में नौ फीसदी इजाफा

**नई दिल्ली।** जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया की मार्च में थोक बिक्री सालाना आधार पर नौ प्रतिशत बढ़कर 5,500 इकाई हो गई, जबकि मार्च 2024 में यह 5,050 इकाई रही थी। जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने बयान में कहा कि कंपनी के इलेक्ट्रिक वाहनों कॉमेट, जेडएस ईवी और विंडसर की कुल बिक्री में 85 प्रतिशत से अधिक की हिस्सेदारी रही। विंडसर की उसे पेश किए जाने के बाद से अब तक की सबसे अधिक मासिक बिक्री दर्ज की गई। कंपनी ने कहा कि ईवी खंड की वृद्धि से पता चलता है कि उपभोक्ताओं ने कंपनी के इलेक्ट्रिक वाहनों को काफी हद तक अपनाया है।

### रॉयल एनफील्ड की बिक्री मार्च में 34 प्रतिशत बढ़ी



**नई दिल्ली।** मध्यम आकार की मोटरसाइकिल बनाने वाली कंपनी रॉयल एनफील्ड की मार्च में कुल बिक्री 34 प्रतिशत बढ़कर 1,01,021 इकाई हो गई, जबकि पिछले साल इसी महीने में यह 75,551 इकाई रही थी।रॉयल एनफील्ड ने मंगलवार को बयान में कहा कि घरेलू बिक्री पिछले महीने 88,050 इकाई रही, जो मार्च 2024 की 66,044 इकाई से 33 प्रतिशत अधिक है। निर्यात भी 36 प्रतिशत बढ़कर 12,971 इकाई हो गया, जबकि मार्च 2024 में यह 9,507 इकाई रहा था। कंपनी के अनुसार, वित्त वर्ष 2024-25 में उसने 10 लाख इकाई का आंकड़ा पार करते हुए अपनी अब तक की सबसे अधिक वार्षिक बिक्री दर्ज की। वित्त वर्ष 2024-25 में उसकी कुल बिक्री 10,09,900 इकाई रही जो वित्त वर्ष 2023-24 की 9,12,732 इकाई से 11 प्रतिशत अधिक है।

आरबीआई की 90वीं वर्षगांठ समापन समारोह में बोले गवर्नर

# आरबीआई वित्तीय स्थिरता बनाकर विनियामक ढांचे को लचीला बनाएगा

एजेंसी ▶▶| मुंबई

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने वित्तीय स्थिरता और दक्षता के बीच संतुलन कायम करने के लिए विनियामक ढांचे को लचीला बनाने के साथ-साथ उपभोक्ता संरक्षण को मजबूत करने की केंद्रीय बैंक की प्रतिबद्धता का मंगलवार को उल्लेख किया।

■ वित्तीय स्थिरता और दक्षता के बीच संतुलन कायम किया जाएगा

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की 90वीं वर्षगांठ के समापन समारोह में उन्होंने कहा, ''इसे एक उपलब्धि समझते हुए हम मानते हैं कि आरबीआई की भूमिका प्रारंभिक लक्ष्यों से कहीं अधिक महत्वपूर्ण रूप से विस्तारित हुई है।''

### चुनौतियां तेजी से बढ़ रही

गवर्नर ने कहा, ''आज हम परंपरा व परिवर्तन के संगम पर खड़े हैं...जहां मूल्य स्थिरता, वित्तीय स्थिरता तथा आर्थिक वृद्धि की अनिवार्यताएं तेजी से बढ़ती प्रौद्योगिकी, वैश्विक अनिश्चितताओं, जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों और बढ़ती सार्वजनिक अपेक्षाओं के साथ जुड़ती हैं।''

**खास बातें**

- उपभोक्ता संरक्षण को मजबूत करने केंद्रीय बैंक प्रतिबद्ध
- आज हम परंपरा व परिवर्तन के संगम पर खड़े हैं



### अगला दशक वित्तीय ढांचे को आकार देने में महत्वपूर्ण

*गवर्नर ने कहा कि अगला दशक भारतीय अर्थव्यवस्था के वित्तीय ढांचे को आकार देने में महत्वपूर्ण साबित होगा। आरबीआई वित्तीय समावेश को बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा, हम ग्राहक सेवाओं में निरंतर सुधार तथा उपभोक्ता संरक्षण को मजबूत करने की संस्कृति को बढ़ावा देने का प्रयास करेंगे।*

### स्थिरता व दक्षता के बीच संतुलन जरूरी

*हमारा प्रयास वित्तीय स्थिरता व दक्षता के हितों को संतुलित कर हमारे नियामक ढांचे को लचीला बनाना होगा। हम प्रौद्योगिकी व नवाचार का समर्थन करना जारी रखेंगे। हम सतर्क, लचीले और दूरदर्शी बने रहेंगे।'' मल्होत्रा ने इस बात पर जोर दिया कि आरबीआई सभी हितधारकों, सरकारों और वित्तीय क्षेत्र के नियामकों के साथ प्रभावी ढंग से सहयोग करना जारी रखेगा।*

### सुधार के लिए हर संभव प्रयास

गवर्नर ने कहा कि आरबीआई वित्तीय प्रणाली में सुधार के लिए हर संभव प्रयास करेगा। इसके लिए इसकी पहुंच का विस्तार करेगा, इसकी दक्षता बढ़ाएगा और उभरते आर्थिक परिदृश्य में इसके लचीलेपन को बढ़ाएगा। गवर्नर ने कहा, ''भले ही हम नई प्रौद्योगिकियों और आधुनिक विनियामक दृष्टिकोणों को अपना रहे हों, लेकिन ईमानदारी, पारदर्शिता व सार्वजनिक सेवा के प्रति प्रतिबद्धता हमारा मार्गदर्शन करती रहेंगी।

### भारत के लोगों को बैंक पर भरोसा

भारत के लोगों का केंद्रीय बैंक पर जो भरोसा है, वह हमारी सबसे बड़ी उपलब्धि है। हम इसे बनाए रखने तथा आने वाले वर्षों में इसे और मजबूत बनाने का दृढ़ संकल्प रखते हैं।'' उन्होंने कहा कि यह संस्था राष्ट्र की है और आरबीआई लोगों, वित्तीय प्रणाली तथा अर्थव्यवस्था के हितों की पूर्ति करने के लिए संकल्प से प्रेरित होकर प्रत्येक निर्णय लेता रहेगा।

## बिजनेस साइट

# आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड ने नजफगढ़ में नए केंद्र का किया शुभारंभ

**नई दिल्ली।** देश की प्रमुख कोचिंग संस्था आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) ने दिल्ली के नजफगढ़ में एक नए केंद्र की स्थापना की है। इस केंद्र का उद्घाटन नजफगढ़ की विधायक नीलम कृष्ण पहलवान द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह नया संस्थान क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए एक महत्वपूर्ण संस्थान साबित होगा और उन्हें नीट और जेईई जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित करेगा। इस नए केंद्र के माध्यम से नजफगढ़ और आसपास के छात्रों को आकाश इंस्टीट्यूट की अनुभवी शिक्षकों की टीम, उन्नत अध्ययन सामग्री और विशेष टेस्ट सीरीज का लाभ मिलेगा। यह संस्थान अपने उच्च शैक्षणिक मानकों और बेहतरीन परीक्षा परिणामों के लिए जाना जाता है। इस अवसर पर



आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड के चीफ एकेडमिक एंड बिजनेस हेड डॉ. यशपाल ने कहा कि हम नजफगढ़ में अपने नए केंद्र के शुभारंभ को लेकर बेहद उत्साहित हैं। हमारा उद्देश्य छात्रों तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुंचाना और उन्हें प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता के लिए तैयार करना है।

# भारत की वृद्धि दर उन्नत देशों में सबसे अधिक रहेगी

**नई दिल्ली।** भारत की वृद्धि दर कर उपायों व निरंतर मौद्रिक सहजता के दम पर चालू वित्त वर्ष 2025-26 में 6.5 प्रतिशत रहेगी जो कि जी-20 देशों में सबसे अधिक होगी। साथ ही देश पूंजी आकर्षित करना जारी रखेगा और किसी भी विदेशी निकासी को झेल सकेगा। मूडीज रेटिंग्स ने उभरते बाजारों पर मंगलवार को जारी अपनी रिपोर्ट में कहा कि अमेरिकी नीतियों के मंथन तथा वैश्विक पूंजी प्रवाह, आपूर्ति श्रृंखलाओं, व्यापार व भू-राजनीति को नया आकार देने की उसकी क्षमता के कारण ऐसी अर्थव्यवस्थाओं पर अनिश्चितता के बादल मंडरा रहे हैं।




### उभरते बाजारों में वृद्धि धीमी रहेगी

रिपोर्ट में कहा गया, उभरते बाजारों की वृद्धि 2025-26 में कुल मिलाकर धीमी लेकिन दृढ़ रहेगी, जिसमें प्रत्येक देश की स्थिति के अनुरूप व्यापक अंतर होगा। एशिया-प्रशांत में वृद्धि सबसे अधिक रहेगी, लेकिन वैश्विक व्यापार में इस क्षेत्र के एकीकरण का मतलब है कि यह अमेरिकी शुल्क और वृद्धि को धीमा करने की उनकी क्षमता के प्रति सबसे अधिक संवेदनशील है।

### टीवीएस मोटर की बिक्री में 17 फीसदी का इजाफा

नई दिल्ली। टीवीएस मोटर कंपनी की मार्च में कुल बिक्री सालाना आधार पर 17 प्रतिशत बढ़कर 4,14,687 इकाई हो गई, जबकि मार्च, 2024 में यह 3,54,592 इकाई रही थी। कंपनी के बयान के अनुसार, पिछले महीने कुल दोपहिया वाहनों की बिक्री 16 प्रतिशत बढ़कर 4,00,120 इकाई हो गई, जो मार्च, 2024 में 3,44,446 इकाई रही थी।


## कार्यालय नगर पालिक निगम, रायगढ़ (छ.ग.)

क्रमांक 12/न.पा.नि./2025 रायगढ़ दिनाँक 01/04/25

**ई-प्रोक्योरमेन्ट निविदा आमंत्रण सूचना**

नगर पालिक निगम, रायगढ़ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्रं. | सि.नि.क्रं. | कार्य का विवरण | अनु. लागत राशि रू. (लाख में) | निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 166478 | Supply of Placement Labour-Un Skilled- 61 for ( Zone - 01 ) Nagar Nigam Raigarh | 78.24 | 23-04-2025 |
| 2 | 166481 | Supply of Placement Labour-Un Skilled- 61 for (Zone-02) Nagar Nigam Raigarh | 78.24 | 23-04-2025 |
| 3 | 166484 | Supply of Placement Labour - Un Skilled- 52 for (Zone-03) Nagar Nigam Raigarh | 66.69 | 23-04-2025 |
| 4 | 166490 | Supply of Placement Labour Un Skilled- 52 for (Zone-04) Nagar Nigam Raigarh | 66.69 | 23-04-2025 |
| 5 | 166491 | Supply of Placement Labour Un Skilled- 60 for (Zone-05) Nagar Nigam Raigarh | 76.95 | 23-04-2025 |
| 6 | 166492 | Supply of Placement Labour - Un Skilled- 37 for (Zone-06) Nagar Nigam Raigarh | 47.45 | 23-04-2025 |
| 7 | 166494 | Supply of Placement Labour - Un Skilled- 37 for (Zone-07) Nagar Nigam Raigarh | 47.45 | 23-04-2025 |
| 8 | 166496 | Supply of Placement Labour - Un Skilled- 25 for (Commando) Nagar Nigam Raigarh | 32.06 | 23-04-2025 |

उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेन्ट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
न.पा.नि., रायगढ़

## कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला - राजनांदगांव (छत्तीसगढ़)

क्रमांक/एन.एच.एम./संविदा भर्ती /2025/2010 राजनांदगांव दिनांक 01.04.2025

**-: संविदा भर्ती विज्ञापन सूचना :-**

जिला राजनांदगांव में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में दिये गये मानव संसाधन की स्वीकृत पद के विरूद्ध रिक्त पदों की पूर्ति हेतु इच्छुक योग्यातधारी उम्मीदवारो से ऑनलाईन आवेदन जिले के वेबसाईट rajnandgaon.gov.in के माध्यम से दिनांक 03-04-2025 से 17-04-2025 तक 05:00 बजे तक आमंत्रित है।

संविदा भर्ती विज्ञापन जिले के वेबसाईट rajnandgaon.gov.in से डाउनलोड किये जा सकते हैं।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला - राजनांदगांव (छ.ग.)

S-43410/3

## CHHATTISGARH STATE POWER GENERATION COMPANY LIMITED
(A Govt. of C.G. Undertaking)

No.: 03-03/P-I/TN-473/2025/874 dtd. 28/03/2025

**E-PROCUREMENT TENDER NOTICE No. TN-473/2025**

Online bids are invited through CSPCL e-bidding system (SAP SRM) for the supply of following item for various power stations of CSPGCL as per details given below:-

| Tender No. / Rfx no. | Description | Due date & time for submission of bid |
|---|---|---|
| 03-03/TN -473/T-(CP-566)/2025 Rfx No. :- 8100042226 (With RLA) | Procurement of cooling water chemicals for 1x500 MW Extn., Korba West thermal power stations. | 21/04/2025 At 15.00 Hrs. |

For qualifying conditions of tender and other details kindly visit our website http://cspc.co.in/cspgcl/tendernotices/central offices. The tender document can be viewed and downloaded online from SAP SRM E- Procurement Portal http://www.cspc.co.in>ebidding>ebidding web portal (OR) https://ebidding.cspcl.co.in:50724/irj/portal. Any corrigendum/amendments, if required, shall be displayed on above website only.

SAVE ELECTRICITY

EXECUTIVE DIRECTOR (S&P:GEN)
CSPGCL::RAIPUR

## छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, रायपुर

**बिजली बंद की सूचना**

समस्त सम्मानीय उच्चदाब एवं निम्नदाब उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि तिल्दा उपसंभाग के अंतर्गत आने वाले निम्नलिखित 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र बिलाड़ी में 3.15 MVA पॉवर ट्रांसफार्मर का Augumentation कर 5 MVA किया जाना प्रस्तावित है। जिस हेतु 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र बिलाड़ी से निकलने वो समस्त 11 के.व्ही. फीडरों की विद्युत आपुर्ति दिनांक 02.04.2025 दिन बुधवार प्रातः 10:00 से शाम 5:00 बजे तक प्रभावित रहेगी। जिसमें ग्राम बिलाड़ी, सरोरा, बुंदेलीडीह, सासाहोली, परसदा, ओटगन, बिनैका रोड इत्यादि ग्रामों की पंप एवं बस्ती दोनो लाईनें बंद रहेगी। आवश्यकतानुसार समय में परिवर्तन किया जा सकता है। जनहित में जारी।

| क्र. | उपकेन्द्र का नाम | फीडर/ सबस्टेशन का नाम | प्रभावित क्षेत्र का नाम |
|---|---|---|---|
| 1 | 33/11 के.व्ही. बिलाड़ी फीडर | 33/11 के.व्ही. बिलाड़ी फीडर | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र बिलाड़ी से निकलने वाले समस्त 11 के.व्ही. फीडर के उपभोक्ता एवं बिलाड़ी के आस-पास के क्षेत्र। |
| 2 | 33/11 के.व्ही. बिलाड़ी फीडर | 11 के. व्ही. ओटगन फीडर | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र बिलाड़ी से निकलने वाले समस्त 11 के.व्ही. फीडर के उपभोक्ता एवं ओटगन / बिलाड़ी, बिनैका रोड के आस-पास के क्षेत्र। |
| 3 | 33/11 के.व्ही. बिलाड़ी | 11 के.व्ही. सरोरा फीडर | 33/11 के.व्ही. बिलाड़ी से निकलने वाले समस्त 11 के.व्ही. फीडर के उपभोक्ता एवं सरोरा, बुंदेलीडीह, परसदा के आस-पास के क्षेत्र। |
| 4 | 33/11 के.व्ही. बिलाड़ी | 11 के.व्ही. सासाहोली फीडर | 33/11 के.व्ही. बिलाड़ी से निकलने वाले समस्त 11 के.व्ही. फीडर के उपभोक्ता एवं सासाहोली एवं परसदा के आस-पास के क्षेत्र। |
| 5 | 33/11 के.व्ही. बिलाड़ी | 11 के.व्ही. बिलाड़ी पंप फीडर | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र बिलाड़ी से निकलने वाले समस्त 11 के.व्ही. फीडर के उपभोक्ता। |

*विद्युत संबंधित शिकायतें केन्द्रीकृत कॉल सेन्टर के फोन नं. 1912 पर दर्ज कराऐं।*

असुविधा के लिए खेद है

*"विद्युत चोरी एक दण्डनीय अपराध हैं कृपया इससे बचे"*
*"स्वहित एवं राष्ट्र हित में उर्जा बचाइए"*

Credible Chhattisgarh
विश्वसनीय छत्तीसगढ़

( धनंजय कुमार वर्मा )
कर्मचारी संख्या - 92315604
कार्यपालन यंत्री (संचा./ संधा.) संभाग
छ.स्टे.पॉ.डि.कं.लि., रायपुर

S-43405/2

ARSH-RAHAT
आयुर्वेदिक हानिरहित बवासीर का दवा
अर्श-राहत
बवासीर की समस्त समस्याओं से 5 दिनों में छुटकारा दिलाता है व दुबारा होने से भी रोकता है।
आपरेशन के खर्च व तकलीफ से बचना चाहते हैं तो अर्श-राहत का इस्तेमाल करें
HMS देखकर खरीदें
94060-21769
JHAIGO झाईगो 5+1 Cream
चेहरे को दागों से मुक्त कर सुंदरता बढ़ाये...
तो फिर क्या.. बस इस बार झाईगो क्रीम उपयोग कर देखें।
क्या आपके... चेहरे पर झाईयां है? आंखो पर काले घेरे हैं? चेहरे पर मुहाँसे के काले निशान हैं? या जले या चोट के निशान हैं?

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311 Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411 www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समयः सुबह 9.30 से 4.30 तक

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्पलेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी
• जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
• ऑंकोलॉजी (सर्जिकल)
• गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ईरोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलबध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्घ पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

सुविधाएं : मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330 मो. 0771-4347172

डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहासें • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टैली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 7987119756, 9303508130

बांठिया हॉस्पिटल
राजा तालाब रोड, रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-2425009, 2424737
आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत हार्ट की एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी एवं सिरियस मरीजों का ईलाज




# दिग्गज खिलाड़ी वंदना कटारिया ने अंतरराष्ट्रीय हॉकी को कहा अलविदा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय महिला टीम की दिग्गज खिलाड़ी वंदना कटारिया ने मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय हॉकी को अलविदा कह दिया और कहा कि अपने 15 वर्ष के सुनहरे कैरियर के शिखर पर वह विदा ले रही हैं। भारत के लिये 320 मैच खेल चुकी 32 वर्ष की स्ट्राइकर कटारिया ने भारतीय महिला हॉकी के इतिहास में सबसे ज्यादा मैच खेले हैं । उनके नाम 158 गोल भी दर्ज हैं । कटारिया ने कहा ,'' आज भारी लेकिन कृतज्ञ मन से मैं अंतरराष्ट्रीय हॉकी से विदा ले रही हूं । यह फैसला सशक्त करने वाला और दुखी करने वाला दोनों है। मैं इसलिए नहीं हट रही हूँ क्योंकि मेरे अंदर की आग मंद पड़ गई है या मेरे भीतर हॉकी नहीं बची है बल्कि इसलिए क्योंकि मैं अपने कैरियर के शिखर पर संन्यास लेना चाहती हूं, जबकि मैं अभी भी अपने सर्वश्रेष्ठ स्तर पर हूं।''



भारतीय फॉरवर्ड खिलाड़ी **वंदना कटारिया**

- वंदना ने भारतीय महिला हॉकी के इतिहास में सबसे ज्याद मैच खेले
- भारत के लिए 320 मैच खेल चुकी 32 वर्ष की स्ट्राइकर
- कटारिया के नाम 158 गोल दर्ज है

## कोच व मेंटर्स ने मेरी हॉकी को तराशा

कटारिया ने कहा ,'' अपनी साथी खिलाड़ियों, अपनी बहनों से मैं यही कहूंगी कि आपके लगाव और विश्वास ने मुझे बल दिया । मेरे कोचों और मेंटर्स ने अपनी सूझबूझ और मुझ पर भरोसे के सहारे मेरे कैरियर को तराशा ।'' हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने पद्मश्री और अर्जुन पुरस्कार प्राप्त कटारिया के बारे में कहा ,'' वह गोल ही नहीं करती थी बल्कि भारतीय आक्रमण की धड़कन थी । अथक परिश्रम करने वाली और मोर्चे से अगुवाई करने वाली ।''

## फारवर्ड पंक्ति को धार देती थी : टिर्की

टिर्की ने कहा ,'' उसकी मौजूदगी ने भारतीय फॉरवर्ड पंक्ति को धार दी , खासकर भारी दबाव वाले मैचों में । वैश्विक स्तर पर भारतीय टीम की कामयाबी में उसका अहम योगदान रहा । उसने भावी पीढी के लिये नये मानदंड कायम किये हैं ।''

## विदाई थकान के वजह से नहीं

स्ट्राइकर ने कहा ,'' यह विदाई थकान की वजह से नहीं है । यह अंतरराष्ट्रीय मंच को अपनी शर्तों पर छोड़ने का एक विकल्प है, मेरा सिर ऊंचा रहेगा और मेरी स्टिक अभी भी आग उगल रही होगी। भीड़ की गर्जना, हर गोल का रोमांच और भारत की जर्सी पहनने का गर्व हमेशा मेरे मन में गूंजता रहेगा।''

## 2009 में सीनियर टीम में किया प्रवेश

2009 में सीनियर टीम में पदार्पण करने वाली कटारिया टोक्यो ओलंपिक 2020 में चौथे स्थान पर रही भारतीय टीम का हिस्सा थी जिसमें उन्होंने हैट्रिक भी लगाई । ऐसा करनी वाली वह पहली और इकलौती भारतीय महिला खिलाड़ी हैं ।

**टोक्यो के बारे में रोंगटे खड़े हो जाते हैं**

वंदना ने कहा ,'' टोक्यो के बारे में सोचकर अभी भी मेरे रोंगटे खड़े हो जाते हैं । वह ओलंपिक खास था और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मैच मेरे कैरियर का सबसे जज्बाती मैच था । वह हैट्रिक खास थी और उससे भी महत्वपूर्ण यह था कि हमने साबित किया था कि हम वहां तक पहुंच सकते हैं ।''

## महिला नेशंस कप विजेता टीम का हिस्सा रही

कटारिया 2016 और 2023 महिला एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी के साथ एफआईएच हॉकी महिला नेशंस कप 2022 में स्वर्ण पदक विजेता टीम का हिस्सा थी । उन्होंने 2018 एशियाई खेलों और 2018 चैम्पियंस ट्रॉफी में रजत पदक जीता । वह 2022 राष्ट्रमंडल खेल, 2014 और 2022 एशियाई खेल और 2021 . 22 एफआईएच प्रो लीग में कांस्य जीतने वाली टीम में भी थी ।

## भुवनेश्वर में भारत के लिए आखिरी मैच खेला

हरिद्वार की रहने वाली कटारिया ने फरवरी में भुवनेश्वर में एफआईएच प्रो लीग में भारत के लिये आखिरी मैच खेला । उन्होंने इंस्टाग्राम पर लिखा ,'' मेरे दिवंगत पिता मेरी चट्टान, मेरे मार्गदर्शक थे । उनके बिना मेरा सपना कभी पूरा नहीं होता । उनके बलिदानों और प्यार से मेरे खेल की नींव पड़ी । उन्होंने मुझे सपने देखने, लड़ने और जीतने के लिये मंच दिया ।''

खास खबर

## मैं हर मैच में अपने प्रदर्शन में सुधार लाना चाहता हूं: अर्शदीप



**लखनऊ।** बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने अपनी सफलता का श्रेय रचनात्मक आत्म-आलोचना को देते हुए कहा कि वह हर मैच में अपने प्रदर्शन में एक से डेढ़ प्रतिशत का सुधार करने की कोशिश करते हैं। आखिरी ओवरों के विशेषज्ञ के तौर पर तेजी से उभर रहे इस 26 साल के गेंदबाज ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मौजूदा सत्र में गुजरात टाइटंस के खिलाफ साई सुदर्शन और शेरफेन रदरफोर्ड के महत्वपूर्ण विकेट चटकाकर टीम को पहले मैच में 11 रन से जीत दिलाने में अहम भूमिका अदा की।

## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| बेंगलोर | 2 | 2 | 0 | 4 |
| पंजाब | 2 | 2 | 0 | 4 |
| दिल्ली | 2 | 2 | 0 | 4 |
| गुजरात | 2 | 1 | 1 | 2 |
| मुंबई | 3 | 1 | 2 | 2 |
| लखनऊ | 3 | 1 | 2 | 2 |
| चेन्नई | 3 | 1 | 2 | 2 |
| हैदराबाद | 3 | 1 | 2 | 2 |
| राजस्थान | 3 | 1 | 2 | 2 |
| कोलकाता | 3 | 1 | 2 | 2 |

ऑरेंज कैप



निकोलस पूरन
189 रन
लखनऊ

पर्पल कैप



नूर अहमद
09 विकेट
चेन्नई

## खबर संक्षेप



### टाइटंस का मुकाबला आज रॉयल चैलेंजर्स से

**बेंगलुरु।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू अपने घरेलू मैदान पर आईपीएल के इस सत्र का पहला मैच खेलने बुधवार को गुजरात टाइटंस के खिलाफ उतरेगी तो उसका लक्ष्य अपने गेंदबाजों के शानदार फॉर्म के दम पर जीत की हैट्रिक लगाने का होगा। आरसीबी ने कोलकाता को ईडन गार्डंस पर और चेन्नई सुपर किंग्स को चेपॉक पर हराकर शानदार शुरूआत की है। चिन्नास्वामी स्टेडियम की पिच हालांकि बल्लेबाजों की मददगार है और यहां तीन बार 260 से अधिक का स्कोर बन चुका है।

### मैनी फोर्ड की टीम के लिए रेसिंग करेंगे

**माईपाथ (जर्मनी)।** भारतीय ड्राइवर अर्जुन मैनी जर्मन टूरिंग कार रेसिंग सीरीज में अपने पांचवें साल में एचआरटी फोर्ड परफॉर्मेंस टीम के लिए रेसिंग करेंगे। पिछले साल मैनी ने ड्राइवरों की तालिका में सातवां स्थान हासिल किया था जो डीटीएम (ड्यूश टूरनवेगन मास्टर्स) करियर का सर्वश्रेष्ठ परिणाम रहा था। पिछले तीन सत्र (2021 से 2023 तक) में बेंगलुरु का यह 27 वर्षीय ड्राइवर क्रमशः 12वें, 19वें और 20वें स्थान पर रहा था। नए डीटीएम सत्र के लिए परीक्षण का आधिकारिक दिन बुधवार को मोटरस्पोर्ट एरिना ओशर्सलेबेन में होगा।



### सप्तक और थंगराज गोल्फ चैंपियनशिप में शीर्ष पर

**ग्रेटर नोएडा।** श्रीलंका के एन थंगराजा और अपने घरेलू कोर्स पर खेल रहे स्थानीय खिलाड़ी सप्तक तलवार ने मंगलवार को यहां अदानी आमंत्रण गोल्फ चैंपियनशिप के शुरुआती दौर के बाद पांच अंडर 67 का स्कोर बनाकर संयुक्त बढ़त हासिल की। डेढ़ करोड़ रुपये पुरस्कार राशि वाले इस टूर्नामें में महू के ओम प्रकाश चौहान, दिल्ली के अर्जुन प्रसाद, गुरुग्राम के सुनहित बिश्नोई और बांग्लादेश के मोहम्मद सोमरत सिकदर जेपी ग्रीन्स गोल्फ एंड स्पा रिसॉर्ट में चार अंडर 68 के एक समान स्कोर के साथ संयुक्त तीसरे स्थान पर है।

### लखनऊ ने सात विकेट खोकर 171 रन बनाए

# पंजाब किंग्स की लगातार दूसरी जीत लखनऊ को आठ विकेट से हराया

पंजाब ने मात्र दो विकेट खोकर लक्ष्य किया हासिल

प्रभसिमरन रहे प्लेयर ऑफ द मैच

एजेंसी ▶▶| लखनऊ

अर्शदीप सिंह की अगुआई में गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन के बाद प्रभसिमरन सिंह और श्रेयस अय्यर के तूफानी अर्धशतक से पंजाब किंग्स ने इंडियन प्रीमियर लीग में मंगलवार को यहां लखनऊ सुपर जाइंट्स को आठ विकेट से हराकर दो मैच में दूसरी जीत दर्ज की।

सुपर जाइंट्स के 172 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए पंजाब किंग्स ने प्रभसिमरन की 34 गेंद में तीन छक्कों और नौ चौकों से 69 रन की पारी और कप्तान श्रेयस अय्यर (52 रन, 30 गेंद, चार छक्के, तीन चौके) के साथ उनकी दूसरे विकेट की 84 रन की साझेदारी की बदौलत 16.2 ओवर में दो विकेट पर 177 रन बनाकर जीत हासिल की।

### अय्यर व वढेरा ने टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया

अय्यर ने निहाल वढेरा (नाबाद 43, 25 गेंद, चार छक्के, तीन चौके) के साथ तीसरे विकेट के लिए 67 रन की अटूट साझेदारी करके टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया। लेग स्पिनर दिग्वेश राठी सुपर जाइंट्स के सबसे सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने 30 रन देकर दो विकेट चटकाए।



### अर्शदीप ने 43 रन देकर तीन विकेट चटकाए

पंजाब किंग्स की ओर से अर्शदीप सिंह सबसे सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने 43 रन देकर तीन विकेट चटकाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरे पंजाब किंग्स के लिए प्रभसिमरन ने शारदुल ठाकुर के पहले ही ओवर में लगातार गेंदों पर चौका और छक्का मारा लेकिन प्रियांश आर्या (08) राठी की गेंद पर जीवनदान मिलने के बावजूद एक गेंद बाद शारदुल को कैच दे बैठे।



### प्रभसिमरन ने 23 गेंद में अर्धशतक किया पूरा

प्रभसिमरन ने आवेश खान पर छक्का जड़ने के बाद रवि बिश्नोई की लगातार गेंदों पर दो चौके और एक छक्का मारा और अय्यर के साथ मिलकर पावर प्ले में टीम का स्कोर एक विकेट पर 62 रन तक पहुंचाया।

### बडोनी की रही अहम भूमिका

सुपर जाइंट्स ने इससे पहले निकोलस पूरन के 44 और आयुष बडोनी के 41 रन की बदौलत सात विकेट पर 171 रन बनाए। बडोनी ने डेथ ओवरों में अब्दुल समद (27) के साथ छठे विकेट के लिए सिर्फ 21 गेंद में 47 रन जोड़कर टीम का स्कोर 170 रन के पार पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई।

### स्कोर बोर्ड

| लखनऊ सुपर जाइंट्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| एडेन मारक्रम बो फर्ग्युसन | 28 | 18 | 4 | 1 |
| मिचेल मार्श का यानसेन बो अर्शदीप | 00 | 01 | 0 | 0 |
| निकोलस पूरन का मैक्सवेल बो चहल | 44 | 30 | 5 | 2 |
| ऋषभ पंत का चहल बो मैक्सवेल | 02 | 05 | 0 | 0 |
| आयुष बडोनी का मैक्सवेल बो अर्शदीप | 41 | 33 | 1 | 3 |
| मिलर का प्रभसिमरन बो यानसेन | 19 | 18 | 3 | 0 |
| अब्दुल समद का प्रियांश बो अर्शदीप | 27 | 12 | 2 | 2 |
| शारदुल ठाकुर नाबाद | 03 | 03 | 0 | 0 |
| आवेश खान नाबाद | 00 | 00 | 0 | 0 |

अतिरिक्त: 07, कुल : 20 ओवर में सात विकेट पर: 171 रन

**गेंदबाजी :** अर्शदीप 4-0-43-3, फर्ग्युसन 3-0-26-1, मैक्सवेल 3-0-22-1, यानसेन 4-0-28-1, स्टोइनिस 2-0-15-0, चहल 4-0-36-1

| पंजाब किंग्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| प्रियांश आर्या का शारदुल बो राठी | 08 | 09 | 1 | 0 |
| प्रभसिमरन सिंह का बिश्नोई बो राठी | 69 | 34 | 9 | 3 |
| श्रेयस अय्यर नाबाद | 52 | 30 | 3 | 4 |
| निहाल वढेरा नाबाद | 43 | 25 | 3 | 4 |

अतिरिक्त: 05, कुल : 16.2 ओवर में दो विकेट पर: 177 रन

**गेंदबाजी :** शारदुल 3-0-39-0, आवेश 3-0-30-0, राठी 4-0-30-2, बिश्नोई 3-0-43-0, सिद्धार्थ 3-0-28-0, समद 0.2-0-6-0

### दक्षिण अफ्रीका के कोच वाल्टर ने दिया इस्तीफा

**जोहान्सबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका के सफेद गेंद के मुख्य कोच रॉब वाल्टर निजी कारणों से इस महीने के अंत में अपने पद से हट जाएंगे। वाल्टर ने निजी कारणों से अपना इस्तीफा दिया जिसे क्रिकेट साउथ अफ्रीका ने स्वीकार कर लिया है। मार्च 2023 से इस पद पर काबिज वाल्टर ने वैश्विक मंच पर दक्षिण अफ्रीका की हालिया सफलताओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनके मार्गदर्शन में दक्षिण अफ्रीका ने 2024 में अपने पहले आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप फाइनल में पहुंचकर इतिहास रच दिया जहां वे बारबाडोस में भारत से हारकर उपविजेता रहे।

### पुणेरी के जाने पर यूटीटी ने कोलकाता को किया शामिल

**नई दिल्ली।** अल्टीमेट टेबल टेनिस (यूटीटी) ने अगले महीने से शुरू होने वाले आगामी सत्र के लिए नई फ्रेंचाइजी कोलकाता थंडरब्लेड्स को शामिल किया है जबकि पुणेरी पल्टन के मालिक लीग से बाहर हो गए हैं। पुनीत बालन ग्रुप के स्वामित्व वाली बेंगलुरू स्मैशर्स ने पुणेरी पल्टन के बाहर होने के बाद अपना नाम बदलकर पुणे जगुआर रख लिया है। कोलकाता फ्रेंचाइजी के जुड़ने और पुणेरी पल्टन के बाहर होने के बाद टूर्नामेंट में आठ टीमें बनी रहेंगी।

### धीरे-धीरे खेल की गति से अभ्यस्त हो रहा हूं



**बेंगलुरू।** चोटों के कारण 2022 से इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से दूर रहने के लिए मजबूर होने के बाद गुजरात टाइटन्स (जीटी) के तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा धीरे धीरे खेल की गति के अभ्यस्त हो रहे हैं। जीटी के साथ अनुबंध के जरिए लीग में लौटे प्रसिद्ध ने पंजाब किंग्स के खिलाफ 41 रन लुटाए जो तीन साल बाद टूर्नामेंट में उनका पहला मैच था। हालांकि, कर्नाटक के इस खिलाड़ी ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ शानदार वापसी करते हुए चार ओवर में 18 रन देकर दो विकेट का स्पैल डाला। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ मैच की पूर्व संध्या पर प्रसिद्ध ने कहा, ''जितना मैं खुद को यह बताने की कोशिश कर रहा हूं कि यह सिर्फ एक और टूर्नामेंट है, सिर्फ एक और मैच है, उतना ही मुझे लग रहा है कि मैं कुछ साल के बाद आ रहा हूं।

विश्व मुक्केबाजी कप

## भारत की रही निराशाजनक शुरुआत, परेरा से हारा चाहर



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पहले विश्व मुक्केबाजी कप में भारत के अभियान की शुरूआत निराशाजनक रही जब लक्ष्य चाहर 80 किलोवर्ग के पहले मुकाबले में मेजबान ब्राजील के वांडरले परेरा से हार गए ।

मौजूदा राष्ट्रीय लाइट हैवीवेट चैम्पियन चाहर को प्री क्वार्टर फाइनल में पेरिस ओलंपियन और विश्व चैम्पियनशिप 2023 रजत पदक विजेता परेरा ने सर्वसम्मति से लिये गए फैसले में 5-0 से हराया । चाहर के लिये यह कठिन मुकाबला था और एक को छोड़कर सभी निर्णायकों ने ब्राजील के मुक्केबाज को 30 अंक दिये । चाहर ने 150 में से 149 अंक बनाये जबकि चाहर के 135 अंक रहे । भारत के जादूमणि सिंह एम (50 किलो), निखिल दुबे (75 किलो) और जुगनू (85 किलो) दूसरे दिन चुनौती पेश करेंगे । जादूमणि का सामना पिछले साल विश्व मुक्केबाजी कप के उपविजेता ब्रिटेन के एलिस ट्राउब्रिज से होगा । निखिल की टक्कर ब्राजील के काउ बेलिनी से होगी जबकि जुगनू फ्रांस के अब्दुलाये टी से खेलेंगे । विश्व मुक्केबाजी द्वारा आयोजित यह पहला टूर्नामेंट है । विश्व मुक्केबाजी को फरवरी में ही अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति से मान्यता मिली है ।

- चाहर 80 किलो वर्ग के पहले मुकाबले में ब्राजील के परेरा से हारा

### एलीट मुक्केबाज पहली बार उतरी

पेरिस ओलंपिक के बाद भारत के एलीट मुक्केबाज भी पहली बार प्रतियोगिता में उतरे हैं । इसमें पहली बार के विश्व मुक्केबाजी द्वारा शुरू किये गए नये भारवर्गों में खेलेंगे ।

## कोहली खेलेंगे 2027 का वनडे विश्व कप

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के बीच विराट कोहली ने फैंस और क्रिकेट प्रेमियों को बहुत बड़ी अपडेट दी है। आईपीएल का 18वां सीजन खेलने में व्यस्त विराट कोहली ने एक इवेंट के दौरान बड़ा खुलासा कर दिया है। कोहली ने 5 सेकेंड में कुछ ऐसा कह दिया जिस पर उनके फैंस को यकीन ही नहीं हो रहा है। अब विराट का यह वीडियो सोशल मीडिया पर धूम मचा रहा है। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का खिताब भारत ने जीता था। फाइनल में भारतीय टीम ने न्यूजीलैंड को 4 विकेट से मात दी थी। फैंस को डर था कि जीत के बाद कहीं रोहित शर्मा और विराट कोहली संन्यास का एलान ना कर दें। हालांकि, प्रेस कॉन्फ्रेंस के लिए आए रोहित शर्मा ने साफ कर दिया था कि मैं अभी कहीं नहीं जाने वाला। वहीं अब विराट कोहली ने ना सिर्फ संन्यास पर बल्कि वनडे विश्व कप 2027 पर भी बड़ा अपडेट दिया है। एक इवेंट के दौरान जब विराट कोहली से पूछा गया कि वर्तमान को देखते हुए, क्या आप अगले बड़े कदम के बारे में कोई संकेत दे सकते हैं? इस पर विराट कोहली ने कहा, 'अगला बड़ा कदम? मुझे नहीं पता। शायद अगला विश्व कप 2027 जीतने की कोशिश करें।' इस जवाब के साथ ही कोहली ने साफ भी कर दिया है कि विराट कोहली अभी संन्यास के बारे में विचार नहीं कर रहे हैं।

## क्लीन चिट के बाद कुहनेमन को मिला आस्ट्रेलिया का अनुबंध

संदिग्ध गेंजबाजी एक्शन की शिकायत झेलना पड़ा था मैट को

एजेंसी ▶▶| मेलबर्न

श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में 16 विकेट लेने के बाद संदिग्ध गेंदबाजी एक्शन की शिकायत झेलने वाले मैट कुहनेमन के गेंदबाजी एक्शन को हरी झंडी मिलने के बाद अब क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने 2025 . 26 के अनुबंधित खिलाड़ियों में शामिल किया है। कुहनेमन को श्रीलंका में फरवरी में श्रृंखला में प्लेयर आफ द सीरिज चुना गया था।

कुहनेमन ने पांच टेस्ट में 25 विकेट लिये हैं जिसमें दो बार पारी के पांच विकेट शामिल है । उन्हें श्रीलंका दौरे के बाद गेंदबाजी एक्शन की जांच से गुजरना पड़ा और आईसीसी की जांच में उन्हें क्लीन चिट मिल गई है । आस्ट्रेलियाई चयन समिति के प्रमुख जॉर्ज बेली ने कहा कि कुहनेमन ने श्रीलंका में शानदार प्रदर्शन किया और आगे भी वह इसे बरकरार रख सकते हैं ।भारत के खिलाफ बॉक्सिंग डे टेस्ट में पदार्पण करने वाले सैम कोंस्टास को भी अनुबंध दिया गया है । कोंस्टास ने मेलबर्न टेस्ट में 60 रन बनाकर आस्ट्रेलिया की जीत में अहम भूमिका निभाई थी ।



### अनुबंधित खिलाड़ियों की सूची

पैट कमिंस, नाथन एलिस, कैमरन ग्रीन, जोश हेजलवुड, ट्रेविस हेड, जोश इंगलिस, उस्मान ख्वाजा, सैम कोंस्टास, मैथ्यू कुहनेमन, मार्नस लाबुशेन, नाथन लियोन, मिचेल मार्श, ग्लेन मैक्सवेल, लांस मौरिस, मैट शॉर्ट, स्टीव स्मिथ, मिचेल स्टार्क, ब्यू वेबस्टर, एडम जम्पा ।

### पंजाब के इस तेज गेंदबाज ने कोलकाता के चार विकेट चटकाए

# अश्वनी ने आईपीएल में पदार्पण का श्रेय कप्तान हार्दिक को दिया

एजेंसी ▶▶| मुंबई

मुंबई इंडियंस के नये खिलाड़ी अश्वनी कुमार ने मंगलवार को कहा कि कप्तान हार्दिक पंड्या ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में पदार्पण से पहले उन्हें यह याद दिलाकर उनकी घबराहट दूर कर दी कि 'पंजाबी निडर हैं' और उन्हें बस मैदान पर जाकर प्रतिद्वंद्वी टीम में खौफ पैदा करना चाहिए।

पंजाब के झंजेरी के इस 23 वर्षीय वामहस्त तेज गेंदबाज ने कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ सोमवार को 24 रन देकर चार विकेट झटककर टीम को आसान जीत दिलाने में अहम भूमिका अदा की। वह इसके साथ ही आईपीएल में अपने पहले मैच में चार विकेट लेने वाले पहले भारतीय बन गए।



### पहली ही गेंद पर लिया विकेट

वह पिछले 10 साल में आईपीएल में अपनी पहली ही गेंद पर विकेट लेने वाले पहले भारतीय गेंदबाज भी बन गए। उन्होंने अपनी पहली गेंद पर केकेआर के कप्तान अजिंक्य रहाणे को तिलक वर्मा के हाथों कैच कराया। गेंदबाजी कोच पारस महाम्ब्रे अश्वनी के धैर्य से काफी प्रभावित हुए।

### घबराहट के कारण दोपहर का खाना नहीं खाया

अश्वनी ने मैच के पहले घबराहट के कारण दोपहर का खाना नहीं खाया था और सिर्फ केला खाकर मैदान पर उतरे थे। उन्होंने खुद को सहज कराने का श्रेय अपने कप्तान को दिया। अश्वनी ने 'आईपीएलटी20डॉट कॉम से कहा, ''यह बहुत अच्छा अहसास है। मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं इतना अच्छा प्रदर्शन करूंगा। हार्दिक भाई ने मुझसे कहा, 'तुम पंजाब से हो और पंजाबी निडर होते हैं, इसलिए प्रतिद्वंद्वी खिलाड़ियों को डराओ और इसका मजा लो।''

### मेरा पसंदीदी विकेट रसेल का रहा

अश्वनी ने कहा, '' मनीष पांडे ने मेरे खिलाफ चौका जड़ा था। हार्दिक ने मुझे बल्लेबाज की शरीर के पास गेंदबाजी करने की सलाह दी थी। मेरा पसंदीदा विकेट आंद्रे रसेल का था क्योंकि वह बहुत बड़े खिलाड़ी है। हार्दिक भाई ने मुझे बेखौफ होकर खेलने की सलाह दी थी इसलिए मैंने अपनी योजना के साथ गेंदबाजी जारी रखी।'' अश्वनी की सफलता से उनके परिवार और दोस्त भी बहुत खुश हैं।

### मेरा पूरा गांव बहुत खुश है

अश्वनी ने कहा, ''मेरा पूरा गांव बहुत खुश है क्योंकि मुंबई सबसे अच्छी टीम है और इसमें कई बड़े खिलाड़ी हैं।''अश्वनी आईपीएल में मुंबई इंडियंस द्वारा खोजी गई युवा भारतीय प्रतिभाओं की लंबी और शानदार सूची में शामिल हो गए हैं। इसमें जसप्रीत बुमराह, हार्दिक पंड्या, क्रुणाल पंड्या और तिलक वर्मा जैसे खिलाड़ी शामिल हैं।

# तिरंगे को देखकर अचानक रुक गए चिली के राष्ट्रपति

## हैदराबाद हाउस में पीएम मोदी से पूछा अशोक चक्र का मतलब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

चिली के राष्ट्रपति गेब्रियल बोरिक फॉन्ट भारत दौरे पर हैं। मंगलवार को उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से हैदराबाद हाउस में मुलाकात की। इस दौरान चिली के राष्ट्रपति प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भारतीय ध्वज में अशोक चक्र के बारे में पूछने के लिए रुक गए। हैदराबाद हाउस में चर्चा कक्ष में जाते समय चिली के राष्ट्रपति भारतीय ध्वज के पास खड़े थे और प्रधानमंत्री मोदी उन्हें अशोक चक्र का मतलब समझाते हुए नजर आए।

### यह है तिरंगे की खासियत

भारत का राष्ट्रीय ध्वज एक तिरंगा है जिसमें सबसे ऊपर गहरा केसरिया (केसरी), बीच में सफ़ेद और नीचे गहरा हरा रंग बराबर अनुपात में है। ध्वज की चौड़ाई और लंबाई का अनुपात दो से तीन है। सफ़ेद पट्टी के बीच में एक नेवी ब्लू रंग का चक्र है जो अशोक चक्र को दर्शाता है। इसका डिजाइन अशोक के सारनाथ सिंह स्तंभ के स्तंभ पर दिखने वाले चक्र जैसा है। इसका डायामीटर सफ़ेद पट्टी की चौड़ाई के लगभग बराबर है और इसमें 24 तीलियां हैं। भारत के राष्ट्रीय ध्वज में सबसे ऊपर की पट्टी केसरिया रंग की है, जो देश की ताकत और साहस को दर्शाती है। बीच की सफेद पट्टी धर्म चक्र के साथ शांति और सत्य को दर्शाती है। आखिरी पट्टी हरे रंग की है जो भूमि की उर्वरता, वृद्धि और शुभता को दर्शाती है। यह धर्म चक्र तीसरी शताब्दी ईसा पूर्व मौर्य सम्राट अशोक द्वारा बनाए गए सारनाथ सिंह स्तंभ में 'कानून के चक्र' को दर्शाता है। चक्र यह दिखाने का इरादा रखता है कि गति में जीवन है और ठहराव में मृत्यु है।

### हैदराबाद हाउस में हुई दोनों नेताओं की मीटिंग



### दोनों शीर्ष नेताओं के बीच अहम मुद्दों पर चर्चा

पीएम मोदी और गेब्रियल फॉन्ट ने आपसी हित के वैश्विक मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान किया। जारी बयान में कहा गया, "पीएम नरेंद्र मोदी और चिली के राष्ट्रपति गेब्रियल बोरिक फॉन्ट ने आज हैदराबाद हाउस में व्यापक चर्चा की। दोनों नेताओं ने व्यापार, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, महत्वपूर्ण खनिजों, स्वास्थ्य, कृषि, जलवायु परिवर्तन और लोगों के बीच संबंधों में भारत-चिली संबंधों को और गहरा करने के लिए सीईपीए वार्ता शुरू करने का स्वागत किया। उन्होंने आपसी हित के वैश्विक मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया।'

#### चिली को प्रवेश द्वार के तौर पर देखता है भारत : मोदी

दोनों देशों के बीच शीर्ष नेतृत्व स्तर की बातचीत के बाद मीडिया से बात करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि 'आज हमारी टीमों ने व्यापक आर्थिक साझेदारी की दिशा में बातचीत की शुरुआत की है। दोनों देशों के बीच महत्वपूर्ण खनिजों के क्षेत्र में साझेदारी की संभावनाएं भी तलाशी जाएंगी।' पीएम मोदी ने लैटिन अमेरिका में चिली को भारत का महत्वपूर्ण साझेदार बताया और कहा कि भारत, चिली को अंटार्कटिका के प्रवेश द्वार के तौर पर देखता है। भारत, चिली के साथ डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर, अक्ष ऊर्जा, रेलवे, अंतरिक्ष और अन्य क्षेत्रों में अपना सकारात्मक अनुभव साझा करने के लिए तैयार है।

#### सुरक्षा परिषद में भारत की स्थायी सदस्यता का करते हैं समर्थन : बोरिक

वहीं चिली के राष्ट्रपति बोरिक ने कहा कि 'दोनों देशों के बीच सहयोग की काफी संभावनाएं हैं। हम भारत के ऑडियो विजुअल उद्योग को चिली ले जाना चाहते हैं। इसके लिए हमने शूट इन चिली कार्यक्रम की शुरुआत की है। बॉलीवुड के जरिए भारत ने जो किया है वो काबिले तारीफ है। हम भारत की संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थायी सदस्यता का भी समर्थन करते हैं, साथ ही सुरक्षा परिषद में सुधार का भी समर्थन करते हैं।'

## खबर संक्षेप

### देश में अब केवल छह नक्सल प्रभावित जिले



**नई दिल्ली।** होम मिनिस्टर अमित शाह ने बड़ा ऐलान किया है। उन्होंने मंगलवार को बताया कि देश में नक्सल प्रभावित जिलों की संख्या 6 ही रह गई है। पहले यह आंकड़ा 12 का था, लेकिन बीते कुछ महीनों में जिस तरह से नक्सलवाद के खिलाफ सरकार ने अभियान छेड़ा है, उससे राहत मिली है। अब देश के 6 जिले ही नक्सल प्रभावित बचे हैं। अमित शाह ने एक बार फिर से संकल्प दोहराया है कि 31 मार्च 2026 तक देश पूरी तरह से नक्सल मुक्त हो जाएगा। उन्होंने एक्स पर लिखा कि मोदी सरकार सशक्त, सुरक्षित और समृद्ध भारत बना रही है।

### अलाहबादिया को नहीं मिलेगा पासपोर्ट



**नई दिल्ली।** इंडियाज गॉट लेटेंट विवाद में पॉडकास्टर रणवीर अलाहबादिया की याचिका पर मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। रणवीर ने अपने खिलाफ दर्ज अलग-अलग एफआईआर को एक जगह क्लब करने की मांग की थी। इस पर जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की बेंच ने सुनवाई की। अलाहबादिया की तरफ से वकील अभिनव चंद्रचूड़ कोर्ट में उनका पक्ष रखा। चंद्रचूड़ ने कोर्ट से उनका पासपोर्ट जमा करने से जुड़ी शर्त में छूट देने की मांग की।

### इमरान दूसरी बार नोबेल पीस प्राइज के लिए नॉमिनेट



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को एक बार फिर नोबेल पीस प्राइज के लिए नॉमिनेट किया गया है। पाकिस्तान में मानवाधिकारों और लोकतंत्र को बढ़ावा देने के लिए इमरान खान का नामांकन किया गया है। नॉर्वे की राजनीतिक पार्टी पार्टियेट सेंट्रम से जुड़े पाकिस्तान वर्ल्ड अलायंस (पीडब्लूए) ने इसकी घोषणा की है। ये नॉमिनेशन ऐसे समय में आया है जब इमरान खान राष्ट्रीय खजाने में गड़बड़ी करने के आरोप में 2023 से जेल में बंद हैं।

### भारत, चीन ने किया बधाई संदेशों का आदान-प्रदान

**बीजिंग।** पूर्वी लद्दाख में सैन्य गतिरोध के कारण चार साल से अधिक समय तक रिश्तों में आई कड़वाहट को कम करने के प्रयासों के बीच भारत तथा चीन के नेताओं ने मंगलवार को द्विपक्षीय संबंधों की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर बधाई संदेशों का आदान-प्रदान किया। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गुओ जियाकुन ने बीजिंग में संवाददाता सम्मेलन में कहा, ''आज भारत और चीन के बीच राजनयिक संबंधों की 75वीं वर्षगांठ है।' चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अलावा चीनी प्रधानमंत्री ली क्विंग और पीएम नरेन्द्र मोदी ने बधाई संदेशों का आदान-प्रदान किया।

## भारत सरकार के दो विभागों के पास हैं सर्वाधिक मालिकाना हक

# देशभर में 9.4 लाख एकड़ जमीन, वक्फ बोर्ड है भारत का तीसरा सबसे बड़ा भूस्वामी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वक्फ संशोधन बिल को लेकर देशभर में चर्चा सरगर्म है। क्या आप जानते हैं कि भारत में सबसे ज्यादा जमीन का मालिक कौन है? निसंदेह पहले नंबर पर भारत सरकार आती है। सरकार के दो मंत्रालय भारतीय रेलवे और रक्षा मंत्रालय सबसे ज्यादा जमीनों का मालिकाना हक रखते हैं। सरकार के अलावा सबसे बड़ा भू स्वामी वक्फ बोर्ड है। इसके बाद कैथोलिक चर्च ऑफ इंडिया आता है। इन दोनों के पास देश में बहुत सारी संपत्तियां हैं। अगर कुल क्षेत्रफल की बात की जाए तो वक्फ बोर्ड के पास ज्यादा जमीन होने के आंकड़े मौजूद हैं। वक्फ बोर्ड के पास देश भर में 9.4 लाख एकड़ जमीन है। वहीं, कैथोलिक चर्च ऑफ इंडिया के पास दो से तीन लाख एकड़ जमीन है।

### कैथोलिक चर्च ऑफ इंडिया के पास है करीब 3 लाख एकड़ जमीन

### वक्फ बोर्ड की संपत्ति का बाजार मूल्य 1.2 लाख करोड़ जबकि चर्च का एक लाख करोड़ रुपये से अधिक अनुमानित

#### वक्फ बोर्ड के पास जमीन

वक्फ बोर्ड भारत में तीसरा सबसे बड़ा भूस्वामी माना जाता है। वक्फ असेट मैनेजमेंट सिस्टम ऑफ इंडिया (डब्लूएएमएसआई) के अनुसार, दिसंबर 2022 तक वक्फ बोर्ड के पास लगभग 8.72 लाख अचल संपत्तियां दर्ज थीं। विभिन्न रिपोर्ट्स के मुताबिक, वक्फ के पास कुल जमीन 9.4 लाख एकड़ से अधिक होने का अनुमान है। यह आंकड़ा समय के साथ बढ़ता रहा है, क्योंकि 2009 में यह लगभग 4 लाख एकड़ था। वक्फ की संपत्तियों में मस्जिदें, मदरसे, कब्रिस्तान, अन्य धार्मिक और सामुदायिक उपयोग की जमीनें शामिल हैं।




**ईसाई चर्च के पास जमीन :** ईसाई चर्च, खासकर कैथोलिक चर्च ऑफ इंडिया, भारत में दूसरा सबसे बड़ा गैर-सरकारी भूस्वामी माना जाता है। हालांकि इसके पास मौजूद जमीन का सटीक आधिकारिक आंकड़ा सार्वजनिक रूप से कम उपलब्ध है। कुछ अनुमानों के आधार पर यह कहा जाता है कि कैथोलिक चर्च के पास देश भर में 14,429 स्कूल-कॉलेज, 1,086 ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट, 1,826 अस्पताल और डिस्पेंसरी संचालित करने वाली संपत्तियां हैं। ब्रिटिश शासन के दौरान चर्च को सस्ती दरों पर जमीनें पट्टे पर दी गई थीं, जिसके चलते इसकी संपत्ति में वृद्धि हुई।

#### वक्फ के पास कहां से आईं इतनी जमीनें

वक्फ इस्लामी कानून (शरीयत) से लिया गया एक सिद्धांत है, जिसमें कोई व्यक्ति अपनी संपत्ति को धर्मार्थ, सामुदायिक या धार्मिक उद्देश्यों के लिए हमेशा के लिए दान कर देता है। यह संपत्ति फिर व्यक्तिगत स्वामित्व से बाहर होकर 'अल्लाह की संपत्ति' मानी जाती है। मुस्लिम शासकों के आगमन के साथ, खासकर सल्तनत और मुगल काल में, वक्फ की प्रथा भारत में शुरू हुई। अंग्रेजों ने वक्फ संपत्तियों को कानूनी रूप देने के लिए 1913 में एक वक्फ एक्ट पारित किया।

#### वक्फ की कानूनी शक्ति को लेकर विवाद

वक्फ बोर्ड को विशेष अधिकार प्राप्त हैं, जैसे कि अगर यह साबित हो कि यह जमीन कभी वक्फ के लिए दान की गई थी तो वो उस संपत्ति को 'वक्फ संपत्ति' घोषित कर सकता है। इस प्रावधान का कई बार विवादास्पद इस्तेमाल हुआ, जिसके चलते वक्फ की जमीनों की संख्या बढ़ी. इसे लेकर विवाद भी हुए। जैसे तमिलनाडु में एक पूरा गांव (शिवगंगा जिले का तिरुपट्टूर) और बेंगलुरु के पास 1,200 एकड़ जमीन पर वक्फ ने दावा किया।

#### चर्च को किसने दीं जमीनें

चर्च के पास जमीनें मुख्य रूप से औपनिवेशिक काल में ब्रिटिश सरकार के पट्टों, मिशनरी गतिविधियों, स्थानीय दान, और स्वतंत्रता के बाद कानूनी संरक्षण के जरिए आईं. भारत में कैथोलिक चर्च के पास बड़ी मात्रा में जमीन होना ऐतिहासिक, औपनिवेशिक और सामाजिक कारकों का परिणाम है। भारत में ईसाई धर्म का प्रसार पुर्तगालियों के साथ शुरू हुआ, जब वास्को डी गामा 1498 में केरल पहुंचे। पुर्तगाली शासकों ने गोवा, दमन और दीव जैसे क्षेत्रों में चर्च की स्थापना के लिए जमीनें दीं। गोवा में आज भी कई पुराने चर्च और मठ इस दौर की देन हैं।

## कठुआ में छिपे आतंकवादियों की चल रही तलाश, सुरक्षाबलों के बीच हुई थी गोलीबारी



एजेंसी ▶▶| जम्मू

कठुआ में तीन आतंकवादियों को पकड़ने के लिए कई एजेंसियों ने एक साथ मंगलवार को फिर से अभियान शुरू किया। पंजतीर्थी-बरोटा में सोमवार रात हुई मुठभेड़ के बाद आतंकवादियों के जंगल में छिपे होने की आशंका है। घटना के बाद इलाके को घेर लिया गया है। अधिकारियों ने बताया कि ऐसा माना जा रहा है कि ये आतंकवादी उसी समूह का हिस्सा हैं जिनकी 23 मार्च को अंतरराष्ट्रीय सीमा के निकट नर्सरी क्षेत्र में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ हुई थी। ये सभी आतंकवादी मौके से भाग निकले थे। इस घटना के चार दिन बाद कठुआ की सान्याल सीमा से लगे जंगल में सुरक्षा बलों की फिर इनके साथ मुठभेड़ हुई जिसमें दो आतंकवादी मारे गए और बाकी फिर भाग निकले। इस मुठभेड़ में चार पुलिसकर्मियों की जान गई थी और तीन अन्य घायल हो गए थे।

#### सेना की 'राइजिंग स्टार कोर'

सेना के 'राइजिंग स्टार कोर' ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर जानकारी दी, 'मंगलवार सुबह की पहली किरण के साथ ही तलाश अभियान शुरू कर दिया गया अभियान जारी है। खुफिया सूचनाओं के आधार पर भारतीय सेना, पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) ने पंजतीर्थी कठुआ में मोर्चा संभाल लिया है। 31 मार्च की रात को संदिग्ध गतिविधि देखी गई, जिसके बाद गोलीबारी हुई थी।'

## बिहू उत्सव की तैयारी...



गुवाहाटी। असम की राजधानी गुवाहटी में मंगलवार को रोंगाली बिहू उत्सव से पहले पब गुवाहाटी बिहू संमिलन द्वारा आयोजित बिहू नृत्य और ढोल बदन कार्यशाला में भाग लेते हुए कलाकार।

## मथुरा-काशी पर आरएसएस का बड़ा बयान

# कार्यकर्ता चाहें तो करें आंदोलन संघ उन्हें नहीं रोक रहा : होसबोले

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आरएसएस सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले ने कहा है कि मथुरा और काशी को लेकर संघ का कोई प्लान नहीं है। लेकिन अगर कार्यकर्ता चाहें तो वे आंदोलन कर सकते हैं। ऐसे कार्यकर्ताओं को संगठन नहीं रोकेगा। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के महासचिव दत्तात्रेय होसबोले ने स्पष्ट किया है कि अगर संगठन के सदस्य मथुरा में कृष्ण जन्मभूमि और काशी विश्वनाथ-ज्ञानवापी विवाद से संबंधित प्रयासों में भाग लेते हैं तो संगठन को कोई आपत्ति नहीं होगी। हालांकि उन्होंने सभी मस्जिदों को निशाना बनाकर बड़े पैमाने पर किए जाने वाले प्रयासों के खिलाफ चेतावनी दी और सामाजिक कलह से बचने की आवश्यकता पर बल दिया।



#### कन्नड़ पत्रिका से चर्चा

एक कन्नड पत्रिका से बातचीत के दौरान उनसे पूछा गया कि संघ के काम से प्रेरित होकर बहुत से लोग मस्जिदों और खंडहरों के नीचे मंदिर खोज रहे हैं, और इन मामलों को उसी तरह सुलझाने की कोशिश कर रहे हैं जिस तरह राम जन्मभूमि मामले को सुलझाया गया था। क्या संघ ऐसे प्रयासों का समर्थन करता है? क्या वह तटस्थ रहेगा? या उनका विरोध करेगा?

### इधर, वर्शिप एक्ट को चुनौती देने वाली याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को 'पूजा स्थल (विशेष प्रावधान) अधिनियम, 1991' को चुनौती देने वाली एक नई याचिका को खारिज कर दिया। शीर्ष अदालत ने कहा कि वह एक ही मुद्दे पर बार-बार याचिकाओं को स्वीकार नहीं करेगी। मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने याचिकाकर्ता को फटकार लगाते हुए कहा, 'यह वही याचिका है। बार-बार याचिकाएं और आवेदन दाखिल करना बंद करें।' हालांकि, अदालत ने याचिकाकर्ता नितिन उपाध्याय को यह स्वतंत्रता दी कि यदि उनके पास नए कानूनी आधार हैं, तो वे पहले से लंबित मामलों में आवेदन दाखिल कर सकते हैं। बता दें कि यह अधिनियम 15 अगस्त 1947 को मौजूद धार्मिक स्थलों के चरित्र को संरक्षित करने का प्रावधान करता है।

## पीएम मोदी की रिटायरमेंट चर्चा के बीच अपनी संभावनाओं पर यूपी सीएम ने कहा

# 'राजनीति फुलटाइम जॉब नहीं, वास्तव में हूं तो एक योगी'

### एक न्यूज एजेंसी से की कई अहम विषयों पर विस्तार से चर्चा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री पद की उम्मीदवारी और अपनी राजनीतिक महात्वाकांक्षाओं पर जवाब दिया है। उनका ये जवाब तब आया है जब पिछले दो दिनों से पीएम मोदी की रिटायरमेंट की चर्चाएं चल रही थीं। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वह वह राजनीति को अपना पूर्णकालिक काम नहीं मानते हैं। योगी ने ने समाचार एजेंसी पीटीआई के साथ अपनी राजनीतिक पारी, बीजेपी में उत्तराधिकारी और उत्तर प्रदेश की दशा-दिशा के बारे में लंबी बातचीत की है। आदित्यनाथ से पूछा गया- आरएसएस आपको पसंद करती है, मोदी आपको पसंद करते हैं, इस देश का एक बहुत बड़ा तबका आपको प्रधानमंत्री के रूप में देखना चाहता है, तो इसके बारे में क्या कहेंगे आप? इस पर योगी ने कहा, 'देखिए मैं यूपी का मुख्यमंत्री हूं, उत्तर प्रदेश की जनता के लिए पार्टी ने मुझे यहां लगाया है, और राजनीति मेरे लिए एक फुलटाइम जॉब नहीं है, ठीक है इस समय हम यहां काम कर रहे हैं, लेकिन मैं वास्तव में हूं तो एक योगी।' अपने भविष्य की राजनीतिक संभावनाओं को खुला रखते हुए उन्होंने कहा, 'हम लोग जिस समय तक हैं।.. हैं। काम कर रहे हैं। इसकी भी एक समय सीमा होगी।' योगी आदित्यनाथ की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब पीएम मोदी के उत्तराधिकारी के बारे में चर्चा जोर पकड़ रही है।

### संजय राउत की टिप्पणी से शुरू हुई चर्चा

शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने दावा किया कि नरेंद्र मोदी अपना रिटायरमेंट एप्लीकेशन देने संघ मुख्यालय गए थे। राउत का दावा था कि आरएसएस अब राष्ट्रीय स्तर पर नेतृत्व में बदलाव चाहती है। संघ ही अब अगले प्रधानमंत्री का चुनाव करेगा और वह महाराष्ट्र से होगा।

#### भाजपा में रिटायरमेंट की उम्र

राउत ने ये कहकर इस चर्चे को और भी हवा दे दी कि पीएम मोदी को '75 वर्ष वाला नियम' याद दिला दिया गया है। बता दें कि ये बीजेपी के नेताओं की सेवानिवृति की उम्र है और सीनियर बीजेपी नेताओं ने इसका पालन किया है। पीएम मोदी अभी अपने तीसरे कार्यकाल में हैं और इस सितंबर में वह 75 साल के हो जाएंगे। हालांकि बीजेपी और आरएसएस दोनों ने ही ऐसी किसी भी संभावना को सिरे से खारिज किया है। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने तो यहां तक कहा कि '2029 में हम मोदी जी को फिर से प्रधानमंत्री के रूप में देंखेगे। जब भाजपा आलाकमान से कथित मतभेदों के बारे में सीएम योगी से सवाल पूछा गया तो उन्होंने इसे पूरी तरह से खारिज कर दिया।

**इंडियन म्यूजियम को बम से उड़ाने की धमकी :** कोलकाता। कोलकाता पुलिस को भारतीय संग्रहालय को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। पुलिस ने बताया कि उन्हें 'टेरराइजर्स 111' नामक एक समूह से मेल मिला है। बम निरोधक दस्ता स्थान पर पहुंच गया और संग्रहालय में आगंतुकों का प्रवेश अगले कुछ घंटों के लिए प्रतिबंधित कर दिया गया है।

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
कानों की रिशेपिंग



जन्मजात, दुर्घटना या अन्य कारणों से कटे या टेढ़े-मेढ़े कानों की रिशेपिंग
पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

(NABH से मान्यता प्राप्त) सुयश हॉस्पिटल
माता-पिता बनने का अनमोल अहसास
- स्त्री एवं पुरूष बांझपन की संपूर्ण जांच एवं इलाज
- नि:संतान दंपत्तियों हेतु आधुनिक पध्दति से उपचार
- अण्डाणु बनने की प्रक्रिया की जांच
- हार्मोनल समस्या का ईलाज (PCOD)
- बढ़ती उम्र की वजह से नि:संतानता का इलाज
- फेलोपियन ट्यूब बंद का इलाज
- ब्लास्टोसिस्ट ट्रांसफर की सुविधा
- बार-बार गर्भपात की जांच एवं सफल इलाज
- गर्भ संस्कार पर आधारित इलाज

संपूर्ण जांच एवं इलाज के लिए विश्वसनीय डॉक्टरों की टीम



97551 62611
कोटा-गुढ़ियारी रोड, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com